रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,424.68 -12.16
डॉलर 83.843 -0.032
रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,820
01 किलो 91,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 01, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 20 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 198, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज-10 मोहम्मद शमी की रणजी ट्रॉफी में...




### गोमिया विधायक लंबोदर महतो के पुत्र ने पर्वतारोहण की दुनिया में झारखंड का नाम किया रोशन

## शशि शेखर ने माउंट एल्ब्रुस पर फहराया तिरंगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पर्वतारोही शशि शेखर ने विगत 17 अगस्त को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी, माउंट एल्ब्रुस (5,642 मीटर) पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा फहराया। रूस के कॉकस पर्वत श्रृंखला में स्थित इस पर्वत पर चढ़ाई कर उन्होंने एक नई उपलब्धि हासिल की और झारखंड का नाम रोशन किया। शशि शेखर झारखंड के गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ लंबोदर महतो के पुत्र हैं। शशि शेखर ने अपना अभियान 13 अगस्त को रांची की एडवेंचर कंपनी लंबादा एडवेंचर्स के साथ शुरू किया। इसकी शुरुआत ट्रेक्सोल से हुई, जहां से वे आगे गारबशी (3,800 मीटर) में रुककर अपनी एक्लिमेटाइजेशन पूरी की और फिर मारिया शेल्टर (4,200 मीटर) तक का सफर किया। वहां उन्होंने मौसम साफ होने का इंतजार किया और 17 अगस्त को समिट पुश के लिए निकल पड़े। हालांकि, उस दिन भी तेज हवा चल रही थी, इसके बावजूद वे 17 अगस्त की सुबह करीब 8:00 बजे समिट (पर्वत की चोटी) पर पहुंच गए।

शशि शेखर ने इस साहसिक यात्रा के दौरान अपनी शारीरिक और मानसिक ताकत को परखा और पर्वतारोहण के प्रति अपने समर्पण को साबित किया। माउंट एल्ब्रुस पर चढ़ाई के लिए उन्होंने 4-5 दिनों की योजना बनाई, जिसमें प्रशिक्षण, राशन और मौसम की तैयारी शामिल थी। कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए उन्होंने अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा फहराया। शशि शेखर की माउंटेनियरिंग का सफर प्रेरणादायक है। उनके पूर्व की उपलब्धियों में विश्व की सबसे ऊंची छोटी माउंट एवरेस्ट के बालकनी (8430 मीटर/27,657 फीट) तक का सफर, नेपाल स्थित माउंट लोबुचे (6,199 मीटर/20,075 फीट) पर झंडा लहराना और माउंट मनिरंग (5758 मीटर/19000 फीट) के समिट कैंप तक का अभियान शामिल है। शशि शेखर ने इस उपलब्धि को अपने पिता डॉ लंबोदर महतो व गोमिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों को समर्पित किया, जिनके समर्थन और प्रेरणा ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शशि शेखर ने कहा, मेरे पिता की अथक मेहनत और उनके काम से प्रेरित होकर मैंने यह उपलब्धि हासिल की है। उनका समर्थन और समर्पण मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपने पर्वतारोहण के सफर की शुरुआत बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स (बीएमसी) से की, जहां उन्हें एनआईएमएएस द्वारा अरुणाचल प्रदेश के 16,500 फीट गोरीचेन ग्लेशियर में माउंटेनियरिंग ट्रेनिंग प्राप्त हुई। इसके बाद, उन्होंने दार्जिलिंग में स्थित हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट से एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स (एएमसी) की ट्रेनिंग पूरी की और 17,600 फीट स्थित कब्रू साउथ कैंप तक का सफर किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने एनआईएमएएस अरुणाचल प्रदेश से सर्च एंड रेस्क्यू कोर्स पूरा किया, जिसमें उन्होंने विषम परिस्थिति में खुद को और दूसरों को रेस्क्यू करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस उपलब्धि ने न केवल शशि शेखर की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को पूरा किया, बल्कि झारखंड में पर्वतारोहण की दुनिया में एक नई मिसाल स्थापित की। उनके इस साहसिक प्रयास ने यह भी दर्शाया कि सही तैयारी, समर्पण और दृढ़ निश्चय के साथ किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

### पूर्वी सिंहभूम में रसगुल्ले ने ले ली नाबालिग की जान

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के गालूडीह थाना क्षेत्र के पाटमहुलिया में एक रसगुल्ले ने संजीत सिंह के इकलौते पुत्र अमित सिंह (15) की जान ले ली। इस संबंध में परिजनों का कहना है कि अमित सिंह बेड पर लेटकर मोबाइल देख रहा था और लेटे ही लेटे उसने रसगुल्ला खा लिया। इससे रसगुल्ला उसके गले में अटक गया और उसकी सांस थम गई। हालांकि, युवक दौड़ते हुए घर से बाहर निकला। उसकी हालत देखकर घर के बाहर बैठे उसके चाचा दौड़े और उसके मुंह में हाथ डालकर आधा रसगुल्ला बाहर निकाला, लेकिन आधा रसगुल्ला गले में अटका ही रह गया।

### पूर्व थलसेनाध्यक्ष जनरल पद्मनाभन का चेन्नई में निधन

**नई दिल्ली।** देश को 43 वर्षों तक सेवाएं देने वाले भारतीय सेना के 20वें प्रमुख जनरल सुंदरराजन पद्मनाभन का 83 वर्ष की उम्र में सोमवार को चेन्नई में निधन हो गया। वह 30 सितंबर, 2000 से 31 दिसंबर, 2002 तक थल सेनाध्यक्ष रहे। अपने सैन्य साथियों के बीच जनरल पद्मनाभन की पहचान पैडी के नाम से थी। लंबे और शानदार करियर के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक से भी सम्मानित किया गया था।



### मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

## माताओं-बहनों के अधिकार के लिए लड़ता रहूंगा : हेमंत

**सीएम सोरेन ने सोशल मीडिया पर गिनाईं सरकार की उपलब्धियां**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमत सोरेन ने भाई-बहन के अटूट प्यार, स्नेह एवं विश्वास के पावन त्योहार रक्षाबंधन के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने एक्स हैंडल पर किए पोस्ट में लिखा है कि राज्य की आधी आबादी को हक-अधिकार और सम्मान देने के लिए आपके इस भाई और बेटे तथा झारखंड सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में कई ऐतिहासिक योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने पोस्ट में लिखा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) के अंतर्गत राज्य की 48 लाख से अधिक बहनों को हर साल 12 हजार की सम्मान राशि मिलेगी। एक परिवार में यदि मेरी 3-4 बहनें हैं, तो उस परिवार के लिए सिर्फ इस योजना से एक साल में सम्मान राशि 36-48 हजार रुपये होगी। हेमंत सोरेन ने कहा, देश में झारखंड पहला राज्य है, जहां सरकार 50 वर्ष से अधिक की विधवा, परित्यक्त या एकल माताओं-बहनों को हर महीने एक हजार रुपये के पेंशन का सम्मान दे रही है। यह पेंशन राशि लाखों माताओं-बहनों के बुढ़ापे का सहारा बन रही हैं। हर साल आपको 12 हजार रुपये की यह राशि आपके बुढ़ापे की लाठी को मजबूत बना रही है। आपकी झारखंड सरकार ने राज्य की 10 लाख किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़कर उनके सपनों को पंख देने का भी काम किया है। कुल 40 हजार रुपये की यह सहायता राशि मेरी हर बहन और बेटी को आगे बढ़ने में मदद कर रही है।

उन्होंने पोस्ट में लिखा है, यह भी झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ है कि सखी मंडल से जुड़ी लाखों माताओं-बहनों को हजारों करोड़ रुपये की राशि बैंक क्रेडिट/लिंकेज के रूप में दी गई है। विगत साढ़े चार वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि आजीविका संवर्धन के लिए दीदी-बहनों को प्रदान की गई है, जो पूर्व की सरकारों से राशि 12 गुना अधिक है। आपके द्वारा पलाश ब्रांड के अंतर्गत निर्मित कई उत्पादों ने देश-विदेश में धूम मचाई हुई है। राज्य की 35 हजार से अधिक माताओं-बहनों को फूलो-झानो अभियान से जोड़कर वैकल्पिक आजीविका के अवसर प्रदान किए गए हैं। 50 हजार रुपये तक की राशि उन प्रत्येक माताओं-बहनों की सहायक बनी है। शेष पेज 11 पर




रक्षाबंधन पर सोमवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड स्थित सीतासाल निवासी मति सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें सहृदय आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने आधिकारिक आवास 7 लोककल्याण मार्ग पर स्कूली बच्चियों के साथ **रक्षाबंधन का त्योहार** मनाया। उन्होंने इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा कीं।

### उधमपुर में आतंकी हमला, सीआरपीएफ जवान बलिदान

**जम्मू।** जम्मू संभाग के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ में सोमवार को सुरक्षाबलों के एक गश्ती दल पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर बलिदान हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ के सुदूर डुडू इलाके में दोपहर बाद आतंकवादियों ने स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के साथ ही सीआरपीएफ के एक संयुक्त गश्ती दल पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि इसमें सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए।

### पीएम मोदी ने पैरालंपिक गेम्स के खिलाड़ियों से कहा, 'विजयी भव'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस जाने वाले पैरालंपिक एथलीट्स से सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बात की। उन्होंने देश के टॉप पैरा एथलीट्स को फ्रांस रवाना होने से पहले शुभकामनाएं दीं और सभी को 'विजयी भव' कहा। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। पेरिस ओलंपिक 2024 के समापन के बाद अब समय पेरिस पैरालंपिक के आगाज का है। पैरालंपिक गेम्स 28 अगस्त से 8 सितंबर तक चलेंगे। पीएम मोदी ने खिलाड़ियों के साथ बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ओर से टोक्यो पैरालंपिक से ज्यादा खिलाड़ी इस बार पेरिस में भाग ले रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा, आप सभी अपने खेल पर फोकस करें। हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि किसी भी खिलाड़ी को कोई कमी न हो। पूरा देश आप सभी के साथ है।

### आज कल




## चंपाई सोरेन मंजे नेता हैं, अपना रास्ता खुद तय करेंगे : बाबूलाल

### बोले पूर्व सीएम, मेरी अभी उनसे कोई बात नहीं हुई है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की चर्चा के बीच अपनी प्रतिक्रिया दी है। मरांडी ने कहा है कि भाजपा में शामिल होने के संबंध में चंपाई सोरेन से अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। चंपाई सोरेन एक मंझे हुए राजनेता हैं और झारखंड अलग राज्य के गठन के लिए चलाए गए आंदोलन का हिस्सा रह चुके हैं। जिस तरह से उन्हें मुख्यमंत्री के पद से हटाया गया, उससे वे आहत हैं। वह अपनी आगे की राह के बारे में निर्णय खुद लेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आरोपों के सवाल पर कहा कि यदि कोई विधायक अपना दुख व्यक्त करता है, तो उनकी बात सुननी चाहिए। चंपाई के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर कहा कि इस सिलसिले में चंपाई सोरेन से अभी कोई बातचीत नहीं हुई है। चंपाई के सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इससे संकेत मिलता है कि वह बहुत आहत हैं, जिस तरह से उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाया गया, शेष पेज 11 पर

### गिरिडीह में रामदयाल महतो ने एनआईए के समक्ष छोड़े हथियार

## दस लाख के इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

**नवीन मेल संवाददाता**



**समर्पण कराने में उसके पुत्र बैजनाथ महतो की है अहम भूमिका**

**गिरिडीह।** झारखंड में आईपीएस अधिकारियों का नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने के प्रति सकारात्मकता का असर अब दिखने लगा है। अधिकारियों के प्रयासों से गिरिडीह जिले के इनामी नक्सलियों में शामिल दस लाख का इनामी हार्डकोर नक्सली रामदयाल महतो ने रविवार की देर रात एनआईए के समक्ष सरेंडर कर दिया। गिरिडीह जिले के एसपी एवं वरीय पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हार्डकोर नक्सली रामदयाल महतो को आत्मसमर्पण कराने में उसके पुत्र बैजनाथ महतो की मुख्य भूमिका बताई जा रही है। रामदयाल महतो ने मधुबन थाना इलाके में ही रविवार को रांची के एनआईए की टीम के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इस दौरान सीनियर पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

दस लाख का यह इनामी हार्डकोर रामदयाल महतो उर्फ बच्चन दा पीरटांड़ थाना इलाके के पांडेयडीह का गांव का रहने वाला है और इसके खिलाफ कई नक्सली घटनाओं के केस दर्ज हैं। इलाके में बढ़ती नक्सली घटनाओं में शामिल होने के बाद राज्य पुलिस ने राम दयाल पर दस लाख रुपये का इनाम की घोषणा कर रखा थी। मालूम हो कि कुछ दिनों पहले ही एसपी दीपक कुमार शर्मा इसके घर जा कर परिजनों से मिले और परिजनों को समझाया कि वे रामदयाल महतो उर्फ बच्चन दा को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करें। माना जा रहा कि बेटे के दबाव में रामदयाल महतो ने आत्मसमर्पण किया है।

**इंडिया**

## सुरक्षा ही नहीं, सांस्कृतिक हमले का भी विरोध हो



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

कोलकाता में एक अध्ययनरत चिकित्सा छात्रा की नृशंस हत्या ने पूरे देश को आंदोलित कर दिया है और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के व्यापक कवरेज से लेकर राजनीति तेज हो गई है जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विरोध में पैदल मार्च सबसे आश्चर्यजनक है ।वे राज्य के प्रशासन की सर्वोच्च पद पर बैठी हैं और महिला हैं तो इस बात को अच्छी तरह जानती हैं कि ऐसी घटनाएं हमें कहां ले जाएंगी । वैदिक काल में भी अपवाद के रूप में महिलाओं के शोषण की बड़ी घटनाएं हुईं जिसकी परिणति रामायण और महाभारत के रूप में हम देखते हैं पर सामान्यतः सीता राम,कुंतिनंदन, राधेय जैसे संबोधन और स्वयंवर जैसी परंपराएं बताती हैं कि महिलाओं की सामाजिक स्थिति क्या थी । मध्ययुगीन कालखंड में भारत में विदेशी हमलावरों से महिलाओं को बचाने के लिए बाल विवाह, चोरी छिपे रात्रिकालीन विवाह और बच्चों के कान नाक में छिद्र तथा बच्चियों में गोदना (टैटू) की परंपरा चल पड़ी। पर्दा प्रथा तथा धर्म और प्राणों की रक्षा के लिए पलायन की बड़ी घटनाएं



घटीं और भयभीत आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग अपनी आधी आबादी को घरों में बंद रखने लगा जो आजादी के पहले तक के साहित्य में मिलता है ।पहले के साहित्य में उच्च आदर्श,वीरता और देशभक्ति प्रमुख विषय होते थे पर मध्यकाल में श्रृंगार के नाम पर इश्क मुहब्बत के बाद आज के गीतों में मन की शांति नहीं तन की प्यास का शोर है ।जबकि पुराने ऐसे अनेक लोकप्रिय गीत हैं जो हमारे सुख-दुःख के साथी हैं -ये शुभ दिन है हम सबका, लहरा लो तिरंगा प्यारा/पर मत भूलो सीमा पर, वीरों ने है प्राण गंवाए/कुछ याद उन्हें भी कर लो, कुछ याद उन्हें भी कर लो/जो लौट के घर न आए, जो लौट के घर न आए... ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी/जो शहीद हुए हैं उनकी, जरा याद करो कुर्बानी/ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी !कई कालजयी गीतों के रचनाकार कवि गायक प्रदीप के इस भाव भरे प्रेरक गीत की तरह कभी एक समय था जब कालजयी फ़िल्में और गीत मुंबई फिल्मोद्योग रचा करता था, भारत की धडकन इन फिल्मों की भावनाओं से प्रभावित होतीं थीं और वही फिल्म उद्योग नंगेपन और उत्तेजक दृश्यों की सीमायें लांघ रहा है। उनके गीतों में मन की शांति नहीं तन की प्यास झलकती है ।आजादी के आंदोलन और सामजिक बुराइयों के खिलाफ अलख जगानेवाला यह सबसे सशक्त माध्यम नोट कमाने का साधन और व्यवसाय बन कर रह गया है ।कभी रानी लक्ष्मी बाई के चरित्र पर फिल्में बनती थीं फिर ब्लू फिल्मों की सुपर स्टार सन्नी लियोन को भारतीय सिनेमा में जगह दिलानेवाले 'प्रगतिशील' फ़िल्मकार महेश भट्ट और सास बहू सीरियल के नाम पर अनैतिक रिश्तों को सामान्य बताने वाली एकता कपूर के बाद बहनों के राखी के हृदयस्पर्शी गीतों का लगभग हिंदी फिल्मों से गायब होना सांस्कृतिक हमले से कम नहीं है ।भारत को विकसित देश की श्रेणी में खड़ा करने के लिए आवश्यक है कि हम नारी को उत्तेजक भोग की वस्तु बताने वाले सांस्कृतिक हमले का भी विरोध करें तभी हमारी आधी आबादी निर्भय होकर अपनी योग्यतानुसार नौकरी, व्यवसाय या घरेलू प्रबंधन से इसे और समृद्ध कर सकेगी ।विकसित पश्चिमी देशों के अलावा मध्य पूर्व के इस्लामिक देशों में भी अस्पताल में सरे आम घुसकर हत्या या बलात्कार नहीं होते बल्कि नारियां सुरक्षित और निर्भय हैं । ऐसे दरिंदों को सार्वजनिक रूप से सजा देनी चाहिए जिससे कानून का डर बना रहे न कि राजनीतिक संरक्षण ।

## तमिलनाडु में फर्जी एनसीसी कैंप लगा 13 लड़कियों का यौन शोषण

### प्रिंसिपल और शिक्षक सहित 11 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी**

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने सोमवार को कहा कि एक फर्जी राष्ट्रीय कैडेट कोर में 13 लड़कियों के साथ यौन शोषण हुआ है। इस मामले में कृष्णागिरी जिले के एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल और दो शिक्षकों सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह शिविर स्कूल परिसर में आयोजित किया गया था और इसके आयोजक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

कृष्णागिरी जिले के पुलिस अधीक्षक पी थंगादुरई ने एजेंसी से बात करते हुए कहा कि स्कूल में एक फर्जी एनसीसी शिविर में एक लड़की का यौन उत्पीड़न किया गया और कम से कम एक दर्जन से अधिक लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि स्कूल अधिकारियों को यौन शोषण के बारे में पता था, लेकिन उन्होंने पुलिस को सूचित करने के बजाय मामले को दबाने का फैसला किया।

पुलिस जांच में बताया गया कि जिस निजी स्कूल में कैंप लगा था, वहां एनसीसी यूनिट ही नहीं थी। एक समूह ने स्कूल प्रबंधन से संपर्क किया और उसे आश्वस्त किया कि शिविर आयोजित करने के बाद स्कूल में एनसीसी इकाई स्थापित हो सकती है। स्कूल सहमत हो गया और पुलिस ने कहा कि प्रस्ताव पर सहमत होने से पहले कोई जांच नहीं की गई। तीन दिवसीय शिविर अगस्त के पहले सप्ताह में आयोजित किया गया था और इसमें 41 प्रतिभागी थे, जिनमें से 17 लड़कियां थीं।

शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### वाहन की चपेट में आने से तीन घायल

**मांडर।** रांची- डाल्टेनगंज एनएच-39 पर मांडर बाजार टांड यूनियन बैंक के निकट एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से निर्मल कुजूर, अनीस कुजूर व संजीत कुजूर गंभीर रूप घायल हो गए। घायल सभी लोग चान्हो थाना क्षेत्र के मसमनो गांव के रहने वाले है। सभी घायलों को मांडर पुलिस द्वारा रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्रथमिक इलाज के बाद निर्मल कुजूर की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर किया गया। जबकि अनीस व संजीत कुजूर का इलाज रेफरल अस्पताल में चल रहा है। घटना सोमवार की शाम लगभग चार बजे की बताई जा रही है। निर्मल, संजीत व अनीस कुजूर मोटरसाइकिल से मांडर के मुड़मा गांव आए हुए थे। जहां से वापस अपने गांव लौटने के क्रम में मांडर बाजार टांड़ के निकट एक अज्ञात वाहन इन लोगों की मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया।

### रक्षाबंधन का त्योहार प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया



**मांडर/चान्हो।** रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को चान्हो एवं मांडर दोनों प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। बहनों ने राखी की थाली सजाई उसमें रोली, कुमकुम, अक्षत, दीपक और राखी रखे थे। इसके बाद भाई को तिलक लगाकर उसके दाहिने हाथ में राखी बांधी। भाई की आरती उतारी फिर मिठाई खिलाई अपनी सुरक्षा और सम्मान की कामना की। सुबह से ही भद्राकाल लगने के कारण राखी बांधने का शुभ मुहूर्त दोपहर 01 बजकर 32 मिनट के बाद का था। इस तरह से राखी बांधने का शुभ मुहूर्त दोपहर 01 बजकर 32 मिनट के बाद से लेकर रात 09 बजकर 31 मिनट तक रहा।

### मोटरसाइकिल लूटकर ले भागे दो युवक

**मुरी।** मुरी जंक्शन से करीब 1 किलोमीटर आगे मुरी रामगढ़ रेलखंड पर बने नवनिर्मित सबवे के समीप रविवार की रात्रि 9:30 बजे बिसीरिया निवासी अजय कुमार महतो उम्र 31 वर्ष अपने दीदी के घर खेरडीह से वापस अपने घर आ रहे थे। इसी क्रम में उरंगढ़ा पुराना रेल पुल के समीप दो लड़कों ने मोटरसाइकिल रोकने के लिए कहा और साथ ले चलने की बात कही तथा अजय कुमार महतो को धक्का देकर मोटरसाइकिल को दोनों युवक ले भागे। इस संबंध में बिसरिया निवासी भुक्तभोगी ने मुरी ओपी थाना में एक लिखित शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद मुरी ओपी पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में जांच किया जा रहा है। बताते चले कि इसके पूर्व में भी इस जगह पर कई बार छिनतई हो चुकी है। इसका मुख्य कारण है जगह का सुनसान होना और बिजली बत्ती का व्यवस्था नहीं होना समस्या का मुख्य कारण बना हुआ है।

## रक्षाबंधन पर ग्रामीण इलाकों में दिखा उत्साह

# बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में बांधी राखी



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो, लापुंग और नरकोपी थाना क्षेत्र में भाई बहनों के प्यार का पर्व रक्षाबंधन धुमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की आरती उतारी, माथे पर तिलक लगाया और राखी बांधकर मिठाई खिलायी। इस दौरान भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार देकर खुशी जताई। बेडो. प्रखंड के बेड़ो एवं नरकोपी क्षेत्र के तुको,जरिया बारीडीह, पुरियो, जहानाबाज, जमनी, पंडरा, हरिहरपुर जामटोली, हुटार, खत्री खटंगा, दिघिया, करांजी, मुरतो, महुगांव, पहाड़कंडरिया, भैंसादोन सहित दर्जनों गांवों में भाई बहनों के प्यार का पर्व रक्षाबंधन के दौरान उत्साह और उल्लास देखा गया। गांव में चहल-पहल के साथ बहनों ने अपने भाइयों के लिए राखी और मिठाइयों की खरीददारी की। 1:25 बजे के बाद शुभ मुहूर्त के शुरू होते ही घरों में बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाया और आरती उतारी। भाइयों की कलाई में राखी बांधकर बहनों ने खुशी जताई । भाइयों को मिठाई खिलाई। वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को उपहार दिया। भाई बहन के बीच उत्साह और उल्लास देखते ही बन रहा था। उधर लापुंग प्रखंड के देवगांव, सरसा, नावाटोली, ककरिया, सकरपुर, पोला, हुटार, ताबेर खुर्द, शाहेदा गांवों में रक्षाबंधन को लेकर बहनों ने अपने भाइयों के साथ मंदिर जाकर विधिवत पूजा अर्चना की और शुभ मुहूर्त के बाद अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधी। लापुंग प्रखंड के लापुंग प्रखंड मुख्यालय, जातालोया, लालगंज, दानेकेरा, सुकुरहुटू, दोलैचा, अरमालटदाग, कोयनारा, सारंगलोया, गुदगुद, बड़काकुरा, हुलसू, जरिया, जमाकेल, महुगांव, फतेहपुर, डाडी. पोकटा, अकमरोमा, कारूम, मालगो सहित विभिन्न गांवों में रक्षाबंधन के दिन शादीशुदा बहनें अपने भाइयों के घर पहुंची। रक्षाबंधन के मौके पर बहन और भाई के मिलन के दौरान खुशियां चौगुनी हो गई। लंबे अरसे के बाद बहनें मायके पहुंची थी। रक्षाबंधन त्यौहार के दौरान चहुंओर उत्साह और उल्लास देखा गया।

## खिलाड़ियों को फुटबॉल वितरित कर गांव वालों की समस्याओं से अवगत हुए डॉ. परमेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

सोमवार को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने मांडर प्रखंड के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में डॉ भगत ने जन समस्याओं पर ध्यान दिया और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, और सड़क जैसी मुद्दों पर चिंता जताई। डॉ भगत ने आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल के महत्व के बारे में भी बताया एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के तौर पर जर्सी एवं फुटबॉल का वितरण किए। बैठक के दौरान, उन्होंने ग्रामीणों के साथ समस्याओं के समाधान के लिए एक योजना तैयार करने पर भी जोर दिया। फुटबॉल वितरण के साथ-साथ इस बैठक ने सामाजिक जागरूकता को भी बढ़ावा दिया। डॉ भगत की इस पहल ने ग्रामीणों में सकारात्मक भावना उत्पन्न की। उनके प्रयासों से ग्रामीणों को एक नई ऊर्जा और उम्मीद मिली है। मौके पर शमीम अख़्तर आजाद, मौलाना रफीक, साजिद अंसारी, इमाम बक्स अंसारी, अराफात अंसारी, शमीम अंसारी, सुनील मिंज, पुनीत मिंज, डहरू मिंज, बिरसा मिंज, शरीफ अंसारी, हजरत अंसारी, कलीम अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## नहीं रहे झारखंड पार्टी के नेता सुगड़ सामुएल डोडराय लोगों ने जताई संवेदना

**खूंटी।** झारखंड पार्टी के वरिष्ठ नेता और तोरपा प्रखंड की जरिया पंचायत के पूर्व मुखिया सामुएल सुगड़ डोडराय(66 ) का सोमवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से बीमार थे। कर्रा रोड तोरपा स्थित आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार जरिया गांव में किया गया। सामुएल डोडराय झारखण्ड पार्टी के पुराने नेता थे। झारखण्ड अलग राज्य के आंदोलन में भी उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। डोडराय के निधन की खबर मिलते ही भाजपा नेता अजीत तोपनो, झारखंड पार्टी नेता सोमा मुंडा, निरल तोपनो, पूर्व प्रमुख सामड़ोम तोपनो, अबुआ झारखण्ड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रिलन होरो, मुखिया जॉन तोपनो, विमला डोडराय आदि जरिया पहुंचे और उनके अंतिम संस्कार में भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, केंद्रीय समिति सदस्य सुदीप गुड़िया ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# खूंटी में धूमधाम के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

जिला मुख्यालय खूंटी सहित आसपास के क्षेत्रों में भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन सोमवार को हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाइयों पर राखियां बांधकर उनके दीघार्यु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को सप्रेम उपहार भेंटकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। इस बार भद्रा के कारण दोपहर डेढ़ बजे के बाद ही रक्षा बंधन का मुहूर्त होने के कारण बहनों ने भााइयों को रखी बाांधी। भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम के इस त्यौहार को लेकर छोटी-छोटी बच्चियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही बच्चियां, युवतियां और महिलाएं स्नान आदि कर सुंदर परिधानों में सुसज्जित होकर मंदिरों में जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और घर आकर भाइयों की आरती उतारी, ललाट पर तिलक लगाया और र कलाइयों में राखियां बांधकर भाइयों का मुंह मीठा कराया। कई बहनों ने मायका आकर अपने भाइयों को रखी बांधी। रक्षा बंधन के कारण मिठाइयों और फलों की दुकानों पर काफी भीड़ रही। इधर, खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा को राखी बांधने के लिए कई महिलाएं उनके आवास पर पहुंची। राखी बंधवाने के बाद विधायक ने भी उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि बहनें हैं,तो घर की रौनक है, खुशी हैं। उन्होंने कहा कि आापकी सुरक्षा मेरा कर्तव्य है और इसे निभाता रहूंगा।

## वनवासी कल्याण केंद्र में मना रक्षाबंधन का पर्व

***खूंटी।** संघ भवन में वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा सोमवारर को हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। प्रांत के श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि संपूर्ण देश में रक्षाबंधन खुशियों के साथ मनाया जाता है। रक्षाबंधन हम सबों के लिए बड़े महत्व का पर्व है। उन्होंने कहा कि समाज में जो कुरीतियां हैं, उसे खत्म करने का दिन है। यह उत्सव समाज में एक दूसरे को जोड़ने का कार्य करता है। कल्याण आश्रम के माध्यम से वनवासियों के बीच में एक दूसरे से अटूट संबंध बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनजाति हमसे अलग हो गए हैं, उन्हें जोड़ने का कार्य कल्याण आश्रम कर रहा है। यह रक्षा सूत्र जिसकी कलाई में बंध जाता है, रक्षा उसका यह का दायित्व हो जाता है। हमें भी इससे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।*

# राज्य सरकार के चिकित्सक आज से बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करेंगे

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के अधीन राज्यभर में कार्यरत सभी चिकित्सक मंगलवार से बायोमीट्रिक अटेंडेंस का बहिष्कार करेंगे। झासा सचिव डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह ने बताया कि सभी चिकित्सक अपनी ऑफलाइन उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज करते हुए पूरी निष्ठा के साथ अपना काम करेंगे। यह निर्णय बीते रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), झारखंड और झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विस एसोसिएशन (झासा) की बैठक में लिया गया था। बैठक में लिए गए निर्णय को लेकर गत 16 अगस्त को स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को ज्ञापन भी सौंपा गया है। लेकिन चिकित्सकों की मांगों पर विभाग का रवैया उदासीन बना हुआ है। आईएमए के राज्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि कार्मिक विभाग की अधिसूचना के अनुसार यह राज्य सरकार के सभी कर्मियों पर लागू होगा। कार्मिक विभाग की अधिसूचना के आलोक में यह निर्णय लिया गया है कि बायोमीट्रिक अटेंडेंस का तब तक बहिष्कार किया जाएगा, जबतक यह समान रूप से राज्य सरकार के सभी विभागों में लागू नहीं हो जाता। डॉक्टर एवं पारा मेडिकल की कार्य अवधि एवं कार्य स्थल तय नहीं होते। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आईपीएचएस के अनुसार रिक्त पद के विरुद्ध बहाली नहीं हो जाती। जबतक ग्रामीण इलाकों, विशेष कर हार्ड टू रीच जगहों पर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था, नेटवर्क एवं सर्वर उपलब्ध नहीं करा दिए जाते। चिकित्सकों ने कहा कि शनिवार, रविवार के अलावा केंद्र व राज्य सरकार के घोषित अवकाश के दिन भी स्वास्थ्य विभाग में छुट्टी नहीं होती। यानी बायोमीट्रिक अटेंडेंस के अनुसार दैनिक ड्यूटी 24-7 के लिए जब तक हमें ओवर टाइम की अतिरिक्त इंसेंटिव की व्यवस्था नहीं कर दी जाती।

## लोजपा के कोल्हान प्रभारी दयाशंकर मिश्रा छह साल के लिए निलंबित

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह कोल्हान प्रमंडल प्रभारी दया शंकर मिश्रा को पार्टी के सभी पदों से छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया गया है। पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी राजेश रंजन वर्मा ने इस आशय का पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि गत 18 अगस्त को जमशेदपुर में मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र प्रधान, प्रदेश महासचिव शिवजी कुमार एवं प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी भी मौजूद थे। समारोह के दौरान दया शंकर मिश्रा ने जमशेदपुर जिलाध्यक्ष बृतमोहन सिंह, प्रदेश महासचिव बंटी उपाध्याय एवं सरायकेला जिलाध्यक्ष रंजीत पांडेय के साथ जो दुर्व्यवहार किया, वह अमर्यादित, अलोकतांत्रिक एवं निंदनीय था। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा इसकी जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनायी गई। जांच कमेटी की अनुशंसा के आलोक में ही दयाशंकर मिश्रा को तत्काल प्रभाव से छह वर्षों के लिए निलंबित किया जाता है।

## खलारी के शिवालयों में भक्तों ने किया जलाभिषेक

# सावन की अंतिम सोमवारी व सावन पूर्णिमा पर शिवालयों में उमड़ी भीड़



**खलारी।** सावन की अंतिम सोमवारी व सावन पूर्णिमा के मौके पर खलारी के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालुओं का नजदीकी शिवालयों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं के लिए सावन मास में भगवान शिव के जलाभिषेक का सोमवार को अंतिम दिन था। खासकर महिलाओं में पूजा-अर्चना को लेकर काफी उल्लास था। श्रद्धालुओं ने फल, फूल, नैवेद्य, भांग, धथूरा, बेलपत्र आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना किया। जल व दूध से अभिषेक किया और पूरे परिवार के लिए मंगल कामना की। शिवालयों में हर-हर महादेव का जयकारा गूंजता रहा। खलारी के श्रीजानकीरमन मंदिर, पहाड़ी मंदिर, खलारी बाजारटांड़ शिवालय, शांति नगर, रामनगर, करकट्टा, धमधमियां नौ नम्बर, मोहननगर, चुरी कालोनी, चुरी बस्ती सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। अंतिम सोमवारी को लेकर कई मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इधर देर शाम खलारी के विभिन्न शिवालयों में रुद्रा-अभिषेक, श्रृंगार पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान व भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### अपराधी चोरी कर एक्टिवा स्कूटी ले भागे

**रांची।** अधिवक्ता जिज्ञासा अग्रवाल नारसरिया के सोनारगली स्थिति आवास के बाहर से रविवार की रात 2 बजे के आसपास ब्लू रंग की एक्टिवा स्कूटी जेएच01 सीसी 7336 अपराधी चोरी कर ले गए। इस क्रम में कोतवाली थाना में प्राथमकी दर्ज कराई गई है। सोनारगली में इस माह एक बाइक चोरी का भी समाचार है। कुछ प्रतिष्ठानों का ताला भी तोड़ा गया है। सोनारगली में रात होते ही चोर उच्चके अपराधी प्रवित्ति के लोग खुलेआम वारदात को अंजाम देते हैं। व्यापार केंद्र होने के कारण दिन में मोबाइल चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। ज्ञातव्य है कि अधिवक्ता जिज्ञासा अग्रवाल नारसरिया सिविल कोर्ट में तथा उनके पति अधिवक्ता श्याम नारसरिया झारखंड उच्च न्यायालय में वकालत करते है। पुलिस गश्ती का अभाव हो गया है जिसके कारण अनवांछित तत्वो का मनोबल बढ़ रहा है।सोनारगली में रहने वालों ने पुलिस से निवेदन किया है कि अपराधमुक्त क्षेत्र बनाने में सहयोग करें।

### महादेव का महारूद्राभिषेक के बाद भव्य अनोखा दिव्य महाश्रृंगार किया गया



**रांची।** श्रीश्याम मंदिर हरमू रोड़ में सोमवार को श्रावण माह के अन्तिम दिवस पर स्फटिक के महादेव का महारूद्राभिषेक के बाद भव्य अनोखा दिव्य महाश्रृंगार करके महाआरती करके महाभोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्याम नारसरिया, जिज्ञासा नारसरिया सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

### रक्षा राज्य मंत्री ने सेना के जवानों और परिजनों को बांधा रक्षासूत्र



**नई दिल्ली/रांची।** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सोमवार को नई दिल्ली में अग्निवीरो, सैनिकों और उनके परिजनों को रक्षा सूत्र बांधा और रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी। रक्षा राज्यमंत्री ने सभी जवानों और उनके परिजनों से कुशलक्षेम पूछा। सबके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्षा सूत्र सिर्फ धागा नहीं है। यह देश की भावनाएं हैं, जो हमें एक दूसरे से जोड़कर रखती हैं। सीमाओं की सुरक्षा में सदैव समर्पित रहने वाले जवानों को रक्षा सूत्र इसलिए भी हमने बांधा है कि यह सूत्र उन्हें देश के अगाध प्रेम से अवगत कराए। देशवासियों की भावनाएं इस सूत्र में हैं ताकि हमारे हमारी राष्ट्र की एकता और अखंडता बनी रहे। हम सैनिकों के साथ सदैव खड़े रहें।

### अभ्युदय कांवरिया सेवा समिति ने किया पूजा सामग्री का वितरण



**रांची।** अभ्युदय कांवरिया सेवा समिति नामकुम इण्डरिट्रयल एरिया कि ओर से कांविरियों के बीच प्रसाद व पूजा समाग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप व रांची जिला उपाध्यक्ष रमेश पाण्डेय समिति के वरीय पदाधिकारियों द्वारा सैकड़ों की संख्या में प्रसाद पूजा समाग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि अभ्युदय कांविरिया सेवा समिति पिछले आंठ वर्षो से सावन पर्व के अवसर पर निरंतर कांविरियों के बीच प्रसाद व पूजा समाग्री का वितरण करती आ रही है। इस मौके पर नरेन्द्र कुमार सिंह, विजय सिंह, अखिलेश सिंह, दीपक राणा, मंटू लाला, शशी गोप, बंटी वर्मण, सुनील यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### खलारी के श्रावणी मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

**खलारी।** खलारी के केडी नेहरू स्टेडियम में लगे श्रावणी मेले में रक्षाबंधन को लेकर लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। मेले में खलारी और आस-पास के क्षेत्रों के अलावा पतरातु, बीजूपाड़ा, चंदवा-टोरी, महुआ मिलान आदि जगहों से भी काफी संख्या में महिला-पुरूष व बच्चे पहुंचकर श्रावणी मेले का आनन्द लिए। सुबह के पैसेंजर ट्रेन से ही ग्रामीणों का जत्था मेला घूमने के लिए खलारी पहुंचने लगा था। ग्रामीण मेले में तरह-तरह के झूलों में झूले। घरेलु सामानों की जम कर खरीदारी की गई। मेले में उमड़ी भीड़ के कारण अंबेडकर चौक से लेकर केडी हिन्दुगढ़ी चौक तक जाम की स्थिति बनी रही।

## सफलता

## विजेता व उपविजेता टीम पुरस्कृत

# बेचन ब्रदर्स पुरियो बना चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के पुरियो मैदान में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आदर्श युवा विकास क्लब के तत्वावधान में 30वां प्राईज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता का आज समापन हो गया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि मांडर विधानसभा के लोकप्रिय युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो उपस्थित थे। जिन्होंने फाइनल मैच का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बॉल को किक मार कर मैच की शुरूआत की। फाइनल मैच में नव प्रथम मध्य विद्यालय डुरू की टीम को 1-0 से हराकर बेचन ब्रदर्स पुरियो ने खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेल से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। खेल हमेशा अनुशासन के साथ खेलना चाहिए, तभी हम आदर्श खिलाड़ी के रूप में उभर कर आगे आ सकते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, उसी भूमिका के आधार पर वह अपने आप को साबित कर अपनी टीम को जीत की ओर अग्रसर करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक मंच मिलता है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए अपने राज्य का नाम रौशन करने की सीख दी।उन्होंने खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वसन दिया। इस मौके पर पुरियो पंचायत के मुखिया सहित रजनी उरांव,पूर्व मुखिया कुबा पहान, शैलबाला तिर्की, इक्कीस पड़हा राजा महादेव कुजूर,उप मुखिया विजय उरांव,ग्राम प्रधान जयराम उरांव,पहान रोपना पहान,गणेश पहान,विश्वनाथ पहान व सुखदेव उरांव, अर्जुन उरांव,सूरज उरांव,करण तिग्गा,संजय कच्छप आदि मौजूद थे।

## खलारी में उत्साह के साथ मना रक्षाबंधन का पर्व

# बहन ने की भाई के दीर्घायु होने की कामना



**खलारी।** खलारी तथा आसपास के क्षेत्रों में रक्षा बंधन का त्योहार हर्षोल्लास व धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने मुहुर्त के अनुसार दोपहर 1.24 बजे के बाद भाईयों की कलाई पर राखी बांधी। भाई के माथे पर तिलक लगाया व आरती उतारी। इसके बाद भाई के कलाई पर राखी बांधा व मिठाई खिलाई। इहन ने भाई दीघार्यु होने की कामना की। भाईयों ने भी परंपरा अनुसार बहनों को उपहार भेंट किया और सदा उनकी रक्षा का वचन दिया। रक्षाबंधन को लेकर छोटे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। कई ब्राह्मणों ने भी यजमानों को रक्षा सूत्र बांधा। मंदिरों में भी भीड़ देखा गया। त्योहार को लेकर क्षेत्र की मिठाई व राखी दुकानों में काफी चहल पहल रही।

## बाबा वनखंडी धाम में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

# घघारी बाबा धाम में सावन पूर्णिमा मेले में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में सावन पूर्णिमा पर पहली बार आयोजित श्रावणी पूर्णिमा मेला के दौरान हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को अहले सुबह से ही कतार में लगकर श्रद्धालुओं ने घघारी बाबा धाम एवं बाबा वनखंडी धाम सहित विभिन्न शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा अर्चना की। सावन पूर्णिमा मेला में घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप की देखरेख व अगुवाई में लोगों ने कतार में लगकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर रविवार से शुरू हुए अखंड हरीकीर्तन में घघारी, हुटार ताबेर खुर्द, जमनी पंडरा जहानाबाज, देवगांव नावाटोली ककरिया बिरदा सहित दर्जनों गांव के कीर्तन मंडली ने हरे राम हरे कृष्णा की धुन पर भजन-कीर्तन से अद्भुत समां बांधी। मंदिर में मुख्य पुजारी राजकुमार पाठक, राजेश पाठक, सीताराम पाठक, तुलसीदास गोस्वामी, मार्केण्डेय दास गोस्वामी सहित कई पुजारियों ने श्रद्धालुओं को विधिवत पूजा अर्चना कराई। मेले के दौरान दुकानदारों के मिठाइयों तथा राखी के स्टॉल में खूब खरीदारी की गई। कीर्तन प्रभारी नारायण सिंह एवं मनबोध सिंह के द्वारा 24 घंटा अखंड हरिकीर्तन का समापन किया गया। विधिवत पूजा अर्चना के बाद हवन एवं महाआरती का आयोजन किया गया।इस मौके पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारा में बने व्यंजन का आनंद लिया। इस मौके पर सचिव संजय कुमार महतो, कोषाध्यक्ष सेवक सिंह, पूर्व अध्यक्ष सह मुख्य संरक्षक गंगाधर साहू, विधायक प्रतिनिधि सह संरक्षक देवेंद्र वर्मा , कार्यकारी अध्यक्ष राजधन शेखर सिंह, समाजसेवी दशरथ तिर्की, नपिंद्र सिंह, विक्रम शेखर सिंह, संतोष कुमार महतो, चिंटू तिवारी, विजय महतो, श्यामलाल सिंह, सुनील उरांव, हीरालाल सिंह,पूर्व पार्षद वार्ड नंबर दो के गंदुरा उरांव, सूरज वर्मा ,विनोद भगत, कस्टो दास गोस्वामी, तुलसी दास गोस्वामी जी के साथ सैकड़ो भक्तों एवं स्वयंसेवकों ने विधि व्यवस्था संभाल रखी थी।

# मुख्यमंत्री की कलाई पर बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाई-बहन के अटूट प्यार, स्नेह और विश्वास का पावन त्योहार रक्षाबंधन के पर सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बड़ी बहन अंजनी सोरेन ने कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस पावन पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की चचेरी बहन आशा सोरेन, संचला हेम्ब्रम एवं रेखा सोरेन ने भी मुख्यमंत्री की कलाई पर राखी बांधकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी सभी बहनों को सहृदय स्नेह, आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर सभी बहनों ने विधायक बसंत सोरेन की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने समस्त राज्यवासियों को श्रावण पूर्णिमा तथा पावन पर्व रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री के पिता राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, माता रूपी सोरेन, पत्नी विधायक कल्पना सोरेन सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे।



# अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आज से

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों पर भर्ती शुरू की है। इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 20 से 29 अगस्त तक आधिकारिक वेबसाइट पर खुला रहेगा। भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष उम्मीदवारों की भर्ती के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। अग्निवीर वायु भर्ती में 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के बीच जन्में अविवाहित पुरुष उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ कला और वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंकों के साथ और अंग्रेजी विषय में भी 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है। इसके अलावा 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 2 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के लिए पात्र हैं।

## न्यूज बॉक्स

### रक्षा राज्य मंत्री ने फिल्म 'तिरंगा क्या है' को किया रिलीज



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जगन्नाथ बैंक्विट हॉल रांची में ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह जामवाल और कर्नल जेकेसिंह द्वारा निर्मित लघु फिल्म रिलीज की गई। यह फिल्म तिरंगा और विशेष बच्चों पर आधारित है। इस फिल्म में कर्नल जेके सिंह ने खास प्यारे, दुलारे बच्चों को, जो देख नहीं पाते उन्हें तिरंगा ध्वज का महत्व और तिरंगा के सभी रंगों को स्वाद, ध्वनि और गंध के बारे में समझाया। दृष्टिहीन बच्चों तिरंगे के रंगों को अपने त्वचा से कैसे पहचानेंगे पर आधारित यह फिल्म साढ़े आठ मिनट की है, जिसे ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह जामवाल और कर्नल जेके सिंह के द्वारा आवाज के साथ निर्देशन प्राप्त है। यह फिल्म विशेष कर अन्य बच्चों को प्रेरित करेगा की बच्चे तमाम बाधाओं के बावजूद सब कुछ कर सकते हैं। इससे खास बच्चों का मनोबल भी बढ़ेगा। यह साबित करता है कि तिरंगे की कुछ खासियत हीं ऐसी है कि हर दिल में उतर सकता है। इस फिल्म में मेजर जनरल असीम कोहली, नीतिका सिंह, शांभवी जामवाल, अभिषेक सेन गुप्ता और संस्कृति का असीम योगदान है। यह कार्यक्रम वेस्टर्न अध्यक्ष मेजर मुकेश कुमार, सचिव एम०पी० सिन्हा, कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, प्रवक्ता संजीत सिंह, और बैंक्विट हॉल संचालक मिथिलेश प्रसाद एवं कार्यकारिणी सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ।

### जेसीआई यूथ ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



**रांची।** जेसीआई यूथ रांची ने पुलिसकर्मियों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। यूथ के सदस्य सोमवार को किशोरगंज चौक पहुंची। जेसीआई यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने कहा कि इस दौरान उन्होंने रक्षाबंधन के दिन घरों से दूर जनता की रक्षा करने वाले पुलिस कर्मियों को राखी बांध कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं की इस पहल की सराहना की। वहीं इस मौके पर सभी पुलिसकर्मियों परिवार जैसा अनुभव महसूस किया। कहा कि पुलिस बल हमेशा उनकी सुरक्षा के हित में तत्पर रहेगी। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि अधिकांश पुलिस के जवान जनता की रक्षा ड्यूटी में रहने के चलते रक्षाबंधन जैसे प्रमुख पर्व पर घर नहीं जा पाते। कार्यक्रम में अध्यक्ष सोनल अग्रवाल,सचिव ऋचा जालान,मनीषा सोन्थलिया,मोनिका गोयनका सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### रांची में हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार



**रांची।** रांची की बुंडू थाना पुलिस ने हथियार और चाकू के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित श्रवण कुमार दास बुंडू के पुराना बाजार टोली का रहने वाला है। इसके पास से एक देशी पिस्तौल और स्टील का फोल्डिंग चाकू बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पुराना बाजार टोली में बड़ा तालाब का सौन्दर्यीकरण का कार्य हो रहा है, जिसमें काम कर रहे कर्मचारी को किसी अपराधी के जरिये पिस्टल और चाकू का भय दिखाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस दल ने बड़ा तालाब बुंडू के पास त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रवण कुमार दास को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया।

### व्हाट्सएप पर बिजली की जानकारी लेने के लिए अपना नबंर करें अपडेट

**रांची।** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) ने बिजली उपभोक्ताओं को एक अहम सुविधा उपलब्ध कराई है। निगम ने एक व्हाट्सएप नंबर 9431135503 जारी किया है, जिससे बिजली बिल की अद्यतन जानकारी मिलेगी। साथ ही किसी भी तरह की समस्या होने पर टॉल फ्री नंबर 1912 के अलावा 18003456570 और 0651-2710002 पर संपर्क किया जा सकता है। जेबीवीएनएल की ओर से रांची और धनबाद में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है, जहां रांची में अब तक लगभग 2.61 लाख और धनबाद में लगभग 27 हजार प्रीपेड स्मार्ट मीटर स्थापित किया जा चुका है, जो अब नई बिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्रीपेड मोड में काम करेगा यानी राशि उपलब्ध रहने तक विद्युत रहेगी। राशि समाप्त होने या बैलेंस खत्म होने पर विद्युत स्वत विच्छेदित हो जायेगी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की तरफ से उपभोक्ताओं को बिजली विच्छेद होने से पहले एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध बैलेंस की मिलेगी। झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से उपभोक्ताओं को मोबाइल अपडेट करने की सलाह दी गयी है। साथ ही बताया गया है कि उपभोक्ता निकटतम विद्युत कार्यालय में अपने मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते है, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली वितरण निगम लिमिटेड की नई सेवाएं एसएमएम एवं व्हाट्सएप की सुविधा का लाभ मिल सके। झारखड बिजली बितरण निगम लिमिटेड के निकटवर्ती विद्युत कार्यालय में उपभोक्ता सिक्योरिटी डिपॉजिट की रसीद को अपडेट करा सकते हैं।

### केनरा बैंक ने छात्रवृत्ति का वितरण



**रांची।** हजारीबाग स्थित केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय में जयकृष्णा लिंगमपल्लीवेंकट्टा, सहायक महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में केनरा बैंक डॉ. अम्बेडकर विद्या ज्योति छात्रवृत्ति योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अधिकारी सुभाष कुमार उपस्थित थे। इनके अलावा विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधान अध्यापिकाएं, छात्राएं एवं केनरा बैंक के विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक ने भाग लिया। केनरा बैंक के मंडल प्रबंधक आशीष कुमार वर्मा एवं घनश्याम यादव ने केनरा बैंक के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत इस छात्रवृत्ति योजना के बारे में सभी का अवगत कराया। इस छात्रवृत्ति योजना के तहत केनरा बैंक पूरे भारत में 44742 मेधावी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है।

# लायंस क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष बने अमित शर्मा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के इंस्टॉलेशन में अमित शर्मा अध्यक्ष बने। इंस्टॉलेशन कार्यक्रम रांची के एक स्थानीय होटल में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट 322 अ के जिलापाल सीमा बाजपेई ने संबोधित करते हुए कहा की इस क्लब का शुभारंभ हुए दो महीना हुआ है। क्लब अपनी एक अलग पहचान सेवा कार्यों के लिए बनाया है,जिसके लिए क्लब के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप सभी अच्छे कार्य करते जाए मैं हमेशा आप सभी के साथ हूं। इंस्टॉलिंग ऑफिसर राजीव लोचन लायन सत्र 2024- 2025 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और डायरेक्टर को शपथ दिलाई। जिसमें क्लब के सचिव के रूप में मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष सोनल अग्रवाल, खुश्बू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, लीडरशिप चेयरपर्सन मोनिका गोयनका, पीआरओ अल्तमश आलम, सदस्य चेयरपर्सन कुणाल जालान, सर्विस चेयरपर्सन पीयूष कुमार, एलसीआईएफ कॉर्डिनेटर अभिषेक सिन्हा, क्लब डायरेक्टर अरूप नंदी, देवानंदन उरांव, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में शैलेश अग्रवाल का मनोनयन किया गया। क्लब के नये अध्यक्ष का प्रभार ग्रहण करने पर अमित शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की समाज सेवा के क्षेत्र में बढ़चढ़ कर कार्य करने का भरोसा दिलाया और आगामी कार्यकाल के लिए अपने विचार रखे। क्लब का अध्यक्ष बनना मेरे लिए गर्व की बात है। अपने इस कार्यकाल के दौरान क्लब को और ऊँचाइयों पर ले जाने का प्रयास करूंगा। क्लब के मान सम्मान को बढ़ाने के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करूंगा। कार्यक्रम में क्लब के संस्थापक अध्यक्ष शैलेष अग्रवाल ने कहा की मेरे कम अवधि के कार्यकाल मे क्लब के सदस्यों का भरपूर सहयोग हमें मिला। इस वजह से मैं अपने कार्यकाल को पूर्ण रूपेण सफल कर पाया।

# राजधानी रांची में जुटे देशभर के 20 माउंट एवरेस्ट पर्वतारोही

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के जैप-1 डोरंडा के शौर्य सभागार में सोमवार को एवरेस्ट सम्मिट 2.0-बियोंड दी माउनटेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर के 20 पर्वतारोहियों ने सहभागिता निभाई। आइडिएट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक राजीव गुप्ता द्वारा सीसीएल, साइबरपीस कॉर्प्सर्प्स, अडानी पावर, स्वच्छता पुकारे और प्रतिज्ञा के सहयोग से किया गया। मुख्य वक्ता जैमलिंग तेनजिंग ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे अपनी शिक्षा पूरी करने के लिए विदेश गए और कुछ ही समय बाद वापस लौट आए। अपने पिता तेनजिंग नोर्गे की तरह ही एवरेस्ट की चढ़ाई की। उसके बाद से अभी भी अपना जीवन पहाड़ों के बीच बिता रहे हैं। विश्व की सबसे कम उम्र की महिला हैं पूर्णा मलावथ, जिन्होंने एवरेस्ट फतेह की। उन्होंने सिर्फ 13 साल और 11 महीने की उम्र में ही एवरेस्ट को जीत लिया था। पूर्णा ने अपनी पर्वतारोहण की यात्रा को साझा किया और पहाड़ों पे पर्वतारोहियों को कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है इसकी जानकारी दी। पूर्णा ने अपने ऊपर बनी फिल्म और अपने जीवन पर लिखी किताब का भी जिक्र किया। संगीता एस. बहल ने पर्वतारोहण के अनुभव साझा करने के साथ ही साथ अपने जीवन के अनुभव भी साझा किए। उन्होंने अपने मॉडलिंग करियर के बारे में बताया और यह भी बताया की वह मिस इंडिया,1985 की फाइनलिस्ट भी रह चुकी हैं। मीनू कालीरमन ने अपने जीवन अनुभव को साझा करते हुए महिला सशक्तिकरण की बात की। ज्योति रात्रि ने बताया कि वे हमेशा से पहाड़ देखने के लिए इच्छुक रहती थीं और साल 2017 में मनाली ट्रेक पर गई। इसके बाद इनके जीवन में पर्वतारोहण की शुरूआत हुई और 55 साल की उम्र में एवरेस्ट पर फतेह हासिल की। काम्या कार्थिकेयन ने कहा कि सबके अपने-अपने एवरेस्ट हैं। बस एक पैर दूसरे के सामने रखें और आप एक दिन वहां पहुंच जाएंगे। ऊषा हेगड़े ने कहा कि अपने लक्ष्य को लगातार ऊपर उठाते हुए, एक नौसिखिया भी जीवन में महान ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है।

मनीषा वाघमारे ने कहा कि युवा छात्र अपनी दृढ़ता और धैर्य बनाए रखें क्योंकि यह सिर्फ उनके हाथ में हैं। अपने आप पर, अपने प्रयासों पर और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। सुनील नटराज ने समान चुनौतियों का सामना करने वाले युवा अपने मतभेदों को खुद को परिभाषित न करने दें। तूलिका रानी ने प्रतिभा के संदर्भ में अपने विशेष उपहार को पहचानें और उस पर काम करें। यदि आप किसी विशेष गतिविधि को मानसिक रूप से थके बिना घंटों तक कर सकते हैं, तो आपको इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहिए। देवराज दत्ता ने कहा कि अपने जुनून को आपका मार्गदर्शन करने दें। अगर आपको अपने जुनून पर भरोसा है तो आप खुद ही उसे हासिल करने का जरिया ढूंढना शुरू कर देते हैं। आप पहले से ही जानते हैं कि आपको क्या प्रयास करने हैं। डा. मुराद लाला ने कहा कि चमत्कार यह नहीं है कि मैं शिखर पर पहुंच गया। चमत्कार यह है कि मुझमें पहला कदम उठाने का साहस था। कार्यक्रम में विशेष अतिथि अनुमंडलाधिकारी उत्कर्ष कुमार, आइएएस सुनील कुमार बरनवाल, बीएसएनएल के निदेशक यूपी शाह, आईएफएस सिद्धार्थ त्रिपाठी, साइबरपीस के संस्थापक विनीत कुमार भी शामिल हुए।

## सभी ने अनुभव को साझा किया



### संस्कार भारती ने मनाया विश्व फोटोग्राफी दिवस

**रांची।** संस्कार भारती रांची महानगर की ओर से सोमवार को ऑक्सीजन पार्क में फोटोग्राफी दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्कार भारती झारखंड प्रांत के अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार अंकन ने फोटोग्राफी के इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने फोटो खींचने के टिप्स भी सदस्यों को बताए। मौके पर रांची महानगर इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आशुतोष प्रसाद ने कहा कि फोटोग्राफी ने हमें दुनिया को एक नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर दिया है। यह दिन फोटोग्राफरों को अपने बेहतरीन काम को साझा करने और उनके योगदान को सम्मानित करने का अवसर भी प्रदान करता है। इस दौरान सदस्यों के बीच एक प्रतियोगिता रखी गई।

# अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी होना आवश्यक : सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सदर अस्पताल सिविल सर्जन ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बिना आर्म्स वाले महिला पुरूष दोनों तरह के गार्ड है। होम गार्ड भी हैं मगर होम गार्ड स्थायी नहीं होते हैं। उनका कहीं न कहीं पोस्टिंग होता रहता है। आउटसोसिंग वाले गार्ड हैं। कभी कभी तो गार्ड पर भी हमले होते हैं। अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी का होना अति आवश्यक है। किसी भी प्रकार की घटना पर तुरंत सुचना दी जा सकती है। पुलिस का, सजा का डर होगा तो कोई गलत काम नहीं करेगा। हंगामा भी होता है, वैसी स्थिति में खुद उपस्थित होकर समाधान करता हूं। महिला वार्ड में पुरूष वर्जित रखते हैं। मगर अब तो और भी कड़ाई रखनी होगी। महिला वार्ड में महिला ही अटेंडेंट रहे। कभी-कभी तो नर्सों से मरीज दुर्व्यवहार करते हैं। डॉक्टर, नर्सें सुरक्षित रहें, इसके लिए जल्द ही एक मिटिंग होना है। इस मिटिंग में जो भी सुझाव आएगा। उसपर प्राथमिकता से कार्य करेंगे।



*रिम्स परिसर में जल्द बन सकती है, दो पुलिस पिकेट : मेडिकल सुपिरटेंडेंट रिम्स*

वहीं रिम्स के मेडिकल सुपरिटेंडेंट हिरेंद्र बिरुआ ने कहा कि पूरे रिम्स परिसर में सीसीटीवी कैमरे का अधिष्ठापन होना चाहिए। हालांकि अभी कुछ कैमरे खराब हैं। मगर उसे ठीक करने का काम किया जा रहा है। सजग, सर्मथ सिक्योरिटी पर्सन होने चाहिए। सुना है कि कुछ होम गार्ड के जवान आर्मस के साथ पोस्टिंग हुए हैं। उन्हें रखने पर भी भी हमलोग विचार कर रहे हैं। पुलिस के डीआईजी स्तर के अधिकारी ने दो महीने पहले रिम्स का सिक्योरटी ऑडिट किया है। वे इस नतीजे पर पहुंचे है कि सुरक्षा के लिहाज से रिम्स परिसर में दो पुलिस पिकेट बनना चाहिए।

# आंखों में स्टंट लगाकर ग्लूकोमा का हुआ सफल उपचार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिहार-झारखंड के नेत्र रोगियों के लिए ग्लूकोमा उपचार में क्रांतिकारी बदलाव मेडिका हॉस्पिटल ला रहा है। प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. अनिन्द्या अनुराधा ने मेडिका अस्पताल में पहला आईस्टेंट इंजेक्शन डब्ल्यू लगाया। दो क्लिक में दो प्रत्यारोपण एक बेहतरीन प्रत्यारोपण है। यह बिहार और झारखंड में कॉर्पोरेट मरीज के लिए पूर्ण कैशलेस के तहत पहला प्रत्यारोपण है। डॉ. अनिन्द्या अनुराधा ने बताया की ग्लूकोमा दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है, जिससे इंट्राओकुलर प्रेशर बढ़ने के कारण धीरे-धीरे दृष्टि हानी होती है। पारंपरिक उपचारों में अक्सर ड्रॉप्स या इनवेसिव सर्जरी का लंबे समय तक उपयोग शामिल होता है, जो कई बार जोखिम पूर्ण होते हैं। बिहार-झारखंड का पहला आई -स्टंट इंजेक्शन लगाने की सफलता पर मेडिका के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय मिश्र ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मेडिका आखों के मरीजों को अत्याधुनिक सुविधाएं देने में अग्रणी है। आई स्टेंट इंजेक्ट, एक माइक्रो-इनवेसिव ग्लूकोमा सर्जरी डिवाइस, एक न्यूनतम इनवेसिव विकल्प प्रदान करता है जो प्रभावी रूप से इंट्राओकुलर प्रेशर को कम करता है, जिससे ग्लूकोमा रोगियों के लिए अधिक आराम मिलता है। इस प्रक्रिया को आँखों के उपचार में एक वरदान के रूप में माना जाता है। मेडिका अस्पताल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।



# डालसा ने कैंप लगाकर दिव्यांगों के लिए सर्टिफिकेट बनवाया



*कल सदर अस्पताल में बनाया जायेगा दिव्यांग बच्चों का सर्टिफिकेट*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झालसा के आदेशानुसार विकलांग बच्चों के लिए 45 दिवसीय विशेष अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने रांची सदर अस्पताल केसिविल सर्जन के सहयोग से संत मिखाईल नेत्रहीन विद्यालय, बहु बाजार, रांची में दिव्यांग बच्चों का सर्टिफिकेट बनवाने के लिए एक कैंप लगाया। इसमें 32 दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर सर्टिफिकेट बनवाने हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर मेडिकल जांच की प्रक्रिया को समाप्त करते हुए दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। इस अभियान के तहत हरमू नेत्रहीन एवं मुकबधिर विद्यालय में सदर अस्पताल के सहयोग से कैंप लगाकर दिव्यांग बच्चों के लिए सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा दी गयी है। ज्ञात हो कि इस विशेष अभियान के तहत प्रतिदिन सदर अस्पताल में दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाने की प्रक्रिया भी जारी है।

इसी अभियान के तहत झालसा के तत्वावधान में सदर अस्पताल प्रशासन की सहयोग से दिनांक 21 अगस्त को एक विशेष कैंप लगाकर रांची जिले के सभी दिव्यांग बच्चों के लिए रजिस्ट्रेशन एवं मेडिकल टीम गठित की गयी है । जिससे कि अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों को यूडीआईडी सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जा सके और चिकित्सकों की मदद से दिव्यांग बच्चों का उचित ईलाज भी कराया जा सके।

# संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति की आधारशिला : स्वामी दिव्यदेव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आचार्यकुलम के निदेशक स्वामी दिव्यदेव ने संस्कृत भाषा को 'देववाणी' के रूप में प्रतिष्ठित करते हुए इसके आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व पर विशेष बल दिया। स्वामी दिव्यदेव ने कहा कि संस्कृत भाषा में रचित वेद, उपनिषद, गीता और अन्य धार्मिक ग्रंथ भारतीय संस्कृति की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत का अध्ययन केवल भाषायी ज्ञान नहीं, बल्कि आत्मज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग है। स्वामी दिव्यदेव ने संस्कृत को धर्म, योग और ध्यान के क्षेत्र में अनिवार्य बताया और इसे एक आध्यात्मिक यात्रा के रूप में प्रस्तुत किया। स्वामी दिव्यदेव विश्व संस्कृत दिवस के अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के संस्कृत विभाग, संस्कृत भारती और संस्कृत सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आयोजित भव्य समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि, रांची विश्वविद्यालय की मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. अर्चना कुमारी दुबे ने भारतीय भाषाओं पर संस्कृत के प्रभाव की चर्चा की। उन्होंने कहा कि झारखंड एक बहुभाषी राज्य है, जहां विभिन्न भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं। इन भाषाओं पर संस्कृत का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रभाव महत्वपूर्ण है।





## युग में भी उतनी ही प्रासंगिक : धनंजय वासुदेव द्विवेदी

संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में संस्कृत भाषा के आधुनिक संदर्भ में उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल अतीत की धरोहर नहीं है, बल्कि यह आज के युग में भी उतनी ही प्रासंगिक है। संस्कृत के माध्यम से हम न केवल अपने सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित कर सकते हैं, बल्कि इसे आधुनिक विज्ञान और तकनीकी क्षेत्रों में भी लागू कर सकते हैं। द्विवेदी ने कहा कि संस्कृत का अध्ययन भारतीय युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण धरोहर है, जिसे उन्हें गर्व से अपनाना चाहिए। संस्कृत के उत्थान के लिए डॉ. द्विवेदी ने इसे विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर संस्कृत के सरल व्याकरण, श्लोक और साहित्य का अध्ययन छात्रों में इस भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न कर सकता है।

### 22 को सतूड़ी तीज का व्रत रखेंगी माहेश्वरी समाज की सुहागिनें

**रांची।** पंचांग के अनुसार 22 अगस्त को सातूड़ी तीज का व्रत रखा जाएगा। रांची के माहेश्वरी समाज में इस व्रत को लेकर काफी उत्साह है और तैयारियां शुरू हो गईं हैं। समाज के लोग अपनी अपनी जरूरत के अनुसार घरों पर ही प्रसाद बना रहे हैं। हालांकि देश के अन्य राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार में इसे अलग अलग रूप में मनाया जाता है। राजस्थान और देश के अन्य राज्यों में बसे माहेश्वरी समाज के लोग इस पर्व को सातूड़ी तीज के रूप में मनाते हैं। सातूड़ी तीज के पहले घर के बड़े बुजुर्गों द्वारा छोटी बहन बेटियों और बहुओं का सिंधारा किया जाता है। उन्हें उनकी पसंद के खास व्यंजन बनाकर खिलाए जाते हैं। हाथों और पैरों में मेहंदी रचाई जाती है और उपहार के रूप में कुछ भेंट दी जाती है। सातूड़ी तीज के दिन सुबह चांद तारों की छांव में सुहागिनें और युवतियां सत्तू और नारियल की सरगी ग्रहण कर दिन भर निराहार रहती हैं और रात में चांद को अर्ध्य अर्पित कर पति और पुत्र की दीघार्यु की प्रार्थना करती हैं। शाम को व्रतधारी महिलाएं सुंदर परिधान पहन कर भगवान शिव पार्वती की विशेष पूजा करती हैं और चाउमा का दर्शन कर सास के चरण स्पर्श और सत्तू देकर आशीर्वाद लेती हैं।

# दीपिका पांडेय ने हेमंत को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाने का लिया प्रण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में जारी सियासी कोलाहल के बीच मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने रक्षाबंधन और सावन की अंतिम सोमवारी पर सोशल मीडिया एक्स पर भावुक पोस्ट किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संबोधित करते हुए उन्होंने लिखा है, हम बहनें एक बार फिर प्रण लेती हैं कि आपको मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठायेंगे।

रक्षाबंधन पर हमारे भाई ने उपहार दिया है और यदि रक्षा करने की बात आई तो हम बहनें कवच बनकर आपके साथ खड़ी हैं। मंत्री बबिता देवी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा दीपिका पांडेय सिंह साथ ही उन्होंने रक्षाबंधन की बधाई भी बहनों को दी हैं। कहा है, भाई-बहन के असीम स्नेह व प्रेम के पावन पर्व रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं!

यह पवित्र त्यौहार आपके जीवन में स्नेह, खुशियां और आपसी प्रेम को और भी मजबूत करे। आपके रिश्ते हमेशा सुरक्षित और प्यार से भरे रहें।



## रांची से लेकर दिल्ली तक मचा सियासी कोलाहल

जेएमएम के सीनियर नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की ओर से रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर जारी एक पत्र ने रांची से लेकर दिल्ली तक सियासी कोलाहल मचा दिया है। एक ओर चंपाई की जेएमएम से नाराजगी अब खुलकर सामने आ गयी है तो दूसरी और बीजेपी में उनके जाने की अटकलें तेज गयी हैं। इस खबर को लिखे जाने तक भी वे दिल्ली में ही थे।

हालांकि, उन्होंने कहा है कि दिल्ली में वे निजी कामों से हैं लेकिन माना जा रहा है कि आज दिल्ली में ही उनकी मुलाकात कुछ बड़े बीजेपी नेताओं से हो सकती है। इसमें अमित शाह का नाम सबसे पहले लिया जा रहा है।

# राज्यपाल गंगवार से मिला खतियानी लोहार लोहरा जनजाति समाज का प्रतिनिधिमंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खतियानी लोहार-लोहरा जनजाति समाज का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला और समाज की संवैधानिक विसंगतियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने उनसे पूर्व की 1950 ,1956 ,1976 के जनजाति आदेश का अनुपालन कराने तथा पांचवीं अनुसुचित क्षेत्र के अभिभावक होने के नाते सीएनटी एक्ट के तहत आने वाली लोहार खतियान की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री को रद्द करने तथा धारा 46 का सख्ती से अनुपालन कराने का निर्देश जारी करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में संगठन के अध्यक्ष अतीत कुमार, सचिव फलेन्द्र करमाली, विशेश्वर लोहरा और वतन लोहरा आदि मौजूद रहे।



## एक नज़र

### राहुल और खरगे से मिले कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब से शिष्टाचार मुलाकात की और संगठन और सरकार की गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा के हर षड्यंत्र और साजिश से निपटने के लिए हम पूरी ताकत के साथ तैयार हैं।



### ओबीसी मोर्चा 21 की भारत बंदी का करेगा समर्थन

**रांची।** अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण में वर्गीकरण करने और क्रीमी लेयर लगाए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में 21 अगस्त को भारत बंदी का राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा पूर्ण समर्थन कर सड़कों पर उतरेगा। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने जो एससी-एसटी के कोटे में क्रीमी लेयर लगाने का काम किया है, वह संवैधानिक नहीं है। केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर इस मामले को पलटे।

### गोदाम की दीवार तोड़कर छह लाख के सामान की चोरी

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र स्थित जैक कार्यालय के पास स्थित एक गोदाम से चोरों ने रविवार की रात कॉपर केबल सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिया। चोरों ने सुशील सांगा के मकान में बने गोदाम से लगभग छह लाख रुपए के कॉपर केबल आदि सामान की चोरी कर ली। सुशील ने बताया कि गोदाम किराए पर मुर्शीद उर्फ समीर लिए हुए था। गोदाम में मोबाइल टावर का सामान रखा हुआ था। चोरों ने गोदाम की दीवार तोड़कर पूरा सामान गायब कर दिया। इस मामले में समीर ने नामकुम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि पुलिस दर्ज शिकायत के आधार पर आसपास के सीसीटीवी को खंगाल रही है।

### सड़क दुर्घटना में बालक की मौत पर झालसा ने लिया संज्ञान

**रांची।** बहुबाजार-कांटाटोली मार्ग पर 15 अगस्त को हुई सड़क दुर्घटना में बालक की मौत पर झालसा ने संज्ञान लिया है। इस दुर्घटना में बेकाबू कार ने स्कूटी सवार मां एवं बेटे को अपने चपेट में लिया था। इसमें 11 साल के बालक प्रियांशु की मौत हो गई थी। वहीं, मां रोमा कुमारी गंभीर रूप से घायल है। अखबार में छपी खबर पर झालसा ने संज्ञान लेते हुए डालसा रांची को आदेश दिया कि तत्काल घायल रोमा कुमारी तथा उनके परिवार वालों से मिलकर आवश्यक विधिक सहायता प्रदान करें। आदेश पर न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने एक टीम गठित किया।

# झारखंड के इतिहास में चंपाई सोरेन का नाम विभीषण के रूप में दर्ज होगा : बन्ना

**नवीन मेल संवाददाता**

**सरायकेला।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के खिलाफ राज्य के मंत्री बन्ना गुप्ता ने टिप्पणी करते हुए उन्हें विभीषण करार दिया है। एक बयान जारी करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड का इतिहास जब भी लिखा जाएगा, चंपाई सोरेन का नाम विभीषण के रूप में दर्ज होगा।



बन्ना ने कहा कि जिस पार्टी और माटी ने उनको सब कुछ दिया उसको ठुकरा कर अपने आत्मसम्मान को गिरवी रखकर वे सरकार को तोड़ने का कार्य कर रहे थे लेकिन समय रहते जब चीजें सामने आ गई तो सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहें है जबकि हकीकत है कि वे अपनी करनी पर पछतावा कर रहे हैं और मुंह छुपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरुजी ने एक साधारण व्यक्ति को जमशेदपुर से निकाल कर पहचान दी। उनको मान- सम्मान दिया। हर संभव मदद किया। पार्टी में अपने बाद का ओहदा दिया। जब-जब जेएमएम की सरकार बनी उसमें मंत्री बनाया। सांसद का टिकट दिया। हर निर्णय का सम्मान किया लेकिन उसके बदले चम्पाई दा ने राज्य को मौका परस्ती के दलदल में झोकना चाहा। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमारे नेता हेमंत सोरेन जब जेल जाने लगे तो उन्होंने सभी सत्ता पक्ष के विधायकों से चम्पाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही तो हम सभी ने हेमंत की बात को माना। जब खुद को मुख्यमंत्री बनने की बात थी तो वो निर्णय चम्पाई दा को बुरा नहीं लगा? प्रोटोकॉल के विरुद्ध नहीं लगा, तानाशाही नहीं लगा। जब हमारे नेता जेल से छूटने के बाद वापस आए तो चम्पाई दा कैबिनेट की बैठक में व्यस्त थे।

बन्ना ने कहा कि हर विभाग में, हर मंत्रालय में उनका हस्तक्षेप था। हर मंत्रालय में वे खुद निर्णय लेने लगे थे। तब उनको नेतृत्व में तानाशाही महसूस नहीं हुआ था क्या? दूसरे को नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले और झूठा सहानुभूति इकट्ठा करने के चक्कर में चम्पाई दा अपने कुकर्मों को भूल गए हैं शायद। जब पार्टी और गठबंधन बुरे दौर से गुजर रहा था तो वे भाजपा नेताओं से अपनी सेटिंग बैठा रहे थे। जब हमारे नेता जेल में थे तो केंद्र सरकार की कानून बदलने वाली योजना को हर अखबार के प्रमुख पन्नों में अपनी फोटो के साथ छपा कर कौन सा गठबंधन धर्म निभा रहे थे?

बन्ना ने कहा कि चम्पाई दादा, 2019 का चुनाव आपके चेहरे पर नहीं, बल्कि हेमंत बाबू के चेहरे पर लड़ा था और ये जनादेश हेमंत बाबू और गुरुजी को मिला था लेकिन अनुकम्पा के आधार पर मिली कुर्सी को आप अपना समझने लगे। सच तो ये है कि आप सत्ता के लोभी हैं और कुर्सी के भी। जिस दिन हेमंत बाबू जेल से बाहर आये थे आपको नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए था और नंगे पैर चलकर हेमंत बाबू को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए था लेकिन आप तो अंतिम समय में भी ट्रांसफर-पोस्टिंग में लगे थे।

## चंपाई सोरेन को विभीषण बताए जाने पर बोली भाजपा

## बन्ना गुप्ता ने झारखंड सरकार को बताया रावण राज : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा ने मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विभीषण कहने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि बन्ना गुप्ता अगर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विभीषण बता रहे हैं तो यह स्पष्ट हो गया कि वर्तमान सरकार का कार्यकाल रावण राज के समान है। जाने अंजाने बन्ना गुप्ता ने सच्चाई बताते हुए वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार की तुलना रावण राज से कर दी है। प्रतुल ने कहा चाटुकारिता में बन्ना गुप्ता शब्दों की मयार्दा को भूल गए और कोल्हान के एक जमीन से जुड़े कद्दावर आदिवासी नेता का अपमान कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि इसके पहले भी बन्ना गुप्ता अपनी विवादास्पद कार्यों और टिप्पणियों के कारण जाने जाते रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि वर्तमान में राज्य में रावण राज जैसे हालात है। पिछले पौने 5 वर्षों में 7000 से ज्यादा बेटियों की इज्जत लूटी गई। 7000 से ज्यादा हत्याएं हुई। हजारों लूट और अपहरण की घटनाएं हुई। विधि व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई। ग्रामीण क्षेत्रों में नक्सलियों का तांडव हो रहा है। शहरी क्षेत्र में संगठित आपराधिक गिरोह वकील, नेता, पुलिसकर्मी और आम जनों की हत्याएं कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि इस रावण राज के खात्मे के लिए और धर्म की रक्षा करने के लिए अगर कोई सिस्टम पर प्रश्न खड़ा करता है जैसा चंपई सोरेन ने किया तो उनको बन्ना गुप्ता जैसे लोगों के द्वारा टारगेट करवाया जाता है। प्रतुल ने कहा कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है। लेकिन झारखंड में सिर्फ सत्ता के लोभ में वर्तमान के रावण राज के सारे कुकर्मों को वो नजरंदाज कर रही है। प्रतुल ने कहा पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। लेकिन कांग्रेस सिर्फ मंत्री पद और ब्रीफकेस के लालच में सत्ता में लगातार बने रहने के लिए सरकार को समर्थन जारी रख रही है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि वह कब तक इस रावण राज में कुंभकर्ण बन कर सोई रहेगी? सिर्फ सत्ता और पैसे के लालच में कांग्रेस वर्तमान में कुंभकर्णी निंद्रा में सोई हुई है।



*कांग्रेस बताए कब तक कुंभकर्ण बनी रहेगी?*

# नशीले पदार्थों की रोकथाम की एसओपी नहीं बनाए जाने पर हाईकोर्ट नाराज

*कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा और अगली सुनवाई 27 अगस्त को*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नशीले पदार्थों और शराब की अवैध बिक्री पर रोकथाम की एसओपी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) पेश नहीं किए जाने पर सोमवार को हाईकोर्ट ने नाराजगी जतायी। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने स्वतः संज्ञान लिए मामले की सुनवाई करते हुए मौखिक कहा कि ऐसे मामलों पर सरकार संवेदनशील बने। ऐसे गंभीर मामलों पर सरकार को जल्द जवाब दाखिल करना चाहिए। यदि सरकार जवाब दाखिल नहीं करती है तो कोर्ट खुद सख्त आदेश पास कर सकता है। इससे पूर्व सुनवाई के दौरान नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसने झारखंड में अफीम की खेती का पता लगाने के लिए बिजाग-एन नाम का एक ऐप बनाया है, जिसका पासवर्ड राज्य सरकार के साथ शेयर किया जा चुका है। इसके आधार पर राज्य सरकार खूंटी सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में अफीम की खेती का पता लगाकर उसे नष्ट कर सकती है। कोर्ट ने इस बिंदु पर भी राज्य सरकार से जवाब मांगा और अगली सुनवाई 27 अगस्त को निर्धारित की।




पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मौखिक कहा था कि पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) आपसी सहयोग से झारखंड में अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए कार्रवाई करे। खूंटी सहित राज्य के कई जिलों में जंगलों में अफीम की खेती होती है। सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से पुलिस और एनसीबी तालमेल कर इसका पता लगाकर इन्हें नष्ट करने की दिशा में कार्रवाई करे। पुलिस को भी कोर्ट ने निर्देश दिया था कि वह अफीम, चरस और गांजा सहित अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए एसओपी बनाए और जवाब दाखिल करे।

# राज्य में आज और कल भारी बारिश का अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में मंगलवार को सामान्य बारिश होगी। लेकिन, सूबे उत्तरी भाग के पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, देवघर, धनबाद, दुमका सहित अन्य इलाकों में भारी बारिश होगी। साथ ही वज्रपात भी होगा। इसको लेकर भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र के द्वारा येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, दूसरे दिन 21 अगस्त को उत्तरी-पश्चिमी झारखंड के पलामू और गढ़वा में भारी बारिश होगी। इसके लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य के उत्तर भाग के अलावा मध्य भाग रांची के अलावा बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ में भी भारी बारिश होगी। राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम की चेतावनी 23 अगस्त तक है। इस अवधि में कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।



पिछले 24 घंटे के अंतराल में कई स्थानों पर मध्यम दर्जे की बारिश हुई। जबकि, कई जगहों में भारी बारिश का भी आंकड़ा दर्ज किया गया। इस अवधि में राज्य में मानसून गतिविधियां सामान्य रहीं। सबसे अधिक बारिश धनबाद के राजदाह में हुई। यहां 100.8 मिमी बारिश का आंकड़ा दर्ज किया गया। जबकि, रांची में सुबह साढ़े आठ से शाम साढ़े पांच बजे तक 16.8 मिमी बारिश हो पाई।

# राजधानी रांची दुष्कर्म के मामले में पहले स्थान पर : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि रांची में दुष्कर्म की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। रांची सहित पूरे प्रदेश में महिलाएं डर के साए में रहने को विवश हैं। ट्वीट में आगे लिखा है कि सोचिए ये हाल अगर राजधानी रांची का है, तो अन्य जिलों और शहरों का हाल और कितना भयावह होगा। राजधानी रांची भर में,2022 में 190 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं घटी, जो 22% की वृद्धि के साथ 2023 में 232 तक जा पहुंची। इस साल में जून तक ही यानी महज 6 महीने में महिलाओं के साथ अपराध की संख्या 113 तक पहुंच गई है। दुष्कर्म की घटनाओं का औसत निकालें तो प्रतिमाह 20 दुष्कर्म की घटनाएं घटित हो रही हैं। लेकिन हेमंत सरकार को इसके बाद भी महिला सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है। हेमंत सरकार में महिलाओं के साथ जिस तरह से रेप और दुष्कर्म की घटनाओं में बाढ़ आई है, उससे यह साफ स्पष्ट हो जाता है कि खुद को संवेदनशील कहने वाली यह सरकार, महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील मामले में कितनी असंवेदनशील है।



बाबूलाल ने दूसरे ट्वीट में कहा है कि आदिवासी समाज के लिए बांग्लादेशी मुसलमानों का घुसपैठ बड़ा खतरा बन चुका है। हालिया कुछ सालों में संथाल परगना के 6 जिलों की डेमोग्राफी में अस्वभाविक बदलाव देखने को मिला है। अचानक मुसलमानों की जनसंख्या में भारी वृद्धि आई है, घुसपैठियों के अनगिनत टोले बस चुके हैं। संथाल परगना में आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपराएं खतरे में आ चुकी हैं। बांग्लादेशी मुसलमान फर्जी कागजात बनाकर आदिवासियों की जमीनें हड़प रहे हैं। मुस्लिम वोट बैंक के लालच में झामुमो और कांग्रेस आदिवासी समाज को अल्पंख्यक बनाने की साजिश में लगे हुए हैं।

## बंगाल की लड़की से झारखंड में दुष्कर्म, रांची पहुंची बंगाल पुलिस

**रांची।** पश्चिम बंगाल में एक डॉक्टर की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला अभी थमा भी नहीं था कि झारखंड में बंगाल की एक लड़की से दुष्कर्म का मामला सोमवार को सामने आया है। इस लड़की से राजधानी रांची के एक होटल में दुष्कर्म किया गया। उसने यहां से लौटने के बाद कोलकाता में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई। राजधानी के एक होटल में जांच करने के लिए पश्चिम बंगाल की पुलिस सोमवार को पहुंची। यह मामला चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित होटल एवीएन प्लाजा का है, जहां बंगाल के पुरुलिया जिले की पुलिस जांच के लिए पहुंची। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले पुरुलिया जिले के बागमुंडी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की अपने प्रेमी के साथ इस होटल में आकर रूकी रही थी। इसके बाद उस लड़की ने पुरुलिया में जाकर लड़के के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया है। इसी मामले की जांच को लेकर पश्चिम बंगाल की पुलिस रांची पहुंची।




### नहीं पहुंचा कोई गवाह, मारपीट की आरोपी मां-बेटी बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी शंभू महतो की अदालत ने पैसे की लेनदेन को लेकर मारपीट एवं गाली-गलौज करने के मामले की आरोपी संगीता शर्मा एवं उनकी बेटी अंशुमन शर्मा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। दोनों आरोपी चुटिया थाना अंतर्गत कृष्णापुरी रोड नंबर एक निवासी हैं। पांच साल पुराने मामले में अभियोजन पक्ष को अदालत में सबूत पेश करने का काफी मौका दिया गया। लेकिन, एक भी गवाह न सूचक चंद्रावती देवी और न ही जांच अधिकारी कोर्ट पहुंचे। गवाहों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी भी किया गया था। एसएसपी रांची को भी लिखा गया था। बावजूद कोई गवाह नहीं पहुंचा। बकाया पैसे की मांग पर दोनों ने मिलकर मारपीट की थी। इस घटना को लेकर चुटिया थाना में 17 जुलाई 2019 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन की ओर से आरोपियों पर लगाए गए आरोपों को साबित करने के लिए किसी भी साक्षियों को साक्ष्य के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### सीएम की व्यक्तिगत पेशी से छूट वाली याचिका पर सुनवाई 30 अगस्त को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर 30 अगस्त को सुनवाई होगी। निर्धारित तारीख को एमपी/एलएलए मामले की विशेष अदालत नहीं बैठी थी। इस कारण सुनवाई टल गई थी। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 30 अगस्त निर्धारित की है। हेमंत सोरेन की ओर से उनके अधिवक्ता पांच जुलाई को उक्त मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति में छूट से संबंधित याचिका दाखिल की है। मामले में हेमंत सोरेन के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी है। बता दें कि हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने समन के आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया है। इसमें सुनवाई जारी है। ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ भी रांची की निचली अदालत में जनवरी 2024 में शिकायतवाद दर्ज कराई है। ईडी के आठ समन पर हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे।



### संजय सेठ ने किया रुद्राभिषेक



**रांची।** भगवान शिव के अतिप्रिय श्रावण मास की पूर्णिमा के अवसर पर नई दिल्ली आवास पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सपरिवार रुद्राभिषेक किया। भगवान शिव से सबके सुखद, समृद्ध और आरोग्यपूर्ण जीवन की कामना किया।

### मंत्री संजय सेठ को ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी



**रांची।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मंगलवार को नई दिल्ली आवास पर ब्रह्मकुमारी से जुड़ी बहनों ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को रक्षासूत्र बांधा। सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दिया।

### भाजपा जोड़-तोड़ की राजनीति में विश्वास करती है : मनोज कुमार

**रांची।** प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा जोड़-तोड़ की राजनीति में विश्वास करती है और यही भाजपा की नीति और नियति है। जब से झारखंड में हेमंत सोरेन के अगुवाई में सरकार बनी है तब से आज तक लगातार भाजपा झारखंड में सरकार को गिराने के लिए जोड़-तोड़ करने का काम कर रही है। सफलता नहीं मिली और न मिलेगी। उन्होंने सोमवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भी अपने पाले में करने में भाजपा सफल होता दिख रही है लेकिन सरकार पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है। झारखंड सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। मनोज ने कहा कि भाजपा की नियति अंग्रेजों जैसी है, फूट डालो और राज करो लेकिन झारखंड की जनता भाजपा की नीति और नियति को जानती है। इसमें भाजपा को कभी सफलता नहीं मिलेगी।

राष्ट्रीय जनता दल

### चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने पंडाल निर्माण को ले किया भूमि पूजन



**रांची।** रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के समीप स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष भी भव्य और आकर्षक दुर्गा उत्सव एवं पंडाल का निर्माण करेगी। इसी के तहत सोमवार को चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति अपने पूजा पंडाल परिसर के समक्ष झमाझम बारिश के बीच भूमि पूजन किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, संस्थापक सदस्य रामानंद ठाकुर, जैनेंद्र प्रसाद सहित सभी पदाधिकारी की उपस्थिति रही। मौके पर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि विगत वर्ष से भी आकर्षक और मनोरम दुर्गा उत्सव की प्रस्तुति चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष करेगी। इस कड़ी में जहां एक और पूरे पूजा पंडाल का थीम आरंभ भी अंत है पर होगा। वहीं शहर वासियों के बीच मंत्र मुक्त कर देने वाली भजन संध्या एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या की विशेषता होगी कि बिहार के सुप्रसिद्ध गायक भी इस आयोजित सांस्कृतिक संध्या में उपस्थित होकर भजनों की प्रस्तुति देंगे।

## एक नजर

### सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लबों के निबंधन के लिए 25 अगस्त तक लगेगा विशेष शिविर

**रामगढ़।** जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ मारकस हेम्ब्रम द्वारा जानकारी दी गयी है कि पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखण्ड, रांची एवं उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार रामगढ़ जिला अंतर्गत 20.08.2024 से 25.08.2024 तक सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लबों का सोसाइटी एक्ट अधिनियम 1860 के तहत निबंधन कराने के लिए सभी प्रखंड मुख्यालयों में कैम्प आयोजित किया गया है। सिद्धू -कान्हू युवा खेल क्लब के निबंधन प्रक्रिया कार्य में एप्लीकेशन फीस, नोटरी, बैनर, आवश्यक दस्तावेजों का छायाप्रति टाईपिंग कार्य एवं अपलोड करने के लिए शुल्क आदि से संबंधित व्यय के भुगतान हेतु प्रत्येक ग्राम स्तरीय गठित सिद्धो-कान्हु युवा खेल क्लब को अधिकतम 800 /- रुपए मात्र की राशि विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।

### आरक्षण को लेकर एससी-एसटी कल करेंगे भारत बंद

**रामगढ़।** एससी-एसटी समन्वय समिति आरक्षण को लेकर 21 अगस्त को भारत बंद के समर्थन में सड़क पर उतरेगा। आंदोलन की तैयारी को लेकर रविवार को झारखंड 15 नंबर विवाह भवन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता इचाकडीह पंचायत के मुखिया रमेश राम और संचालन वार्ड सदस्य सुनील करमाली ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि देश में अनुसूचित जाति (एससी) को 15 फीसदी और अनसूचित जनजाति (एसटी) को 7.5 फीसदी आरक्षण मिलता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एससी और एसटी की जातियों के इसी 22.5 फीसदी के आरक्षण में ही राज्य सरकारें एससी और एसटी के कमजोर वर्गों का अलग से कोटा तय कर सकेगी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है।

### कुजू में ओवरलोडिंग के विरुद्ध ट्रक ट्रेलर हाइवा ओनर एसोसिएशन की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

**कुजू।** कुजू में ओवरलोडिंग के विरुद्ध ट्रक, ट्रेलर, हाइवा ओनर एसोसिएशन रामगढ़ ने दूसरे दिन भी हड़ाल जारी रखी। आंदोलनकारियों ने दावा किया है कि इस आंदोलन से फैक्ट्रियों तक खनिजों की ढुलाई प्रभावित हुई है। यही वजह है कि आंदोलन को कुचलने के लिए दूसरे दिन को अहले सुबह करीब तीन बजे अज्ञात सफेद रंग की डस्टर कार से करीब 5 की संख्या में असामाजिक तत्व आंदोलनस्थल कोरियाघाटी में आ धमके। इस दौरान वे लोग आंदोलनकारियों पर कोल्ड ड्रिंक्स की खाली बोतलों से प्रहार कर खदेड़ना चाहा। आंदोलन स्थल पर तंबू में डटे करीब पंद्रह की संख्या में डटे आंदोलनकारी विरोध करते हुए उन्हें ललकारा। इससे हमला करने वाले लोग अपने डस्टर कार से फरार हो गए। इस घटना की शिकायत एसोसिएशन सचिव पारस महतो ने कुजू ओपी पुलिस को लिखित में किया है। मामले में कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने घटनास्थल पहुंच मामले की जानकारी लेते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## विधायक मद से एक करोड़ चार लाख रुपये की 47 योजनाएं स्वीकृत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि विधायक अंबा प्रसाद की सराहना किया है। उन्होंने कहा की अंबा के अथक प्रयास से पतरातू प्रखंड का चहुमुखी विकास के लिए विधायक मद की योजना को स्वीकृति मिली है। फिलहाल पतरातू प्रखंड में 47 योजनाओं का स्वीकृति मिला है। जिसमें प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में विभिन्न प्रकार की विकास योजना उतारी गई है। इसमें पीसीसी पथ, पेवर ब्लॉक पथ, यात्री शेड, शमशान शेड, छठ घाट, शमशान घाट, नाली निर्माण, मंदिर के समीप सुंदरीकरण, मंडा पूजा के लिए तारा माचा,चबुतरा निर्माण एवं विभिन्न प्रकार की योजनाएं शामिल हैं। कुल मिलाकर 47 योजनाएं हैं जिसकी लागत एक करोड़ चार लाख रुपए से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद पतरातू प्रखंड ही नहीं पूरे बड़कागांव विधानसभा में बड़ी-बड़ी योजनाओं को धरातल में उतारने के बाद अब पंचायत में जो छोटी-छोटी योजनाएं बची हुई थी उन योजनाओं को अपने विधायक मद से धरातल पर उतारने का काम कर रही है। ताकि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो सके।

### रक्षाबंधन पर यूथ विंग ने प्रदान की 11 निःशुल्क टोटो सेवा

## समाज के हर वर्ग की सेवा हमारा मुख्य उद्देश्य : चंद्र प्रकाश जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
रक्षाबंधन के अवसर पर हजारीबाग की माता बहनों के आवागमन को सुगम बनाने हेतु पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क 11 टोटो सेवा हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा प्रदान की गई।सेवा की विधिवत शुरूआत सांसद मनीष जायसवाल की मां विद्या जायसवाल ने हरी झंडी दिखलाकर की। माता बहनों की सहूलियत हेतु कार्यक्रम से पूर्व टोटो चालक का नंबर जारी किया गया था।इससे पूर्व कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंची विद्या जायसवाल का स्वागत संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, कार्यक्रम सहसंयोजक अभिषेक पांडे सहित उपस्थित तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया गया। दूसरी ओर अपने सोशल मीडिया के माध्यम से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से सांसद मनीष जायसवाल ने सेवा कार्य की प्रशंसा की है।कार्यक्रम के संयोजक के रूप में वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी एवं सहसंयोजक के रूप में अभिषेक पांडे को नियुक्त किया गया था।मौके पर विद्या जायसवाल ने कहा कि निःशुल्क 11टोटो का वितरण एक सराहनीय सेवा है। यह सेवा माता बहनों के रक्षा बंधन को सरल बनाने के एक अच्छी मुहिम है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि हमारी संस्था ने हमेशा समाज के हर वर्ग की सेवा को अपना मुख्य उद्देश्य माना है, और इस पहल के माध्यम से हम महिलाओं के जीवन को आसान बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। इस अवसर पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,सचिव संजय कुमार कार्यक्रम संयोजक अभिषेक पांडे, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खण्डेलवाल, गुंजन मद्धेशिया, विकास तिवारी, शम्पा बाला,जीतू जैन,अतिशय जैन सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड कांग्रेस कमेटी के नए प्रदेश अध्यक्ष को बीस सूत्री अध्यक्ष ने दी बधाई



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झारखंड कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो को उनके चयन पर हार्दिक बधाई दी है। अपने संदेश में श्री मंगलेश ने कहा कि केशव महतो का प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चयन झारखंड कांग्रेस के लिए एक ऐतिहासिक और सही कदम है। उन्होंने कहा कि श्री महतो का नेतृत्व हमेशा से ही समाज और पार्टी के प्रति समर्पित रहा है और उनके अध्यक्ष बनने से झारखंड कांग्रेस को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। दूधीर मंगलेश ने विश्वास जताया कि केशव महतो के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी झारखंड में जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी और राज्य की जनता के हित में प्रभावी कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि श्री महतो के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त बनेगा और कार्यकर्ताओं के बीच नए जोश का संचार होगा। सुधीर मंगलेश ने झारखंड के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे केशव महतो के नेतृत्व में संगठित होकर पार्टी के मिशन को आगे बढ़ाएं और राज्य के विकास में अपना सक्रिय योगदान दें।

### भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने किया रूद्राभिषेक व प्रसाद वितरण

**हजारीबाग।** सावन मास की अंतिम सोमवारी को शहर के खिरगांव स्थित मुक्ति धाम मां काली मंदिर में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने रूद्राभिषेक किया तथा प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने माता काली एवं शिवालय में शीश झुकाकर समस्त सदर विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मौके पर उन्होंने कहा कि सावन का महिना काफी पावन होता है। पवित्र मास का हर दिन शुभ एवं मंगलकारी होता है। पूजा पाठ एवं अनुष्ठान से बाबा भोलेनाथ एवं माता पार्वती प्रसन्न होकर जीवन को चमत्कारी बदलाव से आच्छादित कर देते हैं। इस अवसर पर बिट्टू पुजारी, भाजपा अनुसुचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मिकी, रवि कुमार, शंभू पीडी मेहता, ऋषभ ज्योति, विकाश हरि, नवीन पांडे, रोहित पांडे, मनीष कुमार, आशीष कुमार सिंह, मुकेश गुप्ता, दिनेश सीआर पासवान, मोनू गुप्ता, अजीत गुप्ता, रंजीत राम, रोहित राम, मनीष कुमार राम, मनोज कुमार एवं मनोज राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भाजपा नेता अनूप भाई लगवाएंगे औषधीय व फलदार पौधे




**हजारीबाग।** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर राखी बांधने भाजपा नेता अनूप कुमार उर्फ अनूप भाई के घर पहुंची बहनों को राखी बांधने के बाद उपहार स्वरूप सभी बहनों को चंदन एवं मियांजाकी किस्म का आम पौधा भेंट किया।उन्होंने आशीर्वाद स्वरुप कहा कि जिस तरह आम के पेड़ में कभी पतझड़ नहीं आता इसी तरह हमारे बहनों के जीवन में कभी पतझड़ ना आए,इसलिए आम का पौधा भेंट कर रहा हूं।भाजपा नेता अनूप भाई ने बताया कि मियांजकी मैंगो वह आम है जो बाजारों में लाखों रुपए किलो के भाव से बिकता है।वहीं उन्होंने अपनी छोटी बहन आरती सिंह को रक्षाबंधन के उपहार स्वरूप बहन के ससुराल बरकट्ठा विधानसभा के अंतर्गत इचाक प्रखंड के ग्राम देवकली में सभी घर में औषधीय पौधा एवं फलदार वृक्ष उपहार स्वरूप लगवाने की बात कही।

## बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर की दीर्घायु होने की कामना



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
भाई बहन के अमर प्यार पर आधारित रक्षा बंधन का त्योहार प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में धूमधाम से संपन्न हुआ. भद्रा नक्षत्र के कारण राखी बांधने का सिलसिला पूर्वाहन डेढ़ बजे के बाद प्रारंभ हुआ. जो देर रात्रि तक चलता रहा. बहनों ने अपने भाई के कलाई पर रेशम की पवित्र धागे बांधकर मंगलकामना किया. भाईयो ने भी बहनों को प्रत्येक विपरित परिस्थितियों में सुरक्षा देने का संकल्प लिया. इस दौरान बहनों ने भाई की कलाई से प्यारा बांधा है, रंग बिरंगी राखी लेकर आई बहना आदि जैसे कर्ण प्रिय पारंपरिक गीतो से पूरा घर आंगन गूंजता रहा. सुबह से ही शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी रही. हर हर महादेव और बोलबम के नारो के बीच देर संध्या तक जलार्पण का सिलसिला चलता रहा. प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित कई भक्तो ने जलार्पण कर बाबा भोले से सुख शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा. इस अवसर पर विभिन्न शिवालयों को भी आकर्षक तरीको से सजाया गया था.

### रक्षाबंधन पर भाइयों ने लिया बहनों की रक्षा का संकल्प



बरकट्ठा। रक्षाबंधन का त्योहार प्रखंड क्षेत्र मे धूमधाम के साथ सोमवार को मनाया गया।सावन के अंतिम सोमवार एंव सावन पुर्णिमा को लेकर सभी मंदिरों में श्रृद्धालुओ की भीड़ उमड़ी।इस निमित श्रद्धालुओं ने पुजा अर्चना की । भाई -बहन के प्यार का प्रतीक इस त्योहार को बेहतर ढंग से मनाने के लिए घर घर में तैयारियां की गई। दोपहर 2:00 के बाद बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर जन्म जन्म तक सुख-दुख में साथ निभाना का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाना का वादा किया। इस दौरान बहनों ने सप्रेम भाइयों को मिष्ठान खिलाया और माथे पर तिलक लगाकर उनके मंगल जीवन की कामना की। बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई। छोटी बहनों ने भाईयों से आशीर्वाद लिया व छोटे भाइयों ने भी अपने बड़ी बहनों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वही प्रखंड मुख्यालय समेत सभी स्थानों पर मिठाइयां एंव राखी की दुकानें सज गई थी। बहनों ने मिठाई और राखी की जम कर खरीदारी की। कहीं-कहीं भाइयों ने बहनों के घर जाकर राखी बंधवाया। पूरे दिन रक्षा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों में भी रक्षाबंधन का उत्साह देखने को मिला।

## आर्ष कन्या गुरुकुल की बालिकाओं के साथ रक्षाबंधन मनाना सुखद अनुभव : टोनी जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भाजपा नेता व किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने रक्षाबंधन त्योहार आर्ष कन्या गुरुकुल की बालिकाओं के साथ पूर्णिमा के अवसर पर हवन पूजन के उपरांत बालिकाओं से रक्षा सूत्र बंधवाया। गुरुकुल में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ बालिकाओं आरती उतार कर बारी-बारी से रक्षा सूत्र भाजपा नेता के हाथ में बांधा। भाजपा नेता टोनी जैन ने कहा गुरुकुल परिसर में पावन त्यौहार हमारे लिए बहुत ही ऐतिहासिक पल है ,यह कभी भुलाए भूल नहीं सकते । बहुत सारी छोटी-छोटी कन्याओं ने रक्षा सूत्र में हमें बांधकर यह एहसास दिलाया की आप हम लोगों की हमेशा ध्यान रखना। हमें भी बहुत खुशी हुई बच्चों के अंदर जो उत्साह था वह देखते ही बनता था। जितनी भी बालिका विभिन्न प्रदेश से आकर यहां शिक्षा ग्रहण कर रही है । गुरुकुल की सभ्यता को अपने में अंगीकार कर भविष्य में अपने परिवार तथा समाज का नाम रोशन जरूर करेगी। शिक्षाविद आचार्य कौटिल्य ने भी भाजपा नेता का सम्मान किया और कहां की आप हमेशा यहां आकर बच्चों को प्रोत्साहित करते रहते हैं। इससे बच्चों का मनोबल हमेशा ऊंचा रहता है, टोनी जैन ने कहा यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कार्यक्रम में सोनू गुप्ता ,चैतन्य जैन किशोर गुप्ता ,एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## एकल अभियान की महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



**नवीन मेल संवाददाता। दारू**
एकल अभियान मिशन दारु प्रखंड कि आचार्य दीदियों के द्वारा दारु थाना भवन मे रक्षा बंधन के अवसर एएसआई श्रवण पासवान और थाना मे मौजूद सभी पुलिस कर्मियों को भाई बहन के प्यार का प्रतीक राखी के पवित्र धागे को वैदिक मंत्रोंचारण के साथ बाँधा। इस अवसर पर पॉलिसकर्मियों ने सभी बहनो की रक्षा का वचन दिया। पुलिस कर्मियों को राखी बांध कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं की इस पहल की सराहना की। वहीं इस मौके पर सभी पुलिसकर्मियों ने परिसर में परिवार जैसा अनुभव महसूस किया। कहा कि पुलिस बल हमेशा उनकी सुरक्षा के हित में तत्पर रहेगी। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि अधिकांश पुलिस के जवान जनता की रक्षा ड्यूटी में रहने के चलते रक्षाबंधन जैसे प्रमुख पर्व पर घर नहीं जा पाते। इस मौके पर पर थाना के सभी पुलिसकर्मियों एंव सभी एकल अभियान मिशन से जुड़ी महिला दीदी मौजूद रहें।

### अभियान में कनीय अभियंता अभिषेक आनंद थे शामिल

## विद्युत चोरी मामले में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
विद्युत विभाग की ओर से बंडासिंघा गांव में बिजली चोरी रोकथाम को लेकर छापामारी अभियान चलाई गई। अभियान में बरकट्ठा विद्युत कनीय अभियंता अभिषेक आनंद समेत अन्य लोग शामिल थे। अधिकारियों ने ग्राम बंडासिंघा निवासी रहमत अंसारी पिता स्व बंधन मियां, दामोदर महतो पिता स्व जगदीश महतो, बाजो ठाकुर पिता मल्लू ठाकुर, कैलाश ठाकुर पिता चुरो ठाकुर, मीना देवी पति महेंद्र मोदी को बिजली चोरी करते हुए पकडा है। इस बाबत कनिय अभियंता अभिषेक आनंद ने एक लिखित शिकायत गोरहर थाना में देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया कि यह अभियान बिजली बिल बकाया रखने तथा पोल से टोका लगाकर अतिरिक्त फेज खींचकर विद्युत उर्जा की चोरी करते हुए पकड़े गये हैं। जिनपर विद्युत विभाग के द्वारा आर्थिक जुमार्ना लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया गया। बताया कि बिजली चोरी रोकथाम को लेकर चलाया जा रहा अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### झामुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव का बरकट्ठा दौरा जारी

**बरकट्ठा।** जेएमएम के पूर्व जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव का बरकट्ठा क्षेत्र में लगातार दौरा जारी है। पद मुक्त होने के बाद भी इन्होंने बरकट्ठा विधानसभा में दौरा कर लोगों के सुख दुख में हमेशा शामिल होने का प्रयास किया है।इस निमित एक सप्ताह पूर्व बरकट्ठा अन्तर्गत साहु टोला में लगभग पांच सौ बीमार लोगों से मिलकर उन्हें स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया। लोगों का कहना है की बरकट्ठा भाजपा का हमेशा गढ़ रहा है। लेकिन शंभू लाल यादव जब से बरकट्ठा दौरा कर रहे हैं तो वहां एक अलग पहचान बना ली है। जनता की हर सुख दुःख में पहुंचते हैं।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दूरभाष पर साहु टोला के लोगों के बीमार होने की जानकारी देकर अविलंब कैंप, मरीज की जांच, फॉग्स वाहन भेजवाया।वहीं श्री यादव का कहना है कि जनता मुझे जब भी याद करेगी तो हरहाल में मैं उनके साथ खड़ा रहूंगा। बताया कि किसी भी कार्यक्रम में निमंत्रण मिलने पर अवश्य पहूचता हूं। शंभू लाल यादव का लगातार भ्रमण से अन्य पार्टियों की धड़कन बढ़ा दी है।

### पगमिल रोड पर जलभराव के खिलाफ प्रदर्शन

## कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह अधिकारियों से जल्द कार्रवाई की करेंगे अपील



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने पगमिल रोड स्थित हासमियां कॉलोनी का दौरा किया, जहां स्थानीय निवासी गंदे पानी के जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। मौके पर समाजसेवी संजर मलिक भी मौजूद थे, जिन्होंने नगर निगम और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ गंदे पानी में लेटकर विरोध प्रदर्शन किया। संजर मलिक ने नगर निगम एवं स्थानीय प्रशासन के सामने स्थानीय लोगों की पीड़ा को उजागर करने के लिए यह विरोध प्रदर्शन किया। पगमिल रोड, जो हजारीबाग, कटकमसाड़ी, और चतरा के बीच का मुख्य मार्ग है, इस बरसात में तालाब या नदी जैसा बन चुका है। इसके कारण आम जनता को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, विशेष रूप से पगमिल के निवासियों को, जिनके घरों और दुकानों में पानी भर रहा है।इस स्थिति की जानकारी मिलते ही, मुन्ना सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने समाजसेवी संजर मलिक और स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और समस्या की गंभीरता को समझा। मुन्ना सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे और आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रशासन से तुरंत मुलाकात करेंगे। मुन्ना सिंह के आश्वासन के बाद समाजसेवी संजर मलिक और स्थानीय निवासियों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त किया। स्थानीय लोगों ने अपने घरों में पानी भरने की समस्या और अन्य कठिनाइयों को लेकर मुन्ना सिंह से अपनी पीड़ा साझा की। मुन्ना सिंह ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वे इस मुद्दे पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएंगे।

### श्रावणी पूर्णिमा पर महावीर मंदिर में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन

## जिस क्षेत्र में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन होता है, वहां प्रभु की कृपा होती है : चंद्रप्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
महावीर मंदिर पारडीह प्रबंधन समिति ने पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए ।मौके पर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि जिस क्षेत्र में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन होता है वहां प्रभु निवास करते हैं। प्रभु की कृपा से क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं खुशहाली आती है। लोग स्वस्थ्य रहते हैं। इसलिए अखंड हरि कीर्तन का हमारे जीवन में काफी महत्व है। कहा की इस तरह के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं. जिससे लोगों को एक दूसरे के विचारों एवं एक दूसरे को समझने का अवसर मिलता है। मौके पर अमृतलाला मुंडा, राजेंद्र महतो, पुरुषोत्तम महतो, विकास कुमार, अध्यक्ष अजय कुमार, सचिव पिंटू कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद महतो, उपाध्यक्ष शंकर पटेल, उप सचिव आकाश कुमार, उप कोषाध्यक्ष मंतोष पांडें, महेंद्र चौधरी, जगत महतो, चितरंजन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### एसएल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने वितरित की पूजन सामग्री

**हजारीबाग।** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पवित्र श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढवा महादेव स्थित माँ वैष्णव मंदिर में पूजन समाग्री का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम सुबह सात बजे शुरू हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं को दुध, फुल, बेलपत्र, माचिस एवं अगरबत्ती प्रदान किया गया।ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता के द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र के साथ सम्मानित किया गया। साथ ही गरीब बच्चों में बिस्कुट एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। मौके पर ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्मिला गुप्ता ने भगवान भोलेनाथ से सभी के लिए सुख एवं शांति की मंगल कामना की। मौके पर सुमीत सोंडी उर्फ रिंकू सोंडी, बटेश्वर मेहता, सुमेर सेठी, भैया आसिम, कार्तिक पाण्डेय एवं गौतम कुमार समेत कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**Affidavit**

I, MO Kaushar Ansari, S/oLatif Ansari, R/o At-Urba, P.O.-Bariyatu, P.S-Rajrappa, dist. Ramgarh (Jharkhand) Affidavit No, 8314, Dated 06/08/24 by declare that myactual & correct name is MOKAUSHAR ANSARI which ismentioned in my Aadhar Card. But mistake My name KAUSAR ANSARI mentioned in bank account bearing No.481910400018090 Bank of India, Ramgarh. MO KAUSHAR ANSARI and KAUSHAR ANSARI both name are same and single person who is myself.

**Date- 05/08/2024** **Affidavit S.no - 3609**

## एक नजर

### जंगली भालू के हमले से एक व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ घायल

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सरई पानी झिल्पी गांव में जंगली भालू के हमले से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया ।घायल व्यक्ति की पहचान जॉनसन हेंब्रम के रूप में हुई ।मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को व्यक्ति अपने घर की ओर जा रहा था, इसी दौरान अचानक जंगली भालू उसके ऊपर हमला कर दिया और जिससे उसका पैर पूरी तरह से जख्मी हो गया ।किसी तरह बचते हुए भाग कर व्यक्ति घर पहुंचा और इसकी सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद परिवार वालों ने उसे तुरंत इलाज के लिए कोलेबीरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर उसकी इलाज चल रही है। इधर घटना की जानकारी कोलेबिरा वन क्षेत्र पदाधिकारी को भी दी गई। जिसके बाद वन विभाग की ओर से मुआवजा के लिए प्रयास की जा रही।

### ठेठईटांगर प्रखंड में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से संपन्न



**ठेठईटांगर।** थाना मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायत के गांवो में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से संपन्न हो गया। बहनों ने सज धज कर राखी की थाली सजाई एवं बहनों ने भाइयों को टीका लगाकर कलाई पर राखी बांध लंबी उम्र एवं उत्तम स्वास्थ्य धन धान्य होने की आशीर्वाद दी एवं भाइयों ने बहनों के हर सुख दुख में साथ निभाने तथा उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया।

### मनसा पूजा पर भव्य जागरण का हुआ आयोजन शामिल हुए सांसद

**रामगढ़।** श्री श्री मनसा पूजा समिति फुटलाही बांध पारसोतिया द्वारा मनसा पूजा के शुभ अवसर पर शनिवार की रात्रि भव्य जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने माता मनसा की पूजा अर्चना कर एवं दीप प्रज्जवलित कर जागरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा की माता मनसा की अपने श्रद्धालुओं पर काफी कृपा रहती है। कहा की जो भी श्रद्धालु माता की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करते हैं माता उनकी जीवन के हर मोड़ पर मदद करती हैं। साथ ही माता के आशीर्वाद से श्रद्धालु हमेशा खुशहाल रहते हैं। सांसद ने कहा की हमारे पूर्वज हजारों वर्ष पूर्व से माता मनसा की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। क्योंकि माता का आशीर्वाद उन्हें हमेशा मिलता था। वहीं, मनसा पूजा आयोजन समिति द्वारा जागरण का आयोजन किये जाने की श्री चौधरी ने प्रशंसा की और कहा की ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से जहां भक्ति की भावना का प्रसार होता है वहीं, लोगों को एक दूसरे के विचारों को समझने का अवसर मिलता है। इसलिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण होते हैं और समय समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए।

# अंतिम सोमवारी व पूर्णिमा पर पूर्व विधायक ने किया जलाभिषेक

*मनोकामनेश्वर मंदिर में जलार्पण कर रुद्राभिषेक किया, क्षेत्र में शांति और प्रगति का आशीर्वाद मांगा*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
श्रावण की अंतिम सोमवारी व पूर्णिमा के अवसर पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर में जलार्पण कर रुद्राभिषेक किया। अहले सुबह अपने दर्जनों समर्थको संग जीटी रोड स्थित बराकर नदी पहुंचे. पूरे विधान के साथ जल लिया और मनोकामनेश्वर मंदिर पहुंचकर बाबा भोले का जलाभिषेक किया. इस अवसर पर उन्होंने रुद्राभिषेक में भी भाग लिया और भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति और प्रगति का आशीर्वाद मांगा. रुद्राभिषेक व पूजा अर्चना मंदिर के पुजारी अनुज शर्मा ने कराया. पूर्व विधायक ने कहा कि शिवभक्तों के लिए श्रावण पूर्णिमा की सोमवारी का विशेष महत्व है. इस अवसर पर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करना सौभाग्य की बात है. रुद्राभिषेक के क्रम में मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही. सभी ने मिलकर भगवान शिव का गुणगान किया और उनकी कृपा से क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना किया. हर हर महादेव और बम बम भोले के नारो से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा. मौके पर भाजपा नेता अर्जुन साव, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, राजकुमार यादव, मनोज केशरी, सूरज देव यादव, प्रदीप केशरी, धर्मेंद्र गुप्ता, नन्द किशोर गुप्ता, पिंटू केशरी, पिंटू ठाकुर, बलराम केशरी, प्रशांत केशरी, श्याम सिन्हा, हरिशंकर शर्मा, दिलीप केशरी, आचार्य चंद्र मोहन मिश्रा, मंदिर पुजारी अनुज शर्मा, सचिन यादव आदि सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

एआईएमआईएम के जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन

# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं : शाकिर अली




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
हजारीबाग के मंडई में एआईएमआईएम के जिला कार्यालय का उद्घाटन हुआ. जिसमे बतौर मुख्यातिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अली व विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव हामिद हाशमी शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन जिलाध्यक्ष सूरज दास ने किया. प्रदेश अध्यक्ष ने आगामी विस चुनाव को लेकर संगठन मजबूती और विस्तार पर जोर दिया. श्री अली ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी रीढ़ होते हैं।
उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से केंद्रीय अध्यक्ष के लक्ष्य व उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचाने का अपील की. उन्होंने कहा कि दलित व अल्पसंख्यक समुदाय के हक और हुकूक की लड़ाई के लिए पार्टी हर संभव आवाज बुलंद करेगी. इस अवसर पर जिला कमिटी का विस्तार करते हुए पार्टी के नए अधिकारियों को मनोनयन पत्र देकर स्वागत किया गया. सभी लोगो ने पार्टी के संविधान और केंद्रीय नेतृत्व में विश्वास करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर जिला सचिव नईम अंसारी, उपाध्यक्ष मिसबहुल हक, बरही विधानसभा अध्यक्ष उमेश कुमार यादव, मीडिया प्रभारी रिजवान अंसारी, मो जैनुल, मो इबरार, मो सलाम, मो सलाहुद्दीन, मो खुर्शीद, आफताब अंसारी आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

## न्यूज बॉक्स

### महिला डॉक्टर को न्याय दिलाने को लेकर निकाला गया कैंडल मार्च

**सिमडेगा।** महिला कांग्रेस पार्टी सिमडेगा द्वारा कोलकाता की महिला डॉक्टर मौमिता देबनाथ के बलात्कार और हत्या की पीड़िता को न्याय दिलाने और आरोपियों को सजा दिलाने की मांग को ले कर कैंडल मार्च निकाला गया। मौके पर दो मिनट का मौन धारण किया गया एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के महिलाओं ने दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की गई ।इस कार्यक्रम में महिला जिला अध्यक्ष शांतिबाला केरकेट्टा, नोमिता बा, पुष्पा कुल्लू,सुषमा कुजूर, शीला देवी सहित खुशीराम कुमार, नवीन बिरेंद्र तिर्की, वारिस रज्जा, अनूप लकड़ा, विश्राम मिंज उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के बीच किया खाद्य सामग्री का वितरण

**कोडरमा।** विधायक डॉ नीरा यादव के निर्देश पर भाजपा कार्यकताओं ने रविवार को कोडरमा प्रखंड अंतर्गत मेघातरी पंचायत के विभिन्न बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना और उनके बीच बतौर राहत सामग्री चूड़ा, गुड़, सतू, बिस्कुट आदि का वितरण किया। विधायक डॉ नीरा ने कहा कि बाढ़ आपदा से निपटने और आमजनों की रक्षा के लिए वह पूर्ण रूप से तत्पर है। बाढ़ का पानी कम हो गया है।

### रोमांचक मुकाबले में कोनबेगी की टीम बनी चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
प्रखंड के बाघचटटा पंचायत स्थित चिडराटोली गांव में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाईनल मैच सोमवार को खेला गया। फाईनल मैच रिगड़ी तुमडेगी बनाम कोनबेगी के बीच खेला गया। रोमांचक रहे मैच में कोनबेगी की टीम ने 1-0 से जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता एवं उपविजेता टीम को आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व फाईनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित झापा नेता संदेश एक्का, जिलाध्यक्ष मतियस बागे, मुखिया एलिजाबेथ बागे, अतिश सिंह, इग्नासियुस लकड़ा आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। सभी अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामना दी। मौके पर नोवेल हेरेंज, निस्तोर कुजूर, रसल खलखो, चिराग तिर्की, आशिष सिंह, रवि बड़ाईक सहित कई लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के मिराज सिंह, सुधीर सिंह, फुलजेम्स मिंज, गगन महतो, प्रथम मिंज, नरेश महतो, प्रवीण खलखो आदि का योगदान रहा।

### मंईयां सम्मान की बात करने वाली सरकार के राज्य में अंधेरे में राखी बांधने को विवश हैं बहनें

**सिमडेगा।** पूरे देश में रक्षाबंधन और गुमापुनी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। धागे की डोर से रिश्तों को मजबूत करने वाला रक्षाबंधन का त्यौहार जिले के ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय के लोग उतनी खुशी और उत्साह के साथ नहीं मना पाए। कारण पिछले 48 घंटे से प्रखंड मुख्यालय में अंधेरा छाया हुआ है, ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण रक्षाबंधन का त्योहार फीका फीका नजर आया। बहने अंधेरे में अपनी भाइयों की कलाई में राखी बांधने के लिए विवश हुई। कुव्यवस्था के इस दौर में प्रखंड मुख्यालय के लोगों का दर्द ना तो विधायक समझ रहे हैं, और ना ही प्रशासनिक अधिकारी। एक ओर जहां सरकार मईयां सम्मान योजना का व्यापक रूप से प्रसार प्रसार कर रही है वहीं दूसरी ओर ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय की मईया और बहने कुःव्यवस्था का दंश झेलते हुए अंधेरे में रक्षाबंधन का त्योहार बनाने को विवश रही, आखिर इन्हें कब सम्मान मिलेगा ।झारखंड पार्टी, जिला प्रशासन एवं बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग करती है कि प्रखंड मुख्यालय के खराब पड़े ट्रांसफार्मर को अविलम्ब मरम्मत करते हुए लोगों को हो रही परेशानी को दूर करने का कार्य करें उन्होंने कहा कि अगर सकारात्मक पहल नहीं की जाती है तो पार्टी के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### बजरंग दल ने अनाथ आश्रम में जाकर धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन




**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल सिमडेगा नगर समिति की ओर से नगर अध्यक्ष मानस प्रसाद की अगुवाई में सिमडेगा सहयोग विलेज स्थित अनाथ आश्रम पहुंचकर श्रावण पूर्णिमा के मौके पर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। इस मौके पर अनाथ बच्चियों के बीच जाकर उनसे राखी बंधवाई और उन्हें उपहार दिया। मौके पर नगर संयोजक ने कहा कि दूसरों के साथ मिलकर त्योहार मनाने की आनंद ही कुछ और है। उन्होंने कहा अनाथ आश्रम में रहने वाले सभी बहनों का अपना कोई परिवार नहीं है। ऐसे में बजरंग दल उन्हें अपनी बहन मानते हुए राखी का त्यौहार मनाया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री कृष्णा शर्मा, नगर सहसंयोजक अंकित केसरी सहित कई लोग उपस्थित रहे ।इधर उपहार पाकर सहयोग विलेज की सभी बहने काफी खुश नजर आई।

# धूमधाम से जिले में मना रक्षाबंधन का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
रक्षाबंधन का त्योहार जिले भर में सोमवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाइयों के ललाट पर तिलक लगाकर कलाई में राखी बांधी। साथ ही मिठाई खिलाते हुए अपने भाई की सकुशलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।बहनें एक दिन पहले से ही इस पर्व की तैयारी में जुट गई थी। सावन पूर्णिमा के दिन नहा-धोकर सभी ने नए कपड़े पहने। अपने आराध्य की पूजा-अर्चना की। बहनों ने थाल सजाकर अपने भाइयों की आरती उतारी एवं कलाई पर स्नेह रूपी रक्षा सूत्र बांधा। हर वर्ष की भांति इस बार भी रक्षाबंधन त्योहार में कोरोना ने खलल जरूर डाला, परंतु भाई-बहनों के स्नेह से जुड़ा ये बंधन का पर्व के प्रति उत्साह में कोई कमी नहीं रही । राखी बंधवाने के बाद भाइयों ने अपनी बहन को उपहार दिए। साथ ही हर कठिन परिस्थिति में साथ दिलाने का भरोसा दिलाया।

### एकल विद्यालय की दीदियों ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



**बानो।** रक्षा बंधन के अवसर पर प्रखण्ड में संचालित एकल विद्यालय दीदियों ने बानो थाना में जवानों व पुलिस कर्मियों को बांधी राखी। मौके संघ प्रमुख श्याम सुंदर सिंह ने कहा कि यह भाई बहनों का पवित्र पर्व है ।हम जानते हैं कि देश के जवान इस पवित्र पर्व पर अपने घर जा नही पाते हैं। उन्हें अपने परिवार की याद जरूर आती होगी पर ड्यूटी के कारण घर नहीं जा पाते हैं। एकल विद्यालय परिवार की ओर से हमने अपने भाइयों, रक्षक को राखी बांध कर मंगल कामना करते हैं । बहनों ने सर्वप्रथम भाईयों को आम पत्ते से पवित्र जल छिड़का, चंदन टीका लगाया व राखी बांधे ।मौके पर बानो की बहन बुलबुल ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। भाईयों ने अपने बहनों को उपहार देकर धन्यवाद दिया ।मौके पर थाना प्रभारी विकास कुमार, संच समिति अध्यक्ष विश्वनाथ बड़ाईक आदि लोग उपस्थित थे।

### क्रीमी लेयर व वर्गीकरण के खिलाफ भारत बंद की तैयारी जोरों पर

**सतगावां।** दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति सतगावां प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड मुख्यालय में रविवार को हुई। कमेटी के नेताओ ने कहा कि पिछले एक अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इशारे पर एससी- एसटी के आरक्षण समाप्त करने,क्रीमी लेयर, वर्गीकरण करने जैसा कानून लागू किया गया है। इससे दलितों में आक्रोश है। दलितों ने दो अप्रैल 2018 का आंदोलन का इतिहास दोहराने पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने मजबूर किया है। 21 अगस्त को संपूर्ण भारत बंद करने की तैयारी जोरों पर है। सतगावां में भी पूरा बाजार बंद करने का फैसला लिया गया। जबकि 20 अगस्त शाम पांच बजे सभी प्रखंडों,झुमरी तिलैया नगर तें मशाल जुलूस निकालकर दुकानदारों,वाहन मालिकों, ऑटो चालकों, बस मालिकों से बंद करने की अपील की जाएगी। बैठक में दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज रजक,प्रकाश अंबेडकर, दलित उत्पादन संघर्ष समिति के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश रजक, उमेश राजवंशी, बाबूलाल राजवंशी, असगर अली, रेखा देवी आदि मौजूद थे।

अधूरी सड़क मामले में ग्रामीणों का आंदोलन जारी, कहा

# रोड नहीं तो वोट नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** सिमडेगा जिले के बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय से अलिंगुड -कुंदुरमुण्डा-टकबहाल उड़ीसा बॉर्डर तक अधूरे सड़क मामले को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन जारी है। एकजुट होकर ग्रामीणों ने कहा रोड नही तो वोट नहीं ।इस संबंध में सोमवार को ग्रामीणों ने कुंदुरमुण्डा बाजार टांड़ में एक बैठक आयोजित किया ।बैठक में सड़क निर्माण नहीं होने से आवागमन में हो रही समस्याओं पर सभी लोगों ने अपने- अपने विचार रखे । बताया गया कि भारत देश के आजाद हुए 76 वर्ष एवं झारखण्ड राज्य अलग हुए 25 वर्ष हो गए। यह इलाका जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है । खूंटी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं जनजातीय मंत्री अर्जुन मुण्डा को इस संबंध कई बार आवेदन देकर सड़क निर्माण की मांग किया गया था। किंतु किसी की एक न सुनी। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व सांसद कड़िया मुण्डा, पूर्व सांसद सह जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक विक्सल कोंगाडी, पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का को भी ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए आवेदन दिया था । लेकिन किसी ने इस सड़क निर्माण पर एक नही सुनी ।इस मौके पर बताया गया कि इस सड़क से जुड़ी कई विद्यालय, पंचायत भवन, पावर ग्रीड, स्वास्थ्य उपकेन्द्र जुड़े है। जिसमें राजकीय मध्य विद्यालय पाकरबहार, एसएस उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय अलिंगुड़, पवार ग्रीड अलिंगुड़, प्राथमिक विद्यालय टेम्पो टोली, प्राथमिक विद्यालय तेतर टोली, आरसी प्राथमिक विद्यालय कुंदुरमुण्डा, मध्य विद्यालय कुंदुरमुण्डा, प्राथमिक विद्यालय टकबहाल, पोस्ट ऑफिस कुंदुरमुण्डा आदि है। बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय से उड़ीसा सीमा को जोड़ने वाली सड़क में कुंदुरमुण्डा, टकबहाल, भुखन टोली, टेम्पो टोली, अलिंगुड़, पालेमुण्डा, बेहरिनबासा आदि गांव के लोग रहते है । यह सड़क वर्षो से जर्जर स्थिति में है ।

# जीवन में सफल होने का सबसे महत्वपूर्ण मंत्र है अनुशासन : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड अंतर्गत जलडेगा के पेरिश मैदान में जलडेगा भिखरियेट के बालक बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। फाइनल मैच की शुरूआत विधायक ने बॉल किक करके किया। प्रतियोगिता पुरूष एवं महिला दोनों वर्गों के लिए आयोजित किया गया। जिसमें सभी सातों पेरिश के टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबले में जलडेगा पेरिश की टीम ने कुटुंगिया पेरिश को 1-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीम को खस्सी और जर्सी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि खेल मानव जीवन के मनोरंजन का एक बहुत अच्छा और आसान साधन है, जिसके माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ स्वस्थ भी बेहतर रहता है। विधायक ने नशापान से होनेवाले हानि को बताते हुए उपस्थित लोगों को जागरूक किया। नशा के बारे में बताते हुए कहा कि खेल से स्वास्थ्य ठीक रहता है। खेल खेलने के लिए मुख्य रूप से शरीर की क्षमता और स्टैमिना की जरूरत पड़ती है। अगर आपका शरीर कमजोर रहेगा,आपके पास स्टैमिना नही होगी तो आप कोई भी खेल अच्छे तरीके से नही खेल पायेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में खेल के क्षेत्र में बेहतर नौकरी के अवसर मिल रहे हैं। हमारी सरकार खेल के प्रति संवेदनशील है और खेल को प्रोत्साहन करने का काम कर रही है ।खेल के माध्यम से नौकरी देने का काम हमारी सरकार कर रही है। विधायक ने वहां उपस्थित लोगों को खुशखबरी देते हुए कहा कि जलडेगा के इस मैदान में 20 से 25 दिन के अंदर ही स्टेज सह चबूतरा का निर्माण शुरू हो जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक के साथ जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकडा, जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस जमीर अहमद, जिला सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस जमीर हसन, दोनों मंडल अध्यक्ष अनिल डांग और अमर टोपनो, फादर अनूप कुजूर भिखरियेत डायरेक्टर, धर्मप्रान्तीय युवा संघ अध्यक्ष नेस्तोर सुरीन, फादर राजेन सोरेंग, फादर पतरस मड़की, फा हरमोन एरगेट, सिस्टर असरीता डुंगडुंग, सिस्टर कंचन लकड़ा, संजय टोप्पो, सिलबेस्टर आईन्द, मसीह प्रकाश बडिंग सहित भिखरियेत के सातों पेरिश के लोग उपस्थित रहे।

# आरोग्यम अस्पताल में टेलीमेडिसिन सेवाओं की हुई शुरुआत

## स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना हमारी प्राथमिकता : अजमेरा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जिले के एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल में टेलीमेडिसिन की सेवाओं की शुरूआत की गई। अस्पताल के प्रबंध निदेशक सह समाजसेवी श्री हर्ष अजमेरा ने फीता काटकर टेलिमिडिसिन सेवाओं का अस्पताल परिसर में उद्घाटन किया।डॉ. रवि तिवारी न्यूरोसर्जन ने मरीजो को टेलीमेडिसिन से परामर्श दिया। विदित हो,आरोग्यम अस्पताल को जिले का पहला निजी अस्पताल होने का गौरव प्राप्त हुआ जो टेलिमिडिसिन सेवाओं से युक्त है। टेलिमिडिसिन सेवाओं के जरिए अब हजारीबाग के मरीजों को बड़े शहरों के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों की परामर्श अब हजारीबाग में हीं उपलब्ध हो जाया करेगी, जिससे गम्भीर रोगों से जूझ रहे मरीज बाहर जाने से बचेंगे। समाजसेवी सह अस्पताल के प्रबंध निदेशक हर्ष अजमेरा जी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना हमारी प्राथमिकता रही है, जिसके क्रम में अस्पताल को यह उपलब्धि प्राप्त हुई और आगे भी हम स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक उन्नत बनाने के लिए कृत संकल्पित रहेंगे जिससे हजारीबाग के लोग किसी भी आसाध्य रोग के कारण बाहर के शहरों में जाने से बच सकें। अस्पताल की ऐडमिस्ट्रेटर जया सिंह ने इस सेवा की तकनीकी पहलू को स्पष्ट करते हुए बताया कि टेलीमेडिसिन के माध्यम से, किसी भी परामर्शदाता से दूसरी राय के लिए संपर्क किया जा सकता है।

# खड़े ट्रक को पीछे से मारी टक्कर मौके पर एक व्यक्ति की हुई मौत



**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गरजा खपरा टोली के पास खड़ी ट्रक को मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि दो लोग को हल्की चोट लगी। मृतक की पहचान किनकेल निवासी संजय उज्ज्वल के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजय अपने दो साथियों के साथ सिमडेगा की ओर से अपने मोटरसाइकिल में बकरी लेकर जा रहे थे ।इसी दौरान झमाझम बारिश के बीच सड़क किनारे गलत तरीके से खड़ा ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर संजय के पेट में गंभीर चोट लगी और मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य दो साथियों को हल्की चोट लगी। इधर मामले की जानकारी तुरंत एंबुलेंस को दी गई ।जिसके बाद एंबुलेंस पहुंचकर मृतक को अपने साथ सिमडेगा ले आई। वहीं दो अन्य घायल भी अस्पताल पहुंचे। जिनका इलाज जारी है। इधर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया एवं मामले की जांच में जुट गई।

करियातपुर की 40 महिलाओं ने बागवानी प्रशिक्षण में लिया हिस्सा

# महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उद्यमी बनाना है मुख्य लक्ष्य : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** राष्ट्रीय बागवानी मिशन व एकीकृत वागवानी विकास कार्यक्रम के तहत करियातपुर के 40 महिलाओ को प्रशिक्षणोपरांत प्रमाण पत्र दिए गए. जिसे झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग ने करियातपुर पंचायत मुख्यालय में आयोजित किया था. जिसमे पांच दिनों तक बागवानी संबंधित जानकारियां दी गई. पांचवे दिन सभी प्रशिक्षित महिलाओ के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए गए. जिसमे में बतौर मुख्यातिथि स्थानीय मुखिया मनोज कुमार शामिल हुए. अपने संबोधन में मुखिया ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक अजय कुमार द्विवेदी के सान्निध्य में उनके पंचायत की चालीस महिलाओ ने बागवानी संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली है. पूर्ण विश्वास है कि प्रशिक्षित सभी महिलाए इसका लाभ लेंगी. साथ हीं प्रशिक्षण को अन्य महिलाओ तक भी पहुंचाकर उन्हे भी उन्नत खेती और बागवानी के करने में सहयोग करेगी. उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओ को स्वालंबी बनाना और स्वरोजगार से जोड़ना है. जिससे महिलाए आत्मनिर्भर बन सकें. पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओ को उन्नत बागवानी, खेती व उन्नत पैदावार आदि से संबंधित ने कई महत्पूर्ण जानकारियां मिली है. जो बागवानी कार्य के लिए लाभदायक होगा।

## एक नजर

### गुदड़ी के लोढाई सीआरपीएफ कैंप में मनाया गया रक्षाबंधन

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र गुदड़ी प्रखंड के लोढाई स्थित सीआरपीएफ की 112वीं बटालियन कैंप में सोमवार को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया गया। इस मौके पर गांव की महिलाओं ने बटालियन के कम्पनी कमांडर राजेश गंगवार व जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर लंबी उम्र की कामना की। वहीं जवानों ने भी बहनों को सुरक्षा देने की बात कही। इस मौके पर सीआरपीएफ 112वीं बटालियन के अधिकारियों के अलावे जवान मौजूद थे।

### सोनुवा के रुवादिरी वनग्राम में धारदार हथियार से दंपती की हत्या

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के सोनुवा थाना क्षेत्र बेहराबिन्दा गांव के पास जंगल पहाड़ी पर बसे रुवादिरी वनग्राम गांव में अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से मार कर एक दंपती की हत्या कर दी। घटना रविवार की बतायी जा रही है। मृतक की पहचान 50 वर्षीय मुगुडू चाम्पिया व उसकी पत्नी 45 वर्षीय मारिया चाम्पिया के रूप में की गई है। सूचना मिलने पर सोनुवा पुलिस सोमवार शाम को दोनों के शव को बरामद कर मामले की जांच में जुट गई है। शाम हो जाने के कारण शवों को मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। सोनुवा थाना प्रभारी संजय कुमार नायक व जवानों को दोनों के शव को ढोकर पहाड़ी से नीचे लाना पड़ा।

### गोफ में झुलसे देवप्रभा के कर्मी ने अस्पताल में तोड़ा दम

**जमशेदपुर।** लोदना क्षेत्र के कुजामा देवप्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना के कर्मी नंदन यादव (48) की मौत ईलाज के दौरान शनिवार की रात 11 बजे धनबाद स्थित अशर्फी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। नंदन यादव शनिवार की सुबह गोफ में समा गए थे। जिससे उनका पूरा शरीर झुलस गया था। घटना के बाद आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधन ने तत्काल अपने बोलेरो से अस्पताल में भर्ती कराया था। कंपनी के निदेशक व प्रबंध निदेशक अस्पताल प्रबंधन के लगातार संपर्क में थे। उसे देश के बड़े अस्पताल में ले जाने पर भी विचार चल रहा था। घटना के बाद भी विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह व रात में भाजपा नेत्री रागिनी सिंह भी अस्पताल गई थी। दोनों ने प्रबंधन व अस्पताल प्रबंधन के संपर्क में रहने की बात कही है। रात में नंदन की मौत हो गई। देवप्रभा कंपनी, बीसीसीएल प्रबंधन ने मृतक के अश्रित को 20 लाख रुपया मुआवजा व नियोजन देने पर सहमति जताई।

### उर्विता ने गोलमुरी में धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था उर्विता के तत्वावधान में सोमवार को गोलमुरी में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें 25 महिलाओं ने हिस्सा लिया। संस्था की ओर से सभी महिलाओं का स्वागत संस्था की संगीता जयकुमार ने किया। उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए उर्विता की सचिव डॉ। नीना शर्मा ने कहा कि संस्था पर्यावरण की रक्षा के लिए नवाचार योजना एवं नई तकनीक के इस्तेमाल को प्रोत्साहन देने का कार्य करती है। सभी गृहणियां घर पर कचड़े का सुरक्षित निपटारा करके, किचन गार्डन बनाकर और समय-समय पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम करके धरती को हरा भरा रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। इस अवसर पर प्रीति पांडे और सुजाता सहाय के कुशल नेतृत्व में कई मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कमल कौर को सावन क्वीन का खिताब मिला जबकि जसवीर कौर को डांसिंग क्वीन घोषित किया गया। मनोरंजक खेल में मौसमी बनर्जी और सर्वश्रेष्ठ अभिनय के लिए मानी रेड्डी को पुरस्कृत किया गया।

# विस चुनाव कराने को लेकर हुई अंतरराज्यीय पुलिस की संयुक्त बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

आगामी विधानसभा चुनाव को भयमुक्त वातावरण में कराने को लेकर सोमवार को पिंडाजोड़ा थाने के मिर्धा के जायका रिसोर्ट में इंटर स्टेट कॉडिनेशन पुलिस की बैठक हुई। इसमें पुरूलिया व बोकारो जिले के एसडीपीओ, डिप्टी एसपी, स्तर के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस संबंध में प्रवीण कुमार सिंह, चास सदर एसडीपीओं ने बताया कि विधानसभा चुनाव मे निमित पुलिस शीर्ष पदाधिकारी के आदेशानुसार यह इंटर स्टेट कॉडिनेशन बैठक आयोजित की गई है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव के आलोक मे आपसी तालमेल किया जाए।

इसका मुख्य उद्देश्य है कि स्वच्छ, भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना। सदर डीएसपी ने कहा कि इंटर स्टेट आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने व उसको नियंत्रित करने के लिए छहः इंटर स्टेट चेकनाका को एक्टिवेट किया जाएगा। इससे चुनाव के दौरान इलिसिट आईटम, इलिसिट लिकर, इल्लिगल आर्म्स की आवाजाही पर अंकुश लगेगा। वांरटियों और एबस्कॉडरों की लिस्ट बोकारो और पुरूलिया पुलिस ने एक्जेंज किया है ताकि हमलोग कॉडिनेटेड एफोट के तहत इनकी गिरफ्तारी कर सके। सिंह ने कहा कि वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर डीजीपी के आदेश के आलोक में अभी तक जिले में 42 अपराधियों को रॉडअप कर लिया गया है।

अंतर्राज्यीय पुलिस सीमावर्ती बैठक की अध्यक्षता प्रवीण कु० सिंह, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चास ने किया। इस बैठक में बोकारो के सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल (पुरुलिया) के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रघुनाथपुर और अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बंगाल के पुरुलिया, झालिदा एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा ने आदित्यपुर में खोला कैंप कार्यालय



**नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर**

भाजपा ने विधानसभा चुनाव के पूर्व आदित्यपुर में कैम्प कार्यालय खोला है. जिसका विधिवत उद्घाटन 19 अगस्त को हुआ। कैम्प कार्यालय का उद्घाटन नगर निगम के निवर्तमान मेयर बिनोद श्रीवास्तव, पूर्व विधायक अरविंद सिंह एवं जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत ज़िला अध्यक्ष ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र से भाजपा को हमेशा ऐतिहासिक बढ़त मिलता आया है पर यहाँ के कार्यकताओं को हमेशा किसी भी कार्य के लिए सरायकेला जाना पड़ता था जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। आदित्यपुर में कैम्प कार्यालय खुलने से यहाँ के कार्यकताओं की समस्याओं का समाधान यहीं से किया जाएगा। हफ़्ते में तीन दिन इस कार्यालय में ज़िला के कोई ना कोई पदाधिकारी बैठेंगे और यहां के सांगठनिक कार्यों को देखेंगे। नगर निगम के निवर्तमान मेयर ने कहा कि आदित्यपुर में कैम्प कार्यालय खुलने से क्षेत्र में संगठन को और मजबूती मिलेगी और कार्यकताओं को सरायकेला नहीं जाना पड़ेगा। पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने बताया की आदित्यपुर में भाजपा का कैम्प कार्यालय खुलने से हम लोग भी संगठन को ज्यादा समय दे पायेंगे। यहाँ के कार्यकर्ता आसानी से अपनी सांगठनिक कार्यों का निष्पादन कर पायेंगे। वहीं मौके पर ज़िला अध्यक्ष के द्वारा सभी मंडलों एवं मोर्चों के संगठन प्रभारियों की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज़िला महामंत्री राकेश सिंह, रमेश हांसदा, संजय सरदार, गुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी 3 बच्चों के पिता को 20 साल की सजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नाबालिग को डरा-धमका कर कई बार दुष्कर्म करने के मामले के दोषी अभियुक्त तीन बच्चों के पिता सूरज नायक को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त एक साल जेल काटनी होगी। अदालत ने 9 अगस्त को दोषी करार दिया था। अभियुक्त नामकुम थाना क्षेत्र के करमटोली गांव निवासी है।

उस पर नाबालिग को बहला-फुसला कर पहली बार शारीरिक संबंध बनाने और उसी का भय दिखाकर कई बार दुष्कर्म करने का आरोप था। इसमें नाबालिग गर्भवती हो गई थी। इसकी जानकारी जब उसके परिजन को चली तो मामला सामने आया। घटना को लेकर नामकुम थाना में 6 जुलाई 2022 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में एपीपी पुष्पा सिन्हा ने ठोस गवाही दर्ज कराई थी। इसके आधार पर अदालत ने अभियुक्त दोषी पाकर सजा सुनाई है।

# बहू ने ससुर को उतारा मौत के घाट




**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**

जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के प्राणटोला जामनगर में बहू ने सोमवार को ससुर की बेरहमी से हत्या कर दी और थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। पुश्तैनी जमीन को लेकर अक्सर ससुर-बहू के बीच विवाद होता रहता था। आखिरकार बहू ने ससुर पर हंसुए से वार कर उसकी जान ले ली। बताया जाता है कि प्राण टोला के रहनेवाले विभूति मंडल (75) का पुत्र गोविंद मंडल काम के सिलसिले में बाहर रहता है। उसकी पत्नी रीना देवी (35 ) का अपने ससुर से विवाद होता रहता था। विभूति मंडल दोपहर में भोजन करने के बाद घर के बाहर कुर्सी पर बैठा हुआ था। इसी वक्त पुश्तैनी जमीन को लेकर बहू से उसका विवाद हो गया। इसी बीच गुस्से में बहू ने कुर्सी पर बैठे ससुर पर हंसुआ से पीछे से वार कर दिया। इससे उसका गला कट गया और वहीं गिर गया। काफी खून बहने के कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। ससुर की हत्या करने के बाद आरोपित बहू रेणु देवी ने राजमहल थाना पहुंचकर सरेंडर कर दिया। घटना की सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी, थाना प्रभारी गुलाम सरवर, राधा नगर थाना प्रभारी निलेश पांडे घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## गोपीनाथपुर में करंट लगने से बीआरपी संजय महतो की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर प्रखंड के गोपीनाथपुर पंचायत के गोपीनाथपुर गांव में बिजली के करंट से शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रखंड संसाधन सेवी की मौत हो गई। बताया जाता है कि सोमवार की शाम लगभग चार बजे संजय कुमार महतो नदी से नहा कर लौटा था। इस दौरान वह भीगा गमछा पहने हुए था। घर की छत पर एक बिजली का तार गिरा था। जैसे ही उसने तार को उठाकर किनारे रखना चाहा, वैसे ही तार में करंट आ गया और उन्हें जोर का झटका लगा। संजय छत से नीचे गिर कर बेहोश हो गया।



इसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल इलाज के लिए संजय कुमार महतो को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, शिक्षा विभाग में संजय की मौत होने की सूचना मिली तो काफी संख्या में शिक्षा विभाग से जुड़े लोग अस्पताल पहुंचे। घटना के बाद संजय कुमार महतो के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक संजय की पत्नी की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें भी इलाज के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि संजय का चार साल पहले विवाह हुआ था। उसका एक डेढ़ साल का बच्चा है। इधर, घटना की सूचना पाकर टोकलो थाना पुलिस के अधिकारी अनुमंडल अस्पताल पहुंचे थे।

## सावन पूर्णिमा पर थाना परिसर में हुआ रुद्राभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता। ईचागढ़**

ईचागढ़ थाना परिसर स्थित मनोकामना महादेव मंदिर में सावन पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर रुद्राभिषेक किया गया। शिव मंदिर में बाबा भोलेनाथ का पूजा-अर्चना के बाद रुद्राभिषेक किया गया। मौके पर बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। रुद्राभिषेक में थाना क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पंडित चंद्र भान ने पूजा अर्चना कर रुद्राभिषेक संपन्न कराया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। थाना परिसर में रुद्राभिषेक का आयोजन समिति के माध्यम से किया जाता है। थाना क्षेत्र के श्रद्धालु थाना परिसर में पहुंचते हैं और पूजा अर्चना करते हैं। पूजा समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार माझी ने बताया कि 27 फरवरी 2022 को मंदिर में शिव मारूति नंदन का प्राण प्रतिष्ठा तत्कालीन थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में किया गया था। इसके बाद मंदिर का संचालन कमेटी को सौंप दिया गया था। तब से प्रतिवर्ष रुद्राभिषेक, महा शिवरात्रि व महावीर जयंती धूमधाम से मनाया जाता है।

### बारिश व रक्षा बंधन के कारण महादेवशाल धाम में कम रही भीड़

**चाड़िल।** सावन के पांचवीं सोमवारी पर महादेवशाल धाम में पिछले चार सोमवारी की तुलना कम भीड़ रही। सुबह से ही तेज बारिश हो रही थी, जिसके कारण कम श्रद्धालु पहुंचे थे। दूसरी ओर, रक्षाबंधन भी होने के कारण दूर-दराज के अधिक श्रद्धालु मंदिर में पूजा करने नहीं पहुंचे। दिन में बारिश कम होने पर श्रद्धालुओं का मंदिर में आना प्रारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर मंदिर में पूजा अर्चना की। इधर सावन की पांचवीं और अंतिम सोमवारी पर चक्रधरपुर व आसपास के शिवालयों में भी पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु पहुंचे थे।

## गज परियोजना व इको सेंसेटिव जोन निगरानी समिति के विरुद्ध ग्रामीणों ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। चाडिंल**

नीमडीह प्रखंड के बांदडीह गांव के शहीद गंगानारायण सिंह मूर्ति के सामने सोमवार को बैठक कर दलमा इको सेंसेटिव जोन के खिलाफ जन आंदोलन करने पर चर्चा की गई। बैठक में नीमडीह प्रखंड के उगडीह, बुरुडुगरी, लुपुगडीह, झरीडीह, राहेरडीह, टेगाडीह, बेनाडीह, बारुडीह, जाहिरटांड, फारेंगा, बांदडीह, बाघाडीह बनकाटी व डाहुबेड़ा के ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक के बाद नीमडीह के जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर सिंह सरदार, अजित सिंह सरदार, फनिभुषण सिंह, हरमोहन



सिंह, विभिषण सिंह, मिथुन पांडे, मुखिया प्रतिनिधि बासुदेव सिंह, फटिक मंडल, कालीपद सिंह, सिताराम सिंह, नवीन सिंह, सूर्यकांत सिंह आदि गांव-गांव में घूमकर जन जागरण अभियान चलाया। मौके पर असित सिंह पात्र ने कहा कि कई पीढ़ी पूर्व से इन गांव में लोग निवास करते आ रहे हैं। अब इको सेंसेटिव जोन के नाम पर ग्रामीणों को विस्थापित करने की सरकार की नीति को सहन नहीं किया जाएगा। गज परियोजना व इको सेंसेटिव जोन निगरानी समिति के विरुद्ध विशाल जन आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए मंगलवार को नीमडीह प्रखंड के बांधडीह गांव स्थित शहीद गंगानारायण सिंह मैदान में जनसभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक गज परियोजना जमशेदपुर सह संयोजक निगरानी समिति दलमा इको सेंसटिव जोन दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी द्वारा दलमा तराई क्षेत्र में स्थित गांव के ग्रामीणों को नोटिस भेजा है।

### ग्रेस क्लब ने पेनाल्टी शूट आउट में मैरी क्रिस्ट को 2-1 से हराया

**जमशेदपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के अवसर पर वायरलेस मैदान में किंगफिशर ड्रीम इलेवन फुटबॉल क्लब प्रोस्पेक्टिंग के तत्वावधान में एक दिवसीय नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ग्रेस क्लब डीएमडी ने मैरी क्रिस्ट जूनियर ब्वायज को पेनाल्टी शूट आउट में 2-1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीम एक-दूसरे के खिलाफ निर्धारित समय में कोई गोल नहीं कर सकी। इसके बाद पेनाल्टी शूट आउट का फैसला लिया गया था। मुख्य अतिथि किरीबुरु पूर्वी पंचायत के मुखिया सह भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंगल गिलुवा ने विजेता को 20 हजार रुपये नकद व जर्सी सेट और उप विजेता टीम को 15 हजार रुपये नकद व जर्सी सेट देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के बेस्ट प्लेयर विनित, गोलकीपर रोहित, डिफेंडर शंकर मुंडा को भी पुरस्कृत किया गया। मंगल सिंह गिलुवा ने कहा कि यह मंच भले ही छोटा हो सकता है, लेकिन खिलाड़ियों की खेल व प्रतिभा को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि हमारे सारंडा के खिलाड़ियों में प्रतिभा कूट-कूटकर भरी हुई है। इस प्रतिभा को आगे बढ़ाने की जरुरत है, न कि नशापान के चक्कर में अपनी प्रतिभा को मंजिल तक पहुंचने से पहले ही समाप्त कर दें। इस प्रतियोगिता में झारखंड व ओडिशा की कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिसमें मानसिंह इलेवेन, लिटिल स्टार, सीनियर टाटीबा, नाईट किंग, जीओन एवं टाटीबा जेटीएस शामिल थे।

# भाकपा माले को समर्थन देने का ग्रामीणों ने लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

तिसरी प्रखंड के पिपराटांड गांव में सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें पिपराटांड, कुड़ियामों, रतनगडुरा, कौसिलवा और चोरनीतरी गांव के ग्रामीण जुटे। जनसभा की अध्यक्षता उपमुखिया प्रतिनिधि प्रकाश यादव और संचालन जयनारायण यादव ने किया। वहीं बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे।

इस दौरान मौके पर जुटे लोगों ने स्थानीय विधायक और सांसद के प्रति नाराजगी जताते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में सर्वसहमति से भाकपा माले को समर्थन देने की बात कही। लोगों ने कहा कि स्थानीय विधायक और सांसद से मिलना तक दुर्लभ हो जाता है, ऐसे में अपनी दुःख तकलीफ उन तक कैसे पहुंचाएं? लिहाजा जो हमारे बीच रहेगा हम उन्हें ही समर्थन देगें। जनसभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि उनके विधायक काल में ही इस गांव तक पक्की सड़क पहुंची, लोगों को 12 से 18 घंटे तक बिजली मिलने लगी,अस्पताल में डॉक्टर उपलब्ध थे,प्रशासन जनता की बात सुनती थी लेकिन आज स्थिति उलट है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा मईया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रत्येक माह 1000 दिया जा रहा है, 200 यूनिट मुक्त बिजली दी जा रही है, अबुआ आवास दी जा रही है ताकि गरीबों का विकास हो सके। वहीं भाजपा को पूंजीपतियों की पार्टी बताया । मौके पर प्रकाश यादव ने पिपराटांड मुख्य सड़क स्थित पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की बात पूर्व विधायक को बतलाया जिसपर उन्होंने कहा कि वे इस संबंध में विभाग से बात करेंगे। साथ ही कहा कि यदि जनता उन्हें दोबारा विधानसभा का नेतृत्व करने का मौका देती है तो गाँवों का पूर्ण विकास होगा। इसके अलावे उन्होंने गिरिडीह में हत्या किए गए तिसरी के अनिल यादव के हत्याकांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी और उन्हें फांसी की सजा देने की मांग की।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत, जाम

**दुमका।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में दुमका भागलपुर स्टेट हाईवे के गोजाम्बा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। महिला रूबी देवी अपने पति मुकेश कुमार के साथ नोनीहाट से अपने दो माह के बच्चे का दवा लेकर लौट रही थी। रूबी देवी जरमुंडी प्रखंड अंतर्गत पथरा गांव निवासी बताया जा रहा है। वह कुछ दिन पूर्व राखी बांधने के लिए अपने माता पिता के घर ठेकचा आई थी। सोमवार दोपहर नोनीहाट बाजार से दवा लेकर लौटने के क्रम में गोजांमबा मोड के समीप अज्ञात वाहनों की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। साथ ही उनके पति मुकेश कुमार बुरी तरह से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल मुकेश कुमार को बेहतर इलाज के लिए फूलों झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी शशिकांत साहू पूरे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना का जायजा लिया। करीब 6 घंटे जाम यातायात बाधित रहा। बीडीओ अभय कुमार स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने बुझाने मे जूटे। काफी मशक्कत से 6 घंटे के बाद दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग को जाम मुक्त कराया गया। रामगढ़ पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया।

### आदिवासी महिला दुष्कर्म मामले में तीन गिरफ्तार

**बोकारो।** बालीडीह आदिवासी महिला दुष्कर्म मामले में सोमवार को पुलिस ने त्वरित कार्यवाई कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर बालीडीह थाना में दर्ज मामले में अनुसंधान प्रारंभ किया गया।इसके आधार पर कांड के प्राथमिक तीनों अभियुक्तों पंकज कुमार सिंह उर्फ बिटटु ( 25) ,कुन्दन कुमार (21) तथा लक्ष्मण कुमार (21) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उपरोक्त तीनों अभियुक्त बियाडा क्षेत्र मे काम करते है। तीनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त दो मोबाईल को जब्त किया गया है।

### मंत्री बन्ना के प्रतिनिधि ने भाजपा नेता विकास सिंह पर किया केस

**जमशेदपुर।** भाजपा नेता विकास सिंह पर मानगो थाने में केस दर्ज कराया गया है। यह केस आशियाना अनंतरा निवासी और विधायक बन्ना गुप्ता के प्रतिनिधि राकेश दास ने दर्ज कराया है। राकेश ने आरोप लगाया कि विकास सिंह ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया, मारपीट की और सोने की चेन छीन ली। राकेश दास का आरोप है कि वह अपने फ्लैट से निकल रहा था कि उसे रोककर उसके साथ घटना को अंजाम दिया। इधर, विकास सिंह का कहना है कि वे आशियाना अनंतरा में रहते हैं और राकेश दास का असमय कॉलोनी में आना-जाना होता था, जिसका उन्होंने विरोध किया था। इसको लेकर जब वे रविवार सुबह 10 बजे फ्लैट से निकल रहे थे तो उन्हें रोककर राकेश दास ने दुर्व्यवहार किया। उन्हें लगा कि वे नशे में हैं, इसलिए कुछ नहीं कहा और न ही पुलिस में शिकयत की। लेकिन अब पता चल रहा है कि थाना जाकर उन्होंने केस कर दिया है।

### छह लोको पायलट को वंदे भारत के रूट की ट्रेनिंग

**जमशेदपुर।** टाटानगर रेलवे के छह सीनियर लोको पायलट को वंदे भारत ट्रेन के पटना और ब्रह्मपुर रूट को लेकर ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि ड्यूटी के दौरान उन्हें दिक्कत न हो। जानकारी के अनुसार, टाटानगर-पटना वंदे भारत को मुरी, गोमो, गया व जहानाबाद होकर चलाने की तैयारी है, जबकि टाटानगर-ब्रह्मपुर वंदे भारत चाईबासा व डांगुवापोसी होकर चलने वाली है। इसके लिए पूर्व दक्षिण पूर्व जोन ने टाटानगर कोचिंग डिपो के आधा दर्जन कर्मचारियों व तकनीशियन को हटिया स्टेशन के वाशिंग लाइन में मेंटेनेंस का प्रशिक्षण दिलाया था, ताकि 25 अगस्त तक दोनों मार्गों पर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू करने में दिक्कत न हो। इधर, वंदे भारत ट्रेन के लिए टाटानगर वॉशिंग लाइन नंबर एक को अपग्रेड करने के साथ सफाई और मरम्मत के लिए तैयार कर दिया गया है। वहीं, रेलवे जोन ने साढ़े 22 लाख से टाटानगर में वंदे भारत ट्रेन की वाशिंग लाइन बनाने का 7 अगस्त को ही टेंडर निकाला था। मालूम हो कि टाटानगर से पटना और ओडिशा ब्रह्मपुर वंदे भारत ट्रेन की रैक अभी चक्रधरपुर और खुर्दा में खड़ी है। रेलवे बोर्ड से दोनों वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शिड्यूल जारी होने के बाद दक्षिण पूर्व जोन उन्हें पटरी पर दौड़ाने का सिग्नल दे देगा। टाटानगर होकर अभी रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन सप्ताह में छह दिन चल रही है, जबकि बिहार के लोगों को पटना वंदे भारत ट्रेन का इंतजार है।

### सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़े भक्त

**झरिया।** पवित्र सावन माह के अंतिम सोमवारी को क्षेत्र के सभी शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। झरिया, जोड़ा पोखर, अलकडीहा धाम, भौरा, चासनाला, कतरास मोड़, सिंदरी के शहरपुरा शिव मंदिर, ब्रह्म बाबा शिव मंदिर, डोमगढ़ शिव मंदिर, गौशाला शिव मंदिर, नागधारी बाबा मंदिर, साईं बाबा मंदिर, एसकेफोर हनुमान मंदिर, एसीसी शिव मंदिर, साँवलापुर शिव मंदिर सहित सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्त जलाभिषेक करते दिखाई दिए। सुबह से ही हर हर महादेव बम भोले के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंजते रहा। अहले सुबह दामोदर नदी से स्नान कर और जल लेकर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु झरिया के विभिन्न शिवालयों में पहुंचे थे।

### कोयला चोरों के दो गुटों में मारपीट व पत्थरबाजी

**अलकडीहा।** घनुडीह ओपी क्षेत्र के लालटेनगंज मोहरी बांध के समीप सोमवार को अपने-अपने क्षेत्र में कोयला इकट्ठा करने को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान पत्थरबाजी हुई। जिसमें एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। घायल को आनन-फानन में स्थानीय नर्सिंग होम में इलाज कराया गया है। इस संबंध में घनुडीह ओपी प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि घटना की कोई जानकारी नहीं है लेकिन किसी भी कीमत पर कोयला चोरी नहीं होने देंगे। बताया जाता है कि कुछ लोग मोहरी बांध मैदान के समीप कोयला इकट्ठा कर रहे थे। तभी एक दूसरा कोयला तस्कर का गुट आ गाया और इस इलाके में कोयला जमा करने से मना किया। उसका कहना था कि पहले से हम लोग के आदमी यहां कोयला जमा कर रहे हैं दूसरे लोगों का कोयला नहीं जमा होने देगें। इसके बाद धक्का मुक्की और पत्थर बाजी होने लगी इसी तरह में एक व्यक्ति को पत्थर से चोट लग गया बाद में सीआईएफ एफ के जवानों को देख सभी भाग गये।

### मंत्री और सांसद ने किया झारखंड बिजली वितरण निगम के भवन का शिलान्यास

**जमशेदपुर।** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से कदमा उलियान पावर सब स्टेशन परिसर में विद्युत आपूर्ति क्षेत्र और विद्युत आपूर्ति अंचल के संयुक्त कार्यालय का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और सांसद विद्युतवरण महतो ने संयुक्त तौर पर किया। मानगो के कार्यपालक अभियंता संजीव कुमार के अनुसार, संयुक्त कार्यालय का निर्माण 2 करोड़ 40 लाख की लागत से बनेगा। निर्माण कार्य अक्तूबर 2025 तक पूरा हो जाएगा। संयुक्त कार्यालय का निर्माण होने के बाद विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय और अधीक्षण अभियंता कार्यालय उलियान में शिफ्ट हो जाएगा। भवन दो तल का होगा, जिसमें एक फ्लोर पर फिलहाल विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय और दूसरे तल पर अधीक्षण अभियंता का कार्यालय स्थापित होगा। फिलहाल महाप्रबंध का कार्यालय बिष्टूपुर और अधीक्षण अभियंता का कार्यालय आयडा आदित्यपुर में है।

"जैसे जीने के लिए मृत्यु का अस्वीकरण जरूरी है, वैसे ही सृजनशील बने रहने के लिए प्रतिष्ठा का अस्वीकरण जरूरी है। - डॉ. रघुवंश"

## संपादकीय

# आधी आबादी की सुरक्षा के बिना विकास अधूरा

राखी जैसे महिला केंद्रित त्योहारों का संदेश है कि हम उनका सम्मान ही न करें उनकी रक्षा के लिए उचित माहौल बनाएं और जरूरत पड़े तो उनके लिए असामाजिक या अपराधियों से लड़ाई भी करने को तैयार रहें। आज लाखों भारतीय महिलाएं भयमुक्त नहीं हैं, जब वे अपने रोजमर्रा के जीवन में असुरक्षित महसूस करती हैं, तो उनके लिए 'स्वतंत्रता' शब्द का क्या अर्थ है? सुरक्षा हर इन्सान का मौलिक अधिकार है-चाहे वह पुरुष हो या महिला। किसी भी महिला को सुरक्षा और आकांक्षाओं में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। विकसित देशों में बिना किसी डर के अकेले सड़कों पर घूमती हैं, देर रात सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करती हैं। इनके शहरों में एक संपन्न अर्थव्यवस्था है; सड़कों पर कई अकेली महिलाएं विभिन्न तरह के उत्पाद बेचती हैं, जो देर रात तक काम करती हैं। वे अकेले सड़क पर चलने से नहीं डरतीं। यह एक आदर्श स्थिति है और दुनिया के हर शहर में ऐसा ही होना चाहिए। पहले कोलकाता भी ऐसा ही था। पर इन दिनों आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की एक 31 वर्षीय पोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल छात्रा के साथ बीते नौ अगस्त को हुए भयानक दुष्कर्म और हत्या की वजह से सुर्खियों में है। देश भर में डॉक्टरों, मेडिकल छात्रों और नागरिक समाज द्वारा व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहा है। चिकित्सा बिरादरी, विशेष रूप से महिला डॉक्टरों का कहना है कि उनकी लड़ाई सुरक्षा के खतरों, अपर्याप्त बुनियादी ढांचे, अपर्याप्त सुरक्षा और महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करने वाले वरिष्ठों के खिलाफ है। दुष्कर्म का शिकार हुई मेडिकल छात्रा (जूनियर डॉक्टर) ने लगातार 36 घंटे की पाली में काम किया था और वह थोड़ा आराम करना चाहती थी। लेकिन वहां इसके लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं थी। इसलिए वह खाली पड़े सेमिनार हॉल में जाकर सो गई। उसके बाद जो हुआ, वह एक भयावह कहानी है। इस घटना के बारे में बहुत से तथ्य ऐसे हैं, जिनके बारे में हम नहीं जानते। लेकिन हम जो जानते हैं, वह जवाबदेही की भारी कमी की ओर इशारा करता है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल के कामकाज को लेकर सवाल उठ रहे हैं, जिन्होंने विरोध प्रदर्शनों के बीच इस्तीफा दे दिया है और दूसरी अच्छी जगह नौकरी लग गई। दुष्कर्म और हत्या के विवरण ऐसे कई मुद्दों को उजागर करते हैं, जिन पर तत्काल प्रतिक्रिया की आवश्यकता है, न कि त्वरित समाधान की। इनमें से कई मुद्दे चिकित्सा समुदाय से जुड़े हैं। ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टरों के आराम के लिए सुरक्षित जगह की कमी, जो इस घटना का मूल कारण है, केवल कोलकाता या पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है। झारखंड की राजधानी सहित अनेक शहरों के बड़े सरकारी या निजी अस्पतालों में ऐसी सुविधा नहीं है।' ऐसे कई अन्य प्रश्न हैं, जो आम भारतीय महिलाओं के दैनिक जीवन में सुरक्षा को प्रभावित करते हैं, चाहे वे कुछ भी कर रही हों या कहीं भी हों।

> चिकित्सा बिरादरी, विशेष रूप से महिला डॉक्टरों का कहना है कि उनकी लड़ाई सुरक्षा के खतरों, अपर्याप्त बुनियादी ढांचे, अपर्याप्त सुरक्षा और महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करने वाले वरिष्ठों के खिलाफ है।

# अमर धुनों के गुमनाम रचयिता राम सिंह ठाकुर



कहते हैं शब्द और संगीत अमर होते हैं पर शायद कम ही लोग जानते होंगे कि हमारे राष्ट्रगान 'जन गण मन...' की धुन हिमाचल प्रदेश के एक स्वतंत्रता सेनानी ने बनाई थी। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के आजाद हिन्द फौज के कौमी तराना के नाम से जानेजाने मार्चिंग पास्ट गीत 'कदम कदम बढ़ाए जा' जिसे सुनकर फौजियों के साथ देशवासियों में जोश भर जाता था, की धुन के रचयिता महान स्वतंत्रता सेनानी कैप्टन राम सिंह ठाकुर आज देश के साथ हिमाचल में भी उपेक्षित और गुमनाम हैं। आकाशवाणी के प्रातःकालीन कार्यक्रमों में यह गीत अक्सर बजता है जिसके कवर में उनका नाम अंकित है। 2/1 गोरखा राइफल्स के हवलदार दिलीप सिंह के घर 15 अगस्त 1914 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के सल्ला धारी गांव में जन्मे राम सिंह बचपन में जानवर के सींग से वाद्य यंत्र की धुनें निकालते थे। 1922 में 14 साल की उम्र में गोरखा ब्वॉय कंपनी में भर्ती हुए। ब्रिटिश सेना में सेवाएं देने के बाद वह नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज में आ गए।

ब्रिटिश राज में उन्होंने द्वीतीय विश्वयुद्ध में सिंगापुर में जापानियों के खिलाफ युद्ध लड़ा। मगर उनकी टुकड़ी को जापानियों ने युद्ध में हराकर बंदी बना लिया। 1942 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने इन्हीं युद्धबंदियों को छुड़ाकर इंडियन नेशनल आर्मी( आजाद हिंद फौज) की शुरूआत की। राम सिंह ठाकुर भी उनमें से एक थे। चूंकि उन्हें संगीत का शौक था तो उन्होंने नेताजी के लिए धुन बनाकर सुनाई। द्वितीय विश्वयुद्ध में वीरता के लिए कई मेडल भी मिले। उत्तर प्रदेश में सब इंस्पेक्टर के रूप में लखनऊ आए और पीएसी के बैंड मास्टर बने। 15 अगस्त 1947 को कैप्टन राम सिंह के नेतृत्व में आईएनए (इंडियन नेशनल आर्मी) के आर्केस्ट्रा ने लाल किले पर शुभ सुख चैन की बरखा बरसे... गीत की धुन बजाई थी जो रविंद्रनाथ टैगोर के जन गण मन... का हिंदी अनुवाद था। जोर्ज पंचम, नेताजी गोल्ड मेडल( आजाद हिंद फौज), उत्तर प्रदेश प्रथम राज्यपाल स्वर्ण पदक, राष्ट्रपति पुलिस पदक, यूपी संगीत नाटक अकादमी, जैसे मेडल्स भी मिले ।

15 अप्रैल, 2002 को उन्होंने अंतिम सांस ली। कैप्टन राम सिंह ठाकुर को वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसके वह हकदार थे। उनके पैतृक गांव में उनका पुश्तैनी घर आज भी है। इसे उनके रिश्तेदार संभाल रहे हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि ऐसे इतिहास पुरुष की याद में एक स्मारक तक नहीं है। हिमाचल सरकार ने घोषणाओं के सिवाय कभी कुछ नहीं किया। सरकार की हिमाचल के खनियारा में राम सिंह मेमोरियल पार्क बनाने की घोषणा महज भाषण तक सीमित रह गई। सामुदायिक भवन के लिए पैसा तो मिला लेकिन जमीन नहीं मिल पाई। राम सिंह ठाकुर मेमोरियल विकास समिति के पदाधिकारियों भगवान सिंह गुरंग, शिवराज थापा, नवीन गुरंग, लव कुमार क्षेत्री, विजय भंडारी, रमेश मस्ताना और जगदीश चंद का कहना है कि स्थानीय लोगों के सहयोग से वर्ष 2006 से महान स्वतंत्रता सेनानी की याद में कैप्टन राम सिंह ठाकुर मेमोरियल फुटबाल टूनार्मेंट शुरू किया गया। इसे सरकार का सहयोग नहीं मिला। गुड़गांव में रह रहे कैप्टन राम सिंह ठाकुर के पुत्र रमेश ठाकुर कहते हैं कि उनके पिता को सरकार से वह सम्मान नहीं मिला जिसके वह हकदार थे। 15 अप्रैल 2002 को गुमनाम की तरह उन्होने अंतिम सांसें लीं।

## आज की बात



सुनील बादल

## आपकी बात

# कितनी उपयोगी है हिंदी में तकनीकी शिक्षा



विवेक रंजन श्रीवास्तव

राष्ट्र की प्रगति में तकनीकज्ञों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। सच्ची प्रगति के लिये अभियंताओं और वैज्ञानिकों का राष्ट्र की मूल धारा से जुड़ा होना अत्यंत आवश्यक है। हमारे देश में आज भी तकनीकी शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। इस तरह अपने अभियंताओं पर अंग्रेजी थोप कर हम उन्हें न केवल जन सामान्य से दूर कर रहे हैं वरन अपने अभियंताओं एवं वैज्ञानिकों को पश्चिमी राष्ट्रों का रास्ता भी दिखा रहे हैं। अंग्रेजी क्यो? इसके जवाब में कहा जाता है कि यदि हमने अंग्रेजी छोड़ दी तो हम दुनिया से कट जायेगें। किंतु क्या रूस, जर्मनी, फ्रांस, जापान, चीन इत्यादि देश वैज्ञानिक प्रगति मे किसी से पीछे हैं? क्या ये राष्ट्र विश्व के कटे हुये हैं। इन राष्ट्रों मे तो तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा उनकी अपनी राष्ट्रभाषा में ही होती है, अंग्रेजी मे नहीं। आज इतने सुविकसित अंतभार्षा टूल्स बन चुके हैं कि विश्व संपर्क वाला यह तर्क बेमानी है। वास्तव मे विश्व संपर्क के लिये केवल कुछ बडे राष्ट्रीय संस्थान एवं केवल कुछ वैज्ञानिक व अभियंता ही जिम्मेदार होते हैं जो उस स्तर तक पहुचंते पहुंचते आसानी से अंग्रेजी सीख सकते हैं। देश के केवल उच्च तकनीकी संस्थानों में वैकल्पिक रूप से अंग्रेजी को तकनीकी शिक्षा के माध्यम के रूप में स्वीकारा जा सकता है। किंतु वर्तमान स्थितियों में हम व्यर्थ ही सारे विद्यार्थियों को उनके अमूल्य 6 वर्ष एक सर्वथा नई भाषा सीखने में व्यस्त रखते हैं। जबकि आाज राष्ट्र भाषा हिन्दी में तकनीकी शिक्षण हेतु किताबें उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। यदि कोई कमी है भी तो उसे दूर करने के लिये पर्याप्त संसाधन और बुद्धिजीवी सक्रिय हैं। दुनिया के अन्य राष्ट्रों की तुलना में भारत से कही अधिक संख्या में अभियंता तथा वैज्ञानिक विदेशों मे जाकर बस जाते हैं। इस पलायन का एक बहुत बड़ा कारण उनका अंग्रेजी मे प्रशिक्षण भी है। हमारे देश में शिक्षा की जो वर्तमान स्थिति है उसमें गांव गांव में भी अंग्रेजी माध्यम की शालायें खुल रही हैं, क्योंकि अंग्रेजी भाषा के माध्यम को रोजगार तथा व्यक्तित्व निर्माण के साधन के रूप में स्वीकार कर लिया गया है। इसके पीछे अंग्रेजों का देश पर लम्बा शासन काल तो जिम्मेदार है ही, देश में भाषाई विविधता के चलते भाषाई आधार पर राज्यों के विभाजन की राजनीति भी जबाबदार है। इस कारण हिन्दी को राष्ट्र भाषा के रूप में स्वीकार नहीं किया गया और इसका लाभ अंग्रेजी को मिलता गया,विशेष रूप से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में यही हुआ। हिंदी को कठिन बताने के लिये प्रायः रेल के लिये लौहपथगामनी जैसे शब्दों के गिने चुने दुरुह उदाहरण लिये जाते है, पर यथार्थ है कि हिंदी ने सदा से दूसरी भाषाओं को आत्मसात किया है। अतः ऐसे कुछ शब्द नागरी लिपि में लिखते हुये हिंदी में यथावत अपनाये जा सकते है। हिंदी शब्द तकनीक के लिये यदि अंग्रेजी वर्णमाला का प्रयोग करे तो हम अंग्रेजी अनुवाद टेक्नीक के बहुत निकट है। संत के लिये सेंट, अंदर के लिये अंडर, नियर के लिये निकट जैसे ढेरों उदाहरण है। शब्दों की उत्पत्ति के विवाद में न पड़कर यह कहना उचित है कि हिंदी क्लिष्ट नही है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# ऊर्जा का असीम और अनंत विकल्प है अक्षय ऊर्जा



योगेश कुमार गोयल

पृथ्वी पर ऊर्जा के परम्परागत साधन बहुत सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं, ऐसे में खतरा मंडरा रहा है कि यदि ऊर्जा के इन पारम्परिक स्त्रोतों का इसी प्रकार दोहन किया जाता रहा तो इन परम्परागत स्त्रोतों के समाप्त होने पर गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी। यही कारण है कि पूरी दुनिया में गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जाने लगी और इसी कारण अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों से ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करने के प्रयास शुरू हुए। अक्षय का अर्थ है, जिसका कभी क्षय न हो अर्थात अक्षय ऊर्जा वास्तव में ऊर्जा का असीम और अनंत विकल्प है और आज यह किसी भी राष्ट्र के अक्षय विकास का प्रमुख स्तंभ भी है। पिछले कुछ वर्षों से पर्यावरणीय चिंताओं को देखते हुए ऐसी ऊर्जा तथा तकनीकें विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे ग्लोबल वार्मिंग की विकराल होती समस्या से दुनिया को कुछ राहत मिल सके। किसी भी राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए आज प्रदूषणरहित अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों का समुचित उपयोग किए जाने की आवश्यकता भी है। देश में अक्षय ऊर्जा के विकास और उपयोग को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ही वर्ष 2004 से हर साल 20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा दिवस भी मनाया जाता है। आज न केवल भारत में बल्कि समूची दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार इन गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ही एक ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगी लेकिन अक्षय ऊर्जा की राह में भी कई चुनौतियां मुंह बाये सामने खड़ी हैं, जिनसे निपटना होगा। वैसे, भारत में अक्षय ऊर्जा के विविध स्त्रोतों का अपार भंडार मौजूद हैं।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

जब आप जीवन के अनुभवों का प्रयोग अपने शिक्षक के रूप में करते हैं और उनसे इस संसार के सच्चे स्वरूप एवं उसमें अपनी भूमिका के बारे में सीखते हैं, तो वे अनुभव शाश्वत परिपूर्णता एवं प्रसन्नता के मूल्यवान मार्गदर्शक बन जाते हैं।

# विपत्ति के समय में शक्ति




श्री श्री परमहंस योगानंद

वे आपके बारे में बहुत सोचते हैं। आप परित्यक्त नहीं हैं। यह तो आप ही हैं जिसने अपने आत्मन (आत्मा) का परित्याग किया हुआ है। जब आप जीवन के अनुभवों का प्रयोग अपने शिक्षक के रूप में करते हैं और उनसे इस संसार के सच्चे स्वरूप एवं उसमें अपनी भूमिका के बारे में सीखते हैं, तो वे अनुभव शाश्वत परिपूर्णता एवं प्रसन्नता के मूल्यवान मार्गदर्शक बन जाते हैं। एक अर्थ में, दुःख आपका सबसे श्रेष्ठ मित्र है, क्योंकि यह आपको ईश्वर की खोज करना प्रारम्भ कराता है। जब आप संसार की अपूर्णताओं को स्पष्ट रूप से देखना प्रारम्भ कर देते हैं, तब आप ईश्वर की पूर्णता की खोज करना आरम्भ कर देंगे। सच्चाई यह है कि ईश्वर बुराई का प्रयोग हमें नष्ट करने के लिए नहीं कर रहे हैं, अपितु हमें वे अपने खिलौनों, इस संसार के खिलौनों के साथ मोहभंग करने के लिए कर रहे हैं, ताकि हम सम्भवतः उन्हें खोजें। विषाद जगन्माता के दुलार से बाहर फैलाए हुए स्नेहिल हाथ की छाया है। यह न भूलें। कभी-कभी जब माँ आपको दुलारने लगती है, तो आपको छूने से पहले उसके हाथ की एक छाया बनती है। अतः जब कष्ट आता है तो यह न सोचें कि वे आपको सजा दे रही हैं; उनका हाथ जब आपको अपने निकट लाने के लिए बढ़ता है तो उनके हाथ की छाया किसी आशीर्वाद के रूप में आप पर पड़ती है। दुःख उनके लिए अच्छा शिक्षक है जो इससे तत्परता एवं इच्छापूर्वक सीखना चाहते हैं। परन्तु जो उसका विरोध एवं इस पर नाराजगी व्यक्त करते हैं, उनके लिए यह पीड़ादायक बन जाता है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## कला-साहित्य

# अंग जनपद की प्रख्यात लोकगाथा बिहुला विषहरी और लोककला 'मंजूषा चित्रकला'



कुमार कृष्णान

बिहार की मिट्टी कला और साहित्य की दृष्टि से काफी उर्वर रही है। अनेक लोक कलाओं का जन्मदाता है बिहार। ऐसी ही एक कला है'मंजूषा चित्रकला',जो अंग जनपद की प्रख्यात लोकगाथा बिहुला-विषहरी पर आधारित है,जिसे लोग मंजूषा शिल्प भी कहते हैं। यह राज्य की प्राचीन लोक कलाओं में से एक है। विहुला विषहरी की लोकगाथा में वर्णित चंपानगरी आज भागलपुर नगर निगम के पश्चिमी किनारे पर स्थित चंपानगर है,यह प्राचीन में अंग जनपद का प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र था। द्वापरकालीन कर्णगढ़ (कुंतीपुत्र अंगनरेश कर्ण का जिला) जो वर्तमान भागलपुर के नाथनगर में पड़ता है। इसके भग्नावशेष के समीप ही 'बिहुला विषहरी की गाथा के प्रमुख पात्र चांदो सौदागर के लोहे के बांस के घर का अवशेष बताया जाता है। पश्चिम बंगाल, उड़ीसा असम आदि कई राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों में यह लोकगाथा और इससे जुड़ी विषहरी पूजन की परंपरा प्रचलित है। इस क्षेत्र के चर्चित छायाकार मनोज सिन्हा बताते हैं कि बिहुला के बहाने पांच नाग कन्याओं के अनन्य शिवभक्त चांदो सौदागर द्वारा अपनी पूजा प्रतिष्ठा चाही, जो वास्तव में आर्यों और अनार्यों के सांस्कृतिक संघर्ष और आखिरकार समन्वय की कहानी है। मंजूषा कला के मुख्य किरदार शिव, मनसा, बिहुला, वाला, चांदो सौदागर, नेतुला धोबिन इत्यादि हैं। काल क्रम में बिहुला की मंजूषा ने जो रूप ले लिया है वह है कागज, शोला, सनई एवं विभिन्न देशी रंगों से तैयार मंजूषा। इसकी बनावट मंदिरनुमा होती है जिसमें आठ पाए होते हैं और इसका गुबंद कौणिक होता है। मंजूषा आकर्षक बने, इसके लिए कागज और शोला से बने फूल चिपकाए जाते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## चिंतन-मनन

# अल्पसंख्यकों की सुरक्षा यानी देश का मान-सम्मान



तनवीर जाफरी

पड़ोसी देश बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना की आवामी लीग सरकार के पतन के बाद से बांग्लादेश में व्यापक हिंसा हुई । वहां नौकरियों में विवादित आरक्षण व्यवस्था पर हुये राष्ट्रव्यापी विरोध तथा अपनी सरकार के विरुद्ध हुए व्यापक हिंसक प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर 5 अगस्त को भारत आ गई थीं। इस हिंसा के दौरान बांग्लादेश में आवामी लीग से जुड़े अनेक नेताओं सहित स्थानीय अल्पसंख्यकों विशेषकर हिंदू समुदाय के लोगों व उनके घरों व व्यवसायिक ठिकानों पर भी अनेक हमले हुए हैं। बांग्लादेश नेशनल हिंदू ग्रैंड अलायंस नाम के एक गैर -राजनीतिक हिन्दू संगठन के दावों के अनुसार पांच अगस्त को शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से 48 जिलों में 278 स्थानों पर अल्पसंख्यक समुदाय को या तो हमलों अथवा धमकियों का सामना करना पड़ा है। निश्चित रूप से यह अत्यंत निंदनीय व गहन चिंता का विषय है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हुये हमले की गंभीरता को इस बात से भी समझा जा सकता है कि इसकी धमक संयुक्त राष्ट संघ में भी सुनाई दी है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से अपने सम्बोधन में कहा कि ह्यह्यबांग्लादेश में जो कुछ हुआ है उसको लेकर पड़ोसी देश के नाते हमें चिंता होना स्वाभाविक है। मैं आशा करता हूं कि वहां हालात जल्द सामान्य होंगे। 140 करोड़ देशवासियों की चिंता यह है कि वहां हिंदू, अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि ह्यह्यभारत हमेशा चाहता है कि हमारे पड़ोसी देश सुख और शांति के मार्ग पर चले। शांति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है, हमारे संस्कार हैं। आने वाले दिनों में बांग्लादेश की विकास यात्रा के लिए हमेशा हमारी शुभेच्छा रहेगी, क्योंकि हम मानव जाति की भलाई के बारे में सोचने वाले लोग हैं। प्रधानमंत्री मोदी की इस चिंता का ही परिणाम था कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रो मोहम्मद यूनुस ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की और बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व संरक्षण का आश्वासन दिया। प्रो मोहम्मद यूनुस हिन्दू समुदाय के साथ एकजुटता दिखाते हुए बांग्लादेश के सबसे प्रमुख हिंदू मंदिर ढाकेश्वरी मंदिर भी गए और हिंदू समुदाय के लोगों को पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन भी दिया।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मंत्री अशोक चौधरी को मिली जान से मारने की धमकी


## नक्सलियों ने पोस्टर चिपका कर दी चेतावनी

एजेंसी। पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी मंत्री को नक्सलियों ने जान से मारने की धमकी दी। नक्सलियों ने गया में पोस्टर चिपका कर बिहार के मंत्री को जान से मारने की धमकी दी। पोस्टर में बिहार के मंत्री अशोक चौधरी का नाम लिखा है। नक्सलियों ने क्रांतिकारी युवाओं से एकजुट होने का आह्वान किया है। युवाओं से पुलिस और सुरक्षा बलों की कार्रवाई का विरोध करने का आह्वान किया गया है।

मंत्री को दलित विरोधी बताया गया

गया के बांकेबाजार थाना क्षेत्र के चौंगाई में बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी के खिलाफ पोस्टर लगाया है। पोस्टर में साफ-साफ मंत्री को दलित विरोधी बताया गया है। पोस्टर में नक्सलियों ने लिखा है कि मंत्री अशोक चौधरी दलित होते हुए भी दलित महादलित आदिवासी एवं किसान विरोधी हैं। नक्सलियों ने क्रांतिकारी युवाओं से मंत्री अशोक चौधरी के खिलाफ एकजुट होने और जन आंदोलन करने का आह्वान करते हुए कहा है कि वह हमेशा नक्सलियों के खिलाफ गलत बयान बाजी करते हैं।



### विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की भी बात लिखी गई

नक्सलियों के पोस्टर में आगामी महीने में होने वाले विधानसभा के चुनाव का बहिष्कार करने की भी बात लिखी है। नक्सली पोस्टर में कहा गया है कि भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव का जनता बहिष्कार करें। वहीं, नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के पोस्टर में पुलिस, सुरक्षा बलों के द्वारा फर्जी मुकदमे में गरीब लोगों को फंसाने की बात लिखी है। पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल द्वारा गरीब जनता को फंसाया जा रहा है। पर्ची में अन्य तरह की बातें भी लिखी गई है। वर्तमान सरकार को दलित, महादलित, आदिवासी का विरोध करने वाला बताते हुए क्रांतिकारी आंदोलन करने की बात की गई है।

# गोद में बच्चे का शव लिये परिजनों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया

एजेंसी। नालंदा

बिहारशरीफ के सदर अस्पताल में एक बच्चे की मौत के बाद हाहाकार मच गया। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया, जिसके बाद ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने उनपर हमला कर दिया। गार्ड ने बच्चे का शव गोद में लिए परिजनों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, जिसमें एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आईं। घटना रहुई के बरांदी गांव की है, जहां गुड्डू यादव का 8 साल का बेटा गुलशन कुमार एक तालाब में डूब गया। परिजन उसे तुरंत रहुई अस्पताल ले गए, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।



### बच्चे की मौत पर हंगामा

बच्चे के पिता गुड्डू यादव ने आरोप लगाया कि सदर अस्पताल में आधे घंटे तक कोई डॉक्टर या कर्मचारी उनकी मदद के लिए नहीं आया। आखिरकार एक डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस पर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया और लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों का आरोप है कि हंगामा देखकर अस्पताल का गार्ड आग बबूला हो गया और उसने उन पर हमला कर दिया। गार्ड ने बच्चे का शव गोद में लिए परिजनों को भी नहीं बख्शा और लाठी से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में दिलखुश कुमार नाम के व्यक्ति की आंख में गंभीर चोट आई है।

### मामले की जाच में जुटा पुलिस-प्रशासन

हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने गार्ड के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बच्चे का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वृक्ष को बांधा रक्षा सूत्र, किया पौधरोपण

## रक्षाबंधन के दिन चार लोगों की दर्दनाक मौत

**ग्रेटर नोएडा।** इस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर भयानक सड़क हादसा केंटर और रोड किनारे खराब खड़े ट्रक की हुई जोरदार भिंड़त, हादसे में 04 लोगों की दर्दनाक मौत 2 दर्जन से ज्यादा लोग हुए घायल। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल कराया भर्ती मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा,हापुड़ से ईस्टर्न पेरिफेरल के जरिए हरियाणा जा रहे थे केंटर सवार लोग, मामले की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस,ग्रेटर नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे की घटना। जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे की घटना है। केंटर सवार लोग हापुड़ से ईस्टर्न पेरिफेरल के जरिए हरियाणा जा रहे थे।

# भूख हड़ताल पर बैठे एक हजार जवान

- खराब खाना देने के आरोपी कमांडेंट को हटाने की मांग
- जवानों का आरोप है कि उन्हें जहर मिला खाला परोसा गया
- उनके खाने में सल्फास मिलाया गया था। हालांकि फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है

एजेंसी । सुपौल

खराब खाना खाने के बाद सुपौल में बीमार हुए बीएसएपी के जवानों का मामला गंभीर होता जा रहा है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल के करीब एक हजार जवान सोमवार को भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। रविवार को नाश्ते में पूरी, जलेबी और चने की सब्जी खाने के बाद ढाई सौ से अधिक जवानों की तबीतय बिगड़ गई थी। अब इस मामले में आरोपित कमांडेंट को हटाने की मांग करते हुए के करीब एक हजार चिलचिलाती धूप में भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। भूख हड़ताल पर बैठे जवान बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल के कमांडेंट को हटाने की मांग पर अड़े हुए हैं। जवानों का कहना है कि ट्रेनिंग के दौरान उन्हें बेहत खराब क्वालिटी का खाना दिया जाता है।

अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। जवानों का आरोप हैं कि उन्हें जहर मिला खाला परोसा गया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई थी और उनकी जान जाते-जाते बची है। आरोप है कि उनके खाने में सल्फास मिलाया गया था। हालांकि फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रदर्शनकारी जवान अभी ट्रैनिंग में हैं। ट्रेनिंग पूरी होते ही डिपार्टमेंटल परीक्षा देने के बाद एसआई बनाए जाएंगे।

## केशव प्रसाद ने जमकर की मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की तारीफ

# मौर्य ने योगी को बताया नंबर 1 सीएम



एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य में देश का सबसे अच्छा मुख्यमंत्री है। मिर्ज़ापुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केशव मौर्य ने कहा कि पार्टी का डबल इंजन देश में सबसे अच्छा काम कर रहा है। केशव मौर्य ने आगे कहा कि भाजपा देश के साथ-साथ राज्य में भी सत्ता में है। लोग जानते और मानते हैं कि हमारी डबल इंजन सरकार देश में सबसे अच्छा काम कर रही है। इसके साथ ही केशव मौर्य ने पूछा कि क्या दुनिया में पीएम (नरेंद्र) मोदी जैसा कोई दूसरा नेता है, और क्या देश में योगी आदित्यनाथ जैसा कोई दूसरा सीएम है? मौर्य ने कार्यकतार्ओं से कहा, ''जब हमारे पीएम मोदी दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेता हैं और जब हमारे सीएम देश में सबसे अच्छे हैं, तो सबसे अच्छा काम हो रहा है।'' उपमुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकतार्ओं से जमीनी स्तर पर भाजपा को मजबूत करने का भी आग्रह किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के लिए मौर्य की प्रशंसा लोकसभा चुनाव में हार के बाद राज्य भाजपा इकाई के भीतर अंदरूनी कलह की खबरों के कुछ दिनों बाद आई है।

योगी आदित्यनाथ के साथ केशव मौर्य के 'कम मधुर रिश्ते' को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है। पिछले महीने ऐसी भी अटकलें थीं कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही राज्य में संगठनात्मक बदलाव के बारे में एक बड़ी घोषणा कर सकता है। मौर्य, एक प्रमुख ओबीसी नेता, संगठन को सरकार से ऊपर होने के बारे में बार-बार बयान देकर मुखर हो रहे थे। उन्होंने भाजपा कार्यकतार्ओं की एक बैठक में कहा था, ''पार्टी संगठन सरकार से बड़ा है और कोई भी संगठन से बड़ा नहीं है।'' उनके आउटरीच प्रयासों और सार्वजनिक बयानों की व्याख्या योगी आदित्यनाथ को निशाना बनाने के एक सूक्ष्म तरीके के रूप में की गई। उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से भी मुलाकात की थी, जिससे अटकलों को और हवा मिल गई थी।

# न्यूज बॉक्स

## फर्जीवाड़े के मास्टरमाइंड फरार हिस्ट्रीशीटर हरेंद्र मसीह की संपत्ति होगी कुर्क


**झांसी।** करोड़ों की जमीन पर कब्जा करने वाले हिस्ट्रीशीटर हरेंद्र मसीह और उसके गुर्गों की संपत्ति कुर्क की जाएगी। रविवार को नवाबाद पुलिस ने धारा 82 के तहत कार्रवाई करते हुए हरेंद्र मसीह के घर के बाहर नोटिस चस्पा कर दी। नियत समय तक हाजिर न होने पर उसकी संपत्ति कुर्क की जाएगी। फर्जीवाड़े के मसीहा के अन्य सहयोगियों की भी पुलिस जल्द खबर ले सकती है। झोकनबाग में क्रिश्चियन अस्पताल की करोड़ों रुपये की जमीन कब्जाने के आरोप में नवाबाद थाने में हिस्ट्रीशीटर हरेंद्र मसीह, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष बलवान यादव समेत सात के खिलाफ अमेरिकन संस्था इंटरनेशनल की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद से पुलिस उसे तलाशने में जुटी है। हरेंद्र के खिलाफ पहले से ही कोर्ट से वारंट जारी है लेकिन वह हाजिर नहीं हो रहा। उसे पकड़ने के लिए पुलिस ने कई बार दबिश दी लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा। कानपुर पुलिस भी उसे कई महीनों से तलाश रही है। लगातार पुलिस को चकमा दे रहे फजीर्बाड़े का मसीहा कहा जाने वाले हरेंद्र मसीह के खिलाफ अब पुलिस कुर्की की तैयारी में है। रविवार को पुलिस ने झोकनबाग स्थित उसके घर के बाहर धारा 82 की नोटिस चस्पा कर दी। उसे फरार घोषित कर दिया गया। इस मामले में हरेंद्र समेत कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष बलवान यादव, होटल कारोबारी सुरेंद्र विक्रम सिंह, नवल यादव, नरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र चौहान भी नामजद हैं। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र सिंह के मुताबिक आरोपी के हाजिर न होने पर आगे कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। सहयोगियों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी है।

## वाराणसी में हिंदू-मुस्लिम भाई-बहनों ने पेड़ों को राखी बांधकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**वाराणसी।** आज के नफरत भरे माहौल में, जहां विभाजन की राजनीति उभर रही है, वाराणसी से एक सकारात्मक पहल सामने आई है। रक्षाबंधन के मौके पर हिंदू और मुस्लिम समुदाय के भाई-बहनों ने एकजुट होकर पेड़-पौधों को राखी बांधी और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस पहल के माध्यम से इन समुदायों ने न केवल भाईचारे का संदेश दिया, बल्कि यह भी दिखाया कि पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर सभी धर्म एक साथ आ सकते हैं। मुस्लिम बहनों ने पेड़ों की आरती उतारी, चंदन लगाया, और राखी बांधकर यह प्रतीकात्मक संदेश दिया कि हमारी सांझी धरोहर, प्रकृति की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। शेख मोहम्मद आसिफ ने इस पहल को लेकर कहा, रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते का त्योहार है, लेकिन आज के समय में पर्यावरण संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। हमारे इस छोटे से कदम से हम दिखाना चाहते हैं कि धर्म और समुदाय की सीमाओं से ऊपर उठकर हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। इस अवसर पर हुस्ना बेगम ने कहा, "जैसे हम भाईयों को राखी बांधते हैं, वैसे ही हम पौधों को राखी बांध रहे हैं।

## प्रेम प्रसंग में मां-बेटी की हत्या, छह घंटे में मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**सहरसा।** सहरसा पुलिस ने एक दिल दहला देने वाली हत्या की घटना का खुलासा महज 6 घंटे में कर दिया है। सोमवार सुबह सहरसा के एक स्कूल में 40 वर्षीय रिंकू देवी और उनकी 12 वर्षीय बेटी नयना की चाकू से हत्या कर दी गई। इस हत्या का कारण प्रेम प्रसंग में हुई अविश्वास और विवाद बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, रिंकू देवी का एक अन्य व्यक्ति से प्रेम संबंध था, जो उनके प्रेमी के लिए असहनीय हो गया। प्रेमी कृष्णा कुमार, जो हाल ही में रिंकू के साथ एक रिश्ते में था, ने अपने चचेरे भाई राहुल के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। सहरसा के एसपी हिमांशु कुमार ने बताया कि इस घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम गठित की गई थी, जिसमें सदर एसडीपीओ और साइबर डीएसपी शामिल थे। डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम को भी घटना स्थल पर भेजा गया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और डॉग स्क्वायड के माध्यम से एक चाकू और खून लगा गमछा बरामद किया। मृतिका के मोबाइल से रात के समय एक अज्ञात नंबर पर व्हाट्सअप कॉल की गई थी, जिसका नंबर कृष्णा कुमार का था। तकनीकी आधार पर कृष्णा कुमार को संदिग्ध मानते हुए गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में कृष्णा कुमार ने खुलासा किया कि रिंकू देवी से उसके प्रेम संबंध थे, लेकिन हाल ही में उनके व्यवहार में बदलाव आया था और उनका किसी और से अफेयर हो गया था।

## अखिलेश यादव और केशव प्रसाद मौर्य के बीच चल रहे वाक युद्ध में कांग्रेस कूदी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बीच चल रहे वार-पलटवार के बीच अब कांग्रेस भी इसमें कूद गई है। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कोई 'उप' डबल हार के 'उपहार' के बाद भी डबल इंजन का प्रशंसा-प्रमाणपत्र बांट रहे हैं। अगर माननीय सही काम कर रहे होते तो दो 'उप मुख्यमंत्री' की क्या जरूरत पड़ती। इसका मतलब या तो वो सही काम नहीं कर रहे हैं या फिर बाकी दो बेकाम हैं, नाकाम हैं, और उनका काम दरबारी चारण की तरह करना बस स्तुतिगान है। अगर उप सच में उपयोगी होते, तो दिल्ली के मंडल में भी होने चाहिए थे, परंतु हैं नहीं। इसका जवाब देंगे 'उप' या रहेंगे 'चुप'? उधर सपा मुखिया और उपमुख्यमंत्री के बीच चल रहे वाक युद्ध में अब कांग्रेस भी कूद गई है। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी का कहना है कि यह पहली बार नहीं जब उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पिछड़ों के हितों और उनके अधिकारों से समझौता कर सरेंडर किया है। इससे पहले भी तमाम बार उनको अपमानित किया गया स्टूल पर बिठाया गया, न जाने क्या-क्या कहा गया ? लेकिन हर बार वह पिछड़ों के हक और अधिकारों को सरकार के सामने योगी आदित्यनाथ के सामने सरेंडर करते रहे, इससे भाजपा में पिछड़ों की हालत और हो रहे अपमान का पता चलता है।

## बिहार के मदरसों में तालीमुल इस्लाम नामक पुस्तक पढ़ाए जाने पर बिफरे प्रियंक कानूनगो

**पटना।** बिहार के मदरसों में 'तालिमुल इस्लाम' नामक पुस्तक में गैर-हिंदुओं को काफिर बताया गया है। यह पुस्तक बड़े पैमाने पर बिहार के मदरसों में बच्चों को पढ़ाई जा रही है। वहीं इन मदरसों में हिंदू बच्चों के भी दाखिला लेने की खबर प्रकाश में आई है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इसकी कड़ी आलोचना की है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा, तालिमुल इस्लाम किताब को लेकर खूब चर्चा हो रही है। अभी बिहार के मदरसों में बच्चों को बड़े पैमाने पर पढ़ाया जा रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

**वृष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मिथुन :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**सिंह :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**तुला :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें

**वृश्चिक :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग- जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**धनु :** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे।

**मकर :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**मीन :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

# राखी बांधने आई बच्ची ने पीएम मोदी से किया 'विकसित भारत' पर सवाल

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को स्कूल की छात्राओं के साथ पीएम आवास पर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। उन्होंने छात्राओं से राखी बंधवाई और उनसे संवाद भी किया। इस दौरान सभी काफी उत्साहित नजर आए। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक बच्ची पीएम मोदी की मां हीरा बेन की फोटो वाली राखी लाती है। राखी में 'एक पेड़ मां के नाम' का संदेश भी लिखा है। पीएम मोदी छात्रा की राखी देखकर तारीफ करते हैं और कहते हैं कि बहुत अच्छी राखी बनाई है तुमने। एक अन्य बच्ची पीएम मोदी को गले लगाने की बात कहती है। इसके बाद वह बच्ची को गले लगाते हैं और दुलार भी करते हैं। एक अन्य स्कूली छात्रा पीएम मोदी को छूने की बात कहती है, जिस पर वह कहते हैं कि आप मुझे छू सकती हैं। एक बच्ची पीएम मोदी को राम भजन सुनाती है, जबकि एक छात्रा उनसे ऑटोग्राफ मांगती है।



इस दौरान राखी बांधने आई एक छात्रा ने पीएम मोदी से 'विकसित भारत' को लेकर सवाल किया। उसने पूछा कि आपने हम सबको स्वतंत्रता दिवस पर 'विकसित भारत' का सपना दिखाया। इसमें हम कैसे योगदान दे सकते हैं? इस पर प्रधानमंत्री मोदी जवाब देते हैं कि स्वस्थ रहना चाहिए, फिर स्वच्छ रहना चाहिए ,तो समाज स्वस्थ रहता है। बहुत पढ़ना चाहिए और जो भी करें, किसी न किसी की भलाई के लिए करना चाहिए। एक बच्ची पीएम मोदी से उनके पसंदीदा कलर के बारे में पूछती है। जिस पर वह छात्रा से कहते हैं कि जो आज आपने पहना है, वही मेरा फेवरेट कलर है। राखी बंधवाने के बाद पीएम मोदी ने बच्चों को आशीर्वाद भी दिया। देशवासियों को राखी की बधाई दी। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद छात्रों ने अपने अनुभव भी शेयर किए। एक छात्रा ने बताया कि मैं पीएम मोदी से मिलने से पहले बहुत डर गई थी। लेकिन, जब उन्होंने मुझसे बात की तो इतना अच्छा लगा और मुझे वो नॉर्मल फ्रेंड जैसे लगे। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, ''समस्त देशवासियों को भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की ढेरों शुभकामनाएं।

## 52 दिनों से चल रही अमरनाथ यात्रा हुई संपन्न

**श्रीनगर।** पिछले 52 दिनों से चल रही अमरनाथ यात्रा आज संपन्न हो जाएगी। अब तक लगभग पांच लाख यात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। महंत स्वामी दीपेंद्र गिरि द्वारा ले जाई गई छड़ी मुबारक (भगवान शिव की चांदी से बनी गदा) ने सोमवार सुबह पंचतरणी से पवित्र गुफा तक अपनी यात्रा का अंतिम चरण शुरू किया। इस वर्ष यह यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 52 दिनों के बाद आज (सोमवार) समाप्त होगी। जम्मू से लेकर बालटाल और नून (पहलगाम) के दो बेस कैंपों तक यात्रा मार्ग पर पुलिस और सीएपीएफ की उपस्थिति, ट्रांजिट कैंपों में तैनात सुरक्षा के साथ स्थानीय लोगों के पूर्ण सहयोग से इस वर्ष यात्रा काफी सफल रही। भगवान शिव की स्तुति में 'बम बम भोले' और वैदिक मंत्रों का जाप करते साधुओं और भक्तों के साथ छड़ी मुबारक की अंतिम यात्रा अंतिम पड़ाव शिविर पंचतरणी से शुरू हुई, जो कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर की ओर है।

# डॉक्टर हत्याकांड : पीड़िता के घर फिर पहुंची सीबीआई, नए सुराग की तलाश में जुटी टीम



एजेंसी। कोलकाता

कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर की संदिग्ध मौत के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच तेज हो गई है। सोमवार को सीबीआई की टीम एक बार फिर से पीड़िता डॉक्टर के घर पहुंची। इससे पहले गुरुवार को भी सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम ने उनके घर का दौरा किया था, जिसमें सीबीआई के संयुक्त निदेशक भी शामिल थे। उस दौरान टीम ने मृत डॉक्टर की डायरी और किताबों की गहन जांच की थी।

सूत्रों के अनुसार, सोमवार सुबह सीबीआई की कई टीमें सिजीओ कॉम्प्लेक्स से निकलीं, जिनमें से एक टीम पीड़ित डॉक्टर के घर पहुंची, जबकि दूसरी टीम आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में जांच के लिए गई। इस मामले की जांच में सीबीआई ने विशेष टीम को दिल्ली से बुलाया है, जो इस मामले से जुड़े हर पहलू की गहराई से पड़ताल कर रही है। सीबीआई ने घटनास्थल का त्रिआयामी (3डी) लेजर मानचित्रण (मैपिंग) भी किया है और प्रतिदिन इस घटना से जुड़े संभावित व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। गुरुवार को सीबीआई की टीम ने पीड़ित डॉक्टर के माता-पिता के बयान दर्ज किए। पीड़िता के माता-पिता का दावा है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है और उन्होंने दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। सीबीआई अधिकारी इस मामले में माता-पिता की शंका और हत्या के पीछे साजिश के संबंध में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।

## दो वरिष्ठ चिकित्सकों को नोटिस के खिलाफ सड़कों पर उतरे सैकड़ो डॉक्टर लाल बाजार तक मार्च

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के मामले में सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दो वरिष्ठ चिकित्सकों को कोलकाता पुलिस की ओर से तलब किये जाने के खिलाफ सैकड़ो की संख्या में वरिष्ठ डॉक्टर सोमवार को सड़कों पर उतर गए। इन लोगों ने मेडिकल कॉलेज से लाल बाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय तक मार्च किया। पुलिस ने जिन दो वरिष्ठ डॉक्टरों, डॉ. कुनाल सरकार और डॉ. सुवर्णा गोस्वामी, को नोटिस दी है उन्होंने इस रैली का नेतृत्व किया और लाल बाजार में जाकर हाजिरी लगाई।

हालांकि, यह मार्च फेयर लेन-बीबी गांगुली स्ट्रीट क्रॉसिंग के पास पुलिस द्वारा रोक दिया गया, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों डॉक्टरों को पुलिस मुख्यालय तक पहुंचाया। पुलिस ने उन्हें सोशल मीडिया पर साझा की गई पोस्ट के संबंध में पेश होने का निर्देश दिया था।

## कोलकाता पुलिस के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे तृणमूल सांसद सुखेंदु शेखर रॉय

**कोलकाता ।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने सोमवार को कोलकाता पुलिस द्वारा भेजे गए एक नोटिस को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया। यह नोटिस उनके द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के संदर्भ में भेजा गया था, जिसमें उन्होंने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या के मामले पर सवाल उठाए थे। कोलकाता पुलिस ने रविवार को उन्हें नोटिस जारी किया था, जिसमें उनसे पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा गया था।

# मोहम्मद शमी की रणजी ट्रॉफी में वापसी




## इस साल फरवरी में मोहम्मद शमी के टखने की इंग्लैंड में सर्जरी हुई थी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टखने की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) के दौर से गुजर रहे सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के रणजी ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीम बंगाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने की संभावना है। वह इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की श्रृंखला में किसी 1 टेस्ट मैच में खेल सकते हैं। समझा जाता है कि शमी 11 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश और 18 अक्टूबर को बिहार के खिलाफ बंगाल के शुरुआती 2 रणजी मैचों में किसी एक मैच में खेल सकते है। इन दोनों मैचों के बीच सिर्फ 2 दिन का समय है ऐसे में इस बात की संभावना कम है कि वह दोनों मैचों का हिस्सा होंगे।न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला 19 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू होगी, उसके बाद पुणे (24 अक्टूबर) और मुंबई (एक नवंबर) में टेस्ट होंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे पर जाने से पहले शमी के इनमें से एक मैच खेलने की उम्मीद है। भारत के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक 34 साल के शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेले गये एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के बाद से टीम से बाहर है।

इस साल फरवरी में इंग्लैंड में उनके टखने की सर्जरी हुई थी जिसके बाद वह 6 महीने के लिए खेल से दूर हो गए थे। इंस्टाग्राम पर साझा कुछ वीडियो में शमी बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (NCA) में अपने आरटीपी रूटीन (खेल में वापसी) में छोटे रनआप के साथ कम गति वाली गेंदबाजी करते देखे गए हैं। ऐसी खबरें थीं कि वह दलीप ट्रॉफी के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। यह पता चला है कि दलीप ट्रॉफी के दौरान उनके फिट होने की कोई संभावना नहीं थी और चयनकर्ता जल्दबाजी कर कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं। भारतीय टीम प्रबंधन की प्राथमिकता देश के शीर्ष 3 तेज गेंदबाजों (जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज) को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 5 टेस्ट मैचों के लिए फिट रखना है। शमी ने अब तक 64 टेस्ट मैचों में 229 विकेट लिए है। उन्होंने इस दौरान छह बार पारी में 5 विकेट चटकाए है।

# बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले पाकिस्तान को झटका, आमिर जमाल चोटिल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से ठीक पहले पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज आमिर जमाल को फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है, जिससे इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए पाकिस्तान की लाइनअप पर असर पड़ सकता है।

जमाल, जिन्हें इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलते समय पीठ में चोट लगी थी, को शुरू में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में फिटनेस मंजूरी मिलने तक शामिल किया गया था। हालांकि, 28 वर्षीय खिलाड़ी अपनी पीठ की समस्या से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और उन्हें पुनर्वास के लिए लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी भेजा गया है। जमाल के जाने के साथ, बुधवार से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम अब सिर्फ 14 खिलाड़ियों की रह गई है। इससे पहले सप्ताहांत में स्पिनर अबरार अहमद और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कामरान गुलाम को भी टीम से बाहर कर दिया गया था। पाकिस्तान बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में पूरी तरह से तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगा, जिसका नेतृत्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और वापसी कर रहे नसीम शाह करेंगे। तेज गेंदबाजी लाइनअप में खुर्रम शहजाद और मीर हमजा भी शामिल होंगे। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने प्रभावशाली पदार्पण के बाद जमाल से अंतिम एकादश में जगह बनाने की उम्मीद थी। उनकी चोट अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के उनके अवसर में देरी करेगी।वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में छठे स्थान पर काबिज पाकिस्तान का लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज जीत हासिल करना है ताकि अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में पहुंचने की उनकी संभावना बढ़ सके।

**पाकिस्तान टीम:** शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उपकप्तान), अब्दुल्ला शफीक, बाबर आजम, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), शाहीन अफरीदी।

# रोहित शर्मा भले ही बल्लेबाजी गेंदबाजी भूल जाएं, लेकिन गेमप्लान नहीं भूलते : विक्रम

एजेंसी



**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व पुरुष बल्लेबाजी कोच विक्रम ने कप्तान रोहित शर्मा की नेतृत्व क्षमताओं की सराहना करते हुए कहा कि दाएं हाथ का बल्लेबाज अपना ऑन-फील्ड गेमप्लान कभी नहीं भूलता। भले ही उसे यह याद न हो कि उसने टॉस में पहले बल्लेबाजी चुनी थी या गेंदबाजी। विराट कोहली का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भारत के पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद से रोहित ने भारत को 2024 पुरुष टी20 विश्व कप और 2023 पुरुष एशिया कप जीतने के अलावा 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और वनडे विश्व कप में उपविजेता बनाया है।

राठौड़ ने 'फाइंड ए वे विद तरुवर कोहली' पॉडकास्ट के एक एपिसोड में कहा कि वह भूल सकता है कि उसने टॉस के समय बल्लेबाजी या गेंदबाजी करने का फैसला किया है या टीम बस में अपना फोन और आईपैड, लेकिन वह अपना गेमप्लान कभी नहीं भूलता। वह इसमें बहुत अच्छे हैं और बहुत चतुर रणनीतिज्ञ हैं। उन्होंने 29 जून को बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में रोहित के रणनीतिक फैसलों को भी याद किया, जहां उन्होंने जसप्रीत बुमराह के ओवरों को तेजी से पूरा किया, जिसका अंत में फायदा मिला। राठौड़ ने कहा कि वह एक कप्तान के रूप में सामरिक रूप से बहुत अच्छे हैं। टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में उन्होंने बुमराह का ओवर जल्दी खत्म कर दिया था। बहुत से लोगों ने उस फैसले पर सवाल उठाए होंगे लेकिन उस फैसले ने हमें उस स्थिति में डाल दिया, जहां आखिरी ओवर में 16 रन की जरूरत थी।

# टीम विस्मा के जोनास विंगेगार्ड ने टूर डी पोलोन जीता

**वारसॉ।** टीम विस्मा के डेनिश साइकिलिस्ट जोनास विंगेगार्ड ने रविवार को पोलैंड के क्राको में 81वें टूर डी पोलोन जीत ली है। विएलिक्ज़का से क्राको तक 142 किलोमीटर तक फैला अंतिम चरण पेलोटन फ़िनिश के साथ समाप्त हुआ, जिसमें डचमैन ओलाव कूइज (विस्मा-लीज़ ए बाइक) ने स्टेज जीत हासिल की। कूइज ने बेल्जियम के टिम मेर्लियर (सौडल क्विक-स्टेप) और गेरबेन थिजसेन (इंटरमार्चे-वांटी) को पछाड़कर टूर डी पोलोन में अपनी चौथी स्टेज जीत हासिल की, और प्रूडनिक में अपनी पिछली सफलता के बाद इस साल के संस्करण में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। अंतिम दिन विंगेगार्ड ने सा मान्य वर्गीकरण में इटली के डिएगो उलिसी पर 13 सेकंड की बढ़त हासिल की। रविवार की दौड़ बिना किसी बड़े आश्चर्य के हुई, क्योंकि चार साइकिल चालकों ने ब्रेकअवे की शुरुआत की, लेकिन फ़िनिश से तीन किलोमीटर पहले पेलोटन द्वारा उन्हें पीछे कर दिया गया।

# हरमनप्रीत कौर, सोफी एक्लेस्टोन, हीथर नाइट विदेशी ड्राफ्ट के पहले बैच में शामिल

एजेंसी



**मेलबर्न ।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और हीथर नाइट उन क्रिकेटरों में शामिल हैं जिन्हें आगामी महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के विदेशी ड्राफ्ट के लिए नामांकित खिलाड़ियों के पहले बैच में शामिल किया गया है। , 19 अगस्त (हि.स.)। लीग ने सोमवार को इस साल होने वाले विदेशी ड्राफ्ट के लिए पहले 10 पुरुष और महिला खिलाड़ियों की पुष्टि की। दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली वनडे और टी20ई गेंदबाज एक्लेस्टोन सबसे अधिक मांग वाले खिलाड़ियों में से एक होंगी, हालांकि वह अपनी फ्रेंचाइजी सिडनी सिक्सर्स द्वारा रिटेन की जा सकती हैं, लेकिन क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार, प्री-ड्राफ्ट साइनिंग के दौरान न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर की सेवाएं प्राप्त करने और एलिस पेरी, एलिसा हीली और एशले गार्डनर की ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी के होने से सिक्सर्स को पहले दौर के प्लेटिनम मूल्य पर एक्लेस्टोन को अपने वेतन स्लॉट में फिट करने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। शबनम इस्माइल (होबार्ट हरिकेंस), डैनी व्याट (पर्थ स्कॉर्चर्स), लॉरा वोल्वार्ड्ट (एडिलेड स्ट्राइकर्स), एलिस कैप्सी (मेलबर्न स्टार्स), हीथर नाइट (सिडनी थंडर), हरमनप्रीत कौर (मेलबर्न रेनेगेड्स) और सूजी बेट्स (सिडनी सिक्सर्स) भी उन टीमों द्वारा रिटेन किए जाने के पात्र हैं जिनके साथ उन्होंने अनुबंध किया है। ड्राफ्ट के लिए नामांकन अब बंद हो चुके हैं, 500 से अधिक पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने इसके लिए अपने नाम दिए हैं।

बारह क्रिकेट सुपरस्टार्स ने नए बहु-वर्षीय, प्री-ड्राफ्ट अनुबंधों के माध्यम से महिला बिग बैश लीग सीजन 10 और बिग बैश लीग सीजन 14 के लिए अपनी क्लब प्रतिबद्धताओं की पुष्टि पहले ही कर दी है। ड्राफ्ट के दौरान, जिन खिलाड़ियों ने खुद को ड्राफ्ट के लिए उपलब्ध कराया है, उन्हें क्लब द्वारा उनके चार विदेशी खिलाड़ी वेतन बैंड में से एक में चुना जा सकता है, जो निम्न हैः प्लैटिनम (राउंड 1 या 2), गोल्ड (राउंड 2 या 3), सिल्वर (राउंड 3 या 4) या ब्रॉन्ज़ (केवल राउंड 4)। टीमों के लिए पहले से साइन किए गए खिलाड़ियों के अलावा ड्राफ्ट के जरिए कम से कम दो खिलाड़ियों का चयन करना जरूरी है। महिला बीबीएल का 10वां संस्करण टी20 विश्व कप फाइनल के एक सप्ताह बाद शुरू होगा, जो 20 अक्टूबर को होगा, और इसका समापन ब्रिस्बेन में भारत के खिलाफ पहले वनडे से ठीक चार दिन पहले होगा, जो 5 दिसंबर को होगा।

आईटीएफ जे100 टेनिस टूर्नामेंट

# हितेश चौहान और अर्जुन पंडित बने उपविजेता





**मोहाली।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी (आरजीटीए) की डबल्स जोड़ी हितेश चौहान और अर्जुन पंडित ने हाल ही में मिस्र के डकाहलिया में खेले गए आईटीएफ जे100 टेनिस टूर्नामेंट में उपविजेता बने। यह इस जोड़ी का लगातार दूसरा उपविजेता के तौर पर फिनिश है, इससे पहले उन्होंने पिछले हफ्ते काहिरा में हुए आईटीएफ जे100 टूर्नामेंट में भी दूसरा स्थान प्राप्त किया था। चौथी वरीयता प्राप्त हितेश और अर्जुन को फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त रूसी जोड़ी दिमित्री बर्टसेव और इलिया माटलसेव से सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी ने मिस्र के करीम माब्रुक और आयद रेदा एज़्ज़त को टाई-ब्रेकर में 6-7, 6-4, 10-8 से हराया। क्वार्टरफाइनल में भी जोड़ी को टाई-ब्रेकर में संघर्ष करना पड़ा, जहां उन्होंने मोरक्को के अमीन जामजी और अली मिस्सौम को 6-4, 2-6, 10-2 से मात दी। दूसरे दौर में, उन्होंने यमन के हमूद ऐयाद और मिस्र के यासिन नसीम को सीधे सेटों में 6-4, 6-1 से हराया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# जीएसटी कंपोजिशन स्कीम में उच्च जोखिम वाले करदाताओं की पहचान करे वित्त मंत्रालय : सीएजी

एजेंसी



**नई दिल्ली ।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने वित्त मंत्रालय से जीएसटी संयोजन योजना में उच्च जोखिम वाले करदाताओं की समय-समय पर पहचान करने और कर चोरी रोकने के लिए तीसरे पक्ष सहित अन्य स्रोतों से उनकी बिक्री के घोषित मूल्य का सत्यापन करने को कहा है। सीएजी ने वित्त वर्ष 2019-20 से 2021-22 के बीच केंद्रीय क्षेत्राधिकार के तहत 8.66 लाख कंपोजिशन करदाताओं का विश्लेषण किया है। इसके आधार पर सीएजी ने पाया कि बड़ी संख्या में जीएसटी करदाताओं के कंपोजिशन लेवी स्कीम (सीएलएस) के लिए कारोबार सीमा पार करने का उच्च जोखिम है। इन उच्च जोखिम वाले करदाताओं की पहचान जीएसटी रिटर्न जैसे जीएसटीआर-4ए, जीएसटीआर-7 में निहित डेटा के साथ-साथ तीसरे पक्ष के डेटा स्रोतों जैसे आईटी रिटर्न, 'वाहन' डेटाबेस आदि से ऑडिट द्वारा की गई थी। जीएसटी कंपोजिशन स्कीम उन करदाताओं के लिए उपलब्ध है जिनका कुल कारोबार पिछले वित्त वर्ष में 1.5 करोड़ रुपये से अधिक नहीं रहा है। विशेष श्रेणी वाले राज्यों के करदाताओं के लिए यह सीमा 75 लाख रुपये है। सीएजी ने कहा कि सीएलएस करदाताओं के संबंध में दो प्रमुख जोखिम क्षेत्र- योजना में बने रहने के लिए करदाताओं द्वारा 'बाह्य आपूर्ति के मूल्य' की कम घोषणा करना तथा सीएलएस का लाभ उठाने के लिए पात्रता शर्तों को पूरा न करना हैं। लेखापरीक्षा (ऑडिट) में पाया गया कि कुछ सीएलएस करदाता ऐसे थे, जो अधिनियम और नियमों में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करने के बावजूद योजना में बने हुए थे, और बड़ी संख्या में सीएलएस करदाता रिटर्न दाखिल करने और रिवर्स चार्ज के तहत कर का भुगतान करने की अपनी अनिवार्य जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहे थे। हाल ही में संसद में पेश रिपोर्ट में सीएजी ने कहा, "मंत्रालय को जोखिम-आधारित दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए समय-समय पर सीएलएस में उच्च जोखिम वाले करदाताओं की पहचान करनी चाहिए तथा अयोग्य व्यक्तियों द्वारा दुरुपयोग की संभावना को कम करने के लिए तीसरे पक्ष सहित अन्य स्रोतों से उनकी घोषित बाहरी आपूर्ति के मूल्य का सत्यापन करना चाहिए।"

सीएजी ने यह भी सुझाव दिया कि वित्त मंत्रालय अयोग्य करदाताओं की पहचान करने की एक प्रणाली विकसित कर सकता है तथा योजना के इच्छित लाभों के दुरुपयोग को रोकने के लिए उन्हें सीएलएस से बाहर करने के लिए कार्रवाई कर सकता है।

# जल्द जारी होगी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना के तहत अगली किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे किसानों को जल्द ही खुशखबरी मिल सकती है। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना में अबतक 17 किस्तें भेजी जा चुकी हैं। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी (PM Modi) ने 10 जून को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालते ही किसान निधि की 17वीं किस्त को मंजूरी देने वाली फाइल पर साइन कर दिए थे।

**कब आएगी पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त?**

रिपोर्ट्स के अनुसार, अगले महीने




सितंबर नहीं तो अक्टूबर में 18वीं किस्त का पैसा किसानों के खाते में ट्रांसफर किया जा सकता है। कुछ अन्य रिपोर्ट की भी माने तो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त के पैसे नवंबर 2024 में भी जारी हो सकते हैं। हालांकि, पीएम किसान योजना की 18वीं किस्त किस दिन जारी होगी इसे लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

**क्या है पीएम किसान योजना**

पीएम किसान सम्मान निधि योजना केंद्र सरकार की योजना है, जिसकी फंडिंग पूरी तरह से केंद्र सरकार ही करती है। इस योजना का ऐलान साल 2019 के अंतरिम बजट में तत्कालीन वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने किया था। पीएम किसान योजना के तहत सरकार हर साल किसानों को 6 हजार रुपये की रकम सीधे उनके खाते में ट्रांसफर (DBT) करती है। बता दें कि 6,000 रुपये की इकट्ठा रकम किसानों को नहीं दी जाती है। इस योजना के तहत हर चार महीने में यानी साल में तीन बार 2-2 हजार रुपये ट्रांसफर किए जाते हैं।

# अशोक कुमार सिंह ने ईएसआईसी के महानिदेशक का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक का कार्यभार संभाल लिया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि अशोक कुमार सिंह ने ईएसआईसी के महानिदेशक का पदभार संभाल लिया है। वह केरल कैडर के 1999 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वे केरल सरकार के जल संसाधन विभाग में प्रधान सचिव के पद पर कार्यरत थे। उन्हें जिला और राज्य स्तरीय संगठनों के शासन और प्रबंधन का व्यापक अनुभव है। मंत्रालय के मुताबिक अशोक कुमार सिंह केंद्र स्तर पर वे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में कार्यकारी निदेशक, रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में निदेशक के पद पर भी कार्य कर चुके हैं।

# केंद्रीय वित्त मंत्री ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा की

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की समीक्षा बैठक की। निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पीएसबी प्रमुखों के साथ वित्त् मंत्रालय के सचिव और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। वित्तमंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की विभिन्न मापदंडों पर समीक्षा की गई।

# अब वाट्सएप पर आपको मेटा एआई का उपयोग करके कस्टम स्टिकर बनाने की सुविधा मिलेगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वाट्सएप यूजर्स स्टिकर का प्रयोग करना और उन्हें अपने दोस्तों के साथ शेयर करना पसंद करते हैं। अब, मैसेजिंग ऐप स्टिकर को मजेदार, इंटरैक्टिव और रचनात्मक बनाने के लिए और भी टूल ला रहा है। मेटा के स्वामित्व वाले प्लेटफ़ॉर्म ने कुछ दिलचस्प परिवर्धन की पुष्टि की है, जिसमें मैसेजिंग ऐप के भीतर मेटा AI चैटबॉट का उपयोग करके कस्टम स्टिकर बनाने की क्षमता शामिल है।



प्लेटफ़ॉर्म आपको नए स्टिकर खोजने में मदद करने के लिए लोकप्रिय GIPHY के साथ भी काम कर रहा है। वहीं, GIPHY स्टिकर अब WhatsApp में खोजे जा सकते हैं, जिससे मैसेजिंग ऐप में स्टिकर की एक विस्तृत सूची आ जाती है। आपको बस स्टिक आइकन पर टैप करना है और टेक्स्ट या इमोजी का उपयोग करके स्टिकर खोजना है। यह टैब इमोजी, GIF और GIPHY स्टिकर के बगल में ट्रे में उपलब्ध है।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उपायुक्त ने किया स्थल का निरीक्षण



**तीनों जिलों के मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के लाभुकों को पहली किस्त जारी करेंगे**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य के मुख्यमंत्री प्रमंडलस्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने बुधवार पलामू जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत चियांकी हवाई अड्डा पहुंचेगे। वे चियांकी से प्रमंडल के तीनों जिलों के मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के लाभुकों को पहली किस्त जारी करेंगे। इसी को लेकर सोमवार को चियांकी हवाई अड्डा का डीसी शशि रंजन समेत अन्य पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से चौकस है प्रशासनिक तैयारी पूरी की जा रही है। मजिस्ट्रेट व पुलिस बल को पर्याप्त संख्या में नियुक्त किया जा रहा है,ताकि किसी भी तरह का कोई दिक्कत नहीं हो सके।

## खुला मंच व लायंस क्लब ने दुष्कर्म के विरोध में कैंडल मार्च निकाला

**मेदिनीनगर।** कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और उसकी हत्या का खुला मंच एवं लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने पुरजोर विरोध किया है। इस जघन्य अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ कठोरतम दंड की मांग करते हुए क्लब के सदस्यों ने शहीद चौक से छह मुहान तक कैंडल मार्च किया और तख्तियां लहराई। मेदिनीनगर लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि किसी भी सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। हमारा समाज, हमारे संस्कार, हमारी संस्कृति महिला सम्मान की है; न कि इस प्रकार के कृत्यों की। पुलिस और राज्य सरकार को मामले के जल्द खुलासा करना चाहिए । मौके पर मौजूद क्लब से सदस्य और शहर केस्पाइन सर्जन डॉ. रविश कुमार ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि बलात्कार और महिला के खिलाफ किसी भी प्रकार के अपराध का पुरजोर विरोध हर ओर से किया जाना चाहिए, चाहे वह घटना कहीं भी हो रही हो । गुरवीर ने कहा कि ऐसे दरिंदों के लिए हमारे भारत में कोई जगह नहीं है न ही इसे बर्दाश्त किया जाएगा। परिमल प्रसून ने सरकार से आरोपियों को फांसी देने की मांग करते हुए कानून को उतना सख्त बनाने की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से डॉ. गौरव विशाल, डॉ. उदय कुमार सिंह, डॉ. अभय कुमार, राघवेंद्र सिंह, निलेश चंद्र ,ऋषिकेश दुबे, निखिल कुमार आनंद वर्धन,श्रीकांत कुमार एवं रणजीत मिश्रा सक्रिय रहे।

# दो दर्जन लोगों ने थामा बसपा का दामन



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** बहुजन समाज पार्टी कार्यालय में प्रखंड के दो दर्जन से अधिक झामुमो व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बहुजन समाज पार्टी का दामन थामा। सभी युवकों को बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रमोद राम, नीरज चौबे ने पार्टी का गमछा ओढ़ाकर सदस्यता ग्रहण करवाया। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रमोद राम ने कहा कि पिछले चुनाव में बहुजन समाज पार्टी दूसरे स्थान पर थी। इस बार कि चुनाव में बहुजन समाज पार्टी एक पर रहेगी। इस विधानसभा क्षेत्र के युवको रोजगार के लिए कोइ साधन नही है। वैसे लोगों को इस बारा जनता सबक सिखाने का मन ठान लिया है। भाजपा के अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष सह अरसली दक्षिणी पंचायत के बीडीसी शकील अहमद, विकेश विश्वकर्मा, रघुनाथ यादव, राजा राम, मुकेश कुमार, सच्चिदानंद यादव, राजा उरांव, सुनील चंद्रवंशी, सुनील यादव, जितेंद्र यादव झामुमो से राकेश पासवान, सुधीर राम, प्रमोद राम, रोहित कुमार, रामदास राम, इंद्रमल राम बुलाकी राम सहित कई लोगों ने बहुजन समाज पार्टी का दामन थामा है।इस मौके पर साकेत चौबे, दूदून दुबे, महफूज आलम, एनुअल खान, मुन्ना शर्मा सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### लड़कियों ने बिना हेलमेट बाइक चालकों को हेलमेट पहना बांधी राखी



**मेराल।** पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार व पुलिस निरीक्षक चिरंजीवी मंडल, जितेंद्र कुमार, थाना प्रभारी विष्णुकांत के हाथों 50 लोगों को निःशुल्क हेलमेट दिया गया। थाना के सामने एनएच 75 पर पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक पांडेय के निर्देश पर गढ़वा से नगर जाने वाले और नगर से गढ़वा की ओर आने वाले बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाने वाले चालकों को मोटरसाइकिल रोक कर लड़कियों ने हाथों में राखी बंधवाते हुए सुरक्षित जीवन के लिए हेलमेट उनके सिर पर पहनाया गया। उक्त सभी हेलमेट पर गढ़वा पुलिस का स्टीकर लगा है। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार, चिरंजीवी मंडल ने लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराया। उन्होंने हेलमेट देते हुए लोगों को बताया कि बगैर हेलमेट पहने मोटरसाइकिल को नहीं चलाएं। आए दिन सड़क दुर्घटना में बगैर हेलमेट वाले लोगों के सिर में चोट लगने के कारण प्रायः मौत हो जा रहा है। इससे वैसे व्यक्तियों का पूरा घर परिवार उजड़ जा रहा है। वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगायें। इससे वह स्वयं सुरक्षित रहते हुए अपने घर पहुंच सकेंगे। उन्होंने लोगों से कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करें। शराब पीकर किसी भी परिस्थिति में वाहन को नहीं चलाएं। मौके पर एसआई निरंजन पांडेय, प्रेम प्रकाश पांडेय, रवि कुमार, दीपक कुमार, एएसआई सर्वानंद महतो, रब्बुल अंसारी, उपेन्द्र सिंह, नीतीश कुमार, राजू कुमार दुबे सहित काफी संख्या में पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

### अतहर अली बने शान ए वतन के गढ़वा जिला अध्यक्ष

**गढ़वा।** उत्सव गार्डेन के मीटिंग हाल मेंअंजुमन शान ए वतन के बैनर तले जश्ने यौमे आजादी सह शान ए वतन का विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता शान ए वतन के सरपरस्त अल्हाज मास्टर इस्लाम कादरी साहब व संचालन अंजुमन शाने वतन के केन्द्रीय अध्यक्ष हाफीज तबीब आलम ने किया। कार्यक्रम में अंजुमन शाने वतन का विस्तार किया गया। केन्द्रीय कमेटी का संरक्षण हाजी निजामुद्दीन अंसारी को बनाया गया। केन्द्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल अंसारी, इरफान सिद्दीकी, केन्द्रीय सचिव जावेद अंसारी, मोजाहीद साहब, इम्तियाज खान को बनाया गया। केन्द्रीय मीडिया प्रभारी एनाम खान को बनाया गया है। इसी तरह केन्द्रीय प्रवक्ता कारी आशीकुरहमान, मौलाना अकबरुलकादरी, उप कोषाध्यक्ष में कल्याणपुर के हाफीज इरफान, मुख्य सलाहकार डाक्टर यासीन अंसारी मनोनीत किया गया है। कमेटी विस्तार समारोह में शान ए वतन के गढ़वा जिला कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में सर्वसम्मति से मेराल के अतहर अली अंसारी को जिला अध्यक्ष बनाया गया। जिला कमेटी में सचिव शाहीद अंसारी, लेयाकत अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष रमजान अंसारी, मीडिया प्रभारी मास्टर ऐनुल अंसारी, इम्तियाज अंसारी, अकीब अंसारी को मानोनीत किया गया है। जिला कमेटी में विशेष आमंत्रित सदस्य में फरीद खां, शरीफ अंसारी, झामुमो के अल्पसंख्यक विभाग के विधायक प्रतिनिधि मासूम खान, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाहक अंसारी, कल्याणपुर के सदर शमसुदीन अंसारी को बनाया गया है। गढ़वा प्रखंड कमेटी का मुख्य संरक्षक हाफिज जाकिर हुसैन,आजम अंसारी,गढ़वा जिला अध्यक्ष मकसूद अंसारी, प्रखंड सचिव गुलाम मुस्तफा अंसारी को बनाया गया है। मेराल प्रखंड कमेटी में मुख्य संरक्षक जफीर अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष जहुर अंसारी, प्रवक्ता अफरोज आलम, नेजामुद्दीन अंसारी को, कोषाध्यक्ष नेसार अंसारी, कार्यालय प्रभारी महमूद अंसारी, एजाजुल्लाह अंसारी को मनोनीत किया गया है। मौके पर डॉ. यासीन अंसारी जिला सदर मदनी खान मासूम खान, ओबैदुल्लाह फरीद खां, शरीफ अंसारी, शुजाउद्दीन, मुन्ना, याकूब एकबाल, अनवर खान, नेजामुद्दीन अंसारी, एकता अध्यक्ष फिरोज अंसारी, डॉ. एमएन सिद्दकी, अतहर अली, मास्टर मुजाहिद सहित वक्ताओं ने सम्बोधित कर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किया।

# संत मरियम आवासीय विद्यालय के भाइयों ने बहनों से बंधाया स्नेह का धागा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सोमवार को बड़े ही धूमधाम से रक्षा बंधन का त्योहार संत मरियम विद्यालय के बच्चों के साथ मनाया गया। आवासीय बच्चों ने प्रांगण में रक्षा बंधन का महफिल सजाया और हॉस्टल के लड़के हॉस्टल के लड़कियों से अपने कलाई में राखी बंधवा कर आपसी भाई बहन के प्रेम को जताया। मौके पर भाइयों ने कहा कि हम सभी संत मरियम विद्यालय के जीरो ग्राउंड से संकल्प लेते हैं बहनों के साथ हो रहे दुष्कर्म हत्या और शोषण के खिलाफ मरते दम तक मुकाबला करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश रक्षाबंधन के ऐतिहासिक धार्मिक सांस्कृतिक महता को बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी भाइयों को संकल्प लेना होगा कि जिस तरह से बहनें हमारे कलाइयों में रक्षाबंधन बांधकर सुरक्षित रखने के लिए भगवान से दुआ मांगती है उसी प्रकार हम सभी भाइयों का यह कर्तव्य होगा कि देश के हर बहन सुरक्षित रहे।इस मौके पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श,हॉस्टल सुप्रिंटेंडेट उत्कर्ष देव एवं विद्यालय परिवार मौजूद रहे।

## बरसात में सब्जी के दामों में उछाल

**मेदिनीनगर।** सब्जी बाजार में अभी कहें तो सब्जियों के दाम में काफी वृद्धि देखी जा रही है। वहीं 'सावन का मुर्गा' के नाम से बिकनेवाले खुखड़ी की दामों में कमी देखी जा रही है। इसका कारण लोग सावन माह का समाप्त होना बता रहे हैं। लोगों का मानना है कि सावन खत्म होते ही मांसाहार पंसद करने वाले लोग मीट-मछली खाने पर ध्यान देंगे,फिर 'सावन का मुर्गा' सावन के साथ ही दर किनार कर दिया जायेगा।

## महिला चिकित्सक की बलात्कार और निर्मम हत्या के विरोध में इंजीनियरिंग के छात्रों ने किया प्रदर्शन




**नीलांबर-पीतांबरपुर।** बीते दिनों कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी महिला चिकित्सक के साथ हुए बलात्कार के बाद निर्मम हत्या के विरोध में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के छात्रों ने हाथों में हाथों में तख्तियां लेकर मानव श्रृंखला बनाते हुए बलात्कार के बाद हुए हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों द्वारा डॉक्टर के हत्यारे को फांसी दो, वी वांट जस्टिस के जोरदार नारे भी लगाए गए। छात्रों में घटना को लेकर काफी रोष व्याप्त है। छात्रों ने बताया कि जिस तरह से बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में पीजी सेकेंड सेमेस्टर की छात्रा की रेप के बाद निर्मम हत्या की गई है। यहां पर बिना किसी पॉलिटिक्स के छात्रा को न्याय मिलने की जरूरत है। आज अगर हमलोग चुप रहेंगे तो कल को हमारे साथ भी या किसी के साथ भी यह घटना घटित हो सकती है। इसीलिए हम सबको मिलकर छात्रा को न्याय दिलाना है। बंगाल के हुकमरानों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई भी इस दरिंदे को बचाने की कोशिश करेगा तो उसे यह सोचना चाहिए कि आज यहां जो घटना हुई है कल किसी और के साथ भी घटित ना हो जाएं। डॉक्टर को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। मौके पर सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# आजादी के 78वें वर्ष में भी पहुंच पथ से दूर धवरवा दामर के लोग



**राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभ लेने के लिए इस क्षेत्र के लोगों को गर्मी बरसात और ठंडा के मौसम में सड़क के अभाव में घोर कठिनाई का सामना करना पड़ता है**

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** आजादी का 78वां वर्ष पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया गया। चारों तरफ देश भक्ति गीतों से लोग झूम रहे थे, वहीं रमना प्रखंड अन्तर्गत गम्हरिया पंचायत के एक क्षेत्र ऐसा है जो बरसात के मौसम में टापू बन जाता है। लोग पंचायत और प्रखंड पहुंचने के लिए सुंदर बांध और गुरही नाला को पार करना पड़ता है। इन दोनों बरसाती नाला पर पुल की व्यवस्था नहीं है। लोग मुश्किल से इस नाला को पार कर पंचायत और प्रखंड तक पहुंचते है। इतना ही नहीं दोनों तरफ से गम्हरिया पंचायत के धवरवा दामार टोला के लोग पहुंच पथ से कोसों दूर हैं। इस टोला के लोगों को 78 वर्ष पूर्व गुलामी से आजादी तो मिल गयी, लेकिन मौलिक अधिकारों से आज भी वंचित है। इस क्षेत्र के लोग आज भी सड़क,और स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभ लेने के लिए इस क्षेत्र के लोगों को गर्मी बरसात और ठंडा के मौसम में सड़क के अभाव में घोर कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से सबसे ज्यादा बुजुर्ग और स्कूली बच्चे प्रभावित होते है, जिन्हें सड़क के अभाव में घर से विद्यालय और स्वास्थ्य संबंधित समस्या होने पर कोई गाड़ी भी जल्द नहीं पहुंच पाता। इससे 40-50 घर के लोग आज भी मुख्य सड़क से पहुंच पथ के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# बाइक जोन के रूप में उभर रहा है रेड़मा का इलाका

- कई बाइक और कार के शो रूम हैं यहां
- जापानी खिलौनों जैसी सुंदर बाइक पूरी तरह छा गई हैं




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 70 के दशक तक मेदिनीनगर शहर में बाइक की संख्या काफी कम हुआ करती थी। आम लोग बाइक को फटफटवा के नाम से जाना करते थे। बाइक की संख्या में बढ़ोतरी हुई तो यहां की सड़क पर बुलेट,जावा,यज्दी ,राजदुत आदि बाइक दौड़ने लगी। हां, उस समय बजाज चेतक स्कूटर भी आया था। दूरदर्शन 'हमार बजाज' के नाम से विज्ञापन काफी लोकप्रिय था। इसके कई मॉडल थे। जिनमें चेतक, कब, सुपर,प्रिया आदि प्रमुख थे। बाइक जहां ठेकेदार और दंबग लोगों की पंसद थी। वहीं स्कूटर अफसर और नौकरी पेशा लोगों की पंसद मानी जाती थी। कुछ साल बाद में मोपेड का प्रचलन बढ़ा। शायद सबसे पहले काइनेटिक कपंनी की लूना मोपेड बाजार में आयी और वह कुछ ही दिनों में काफी लोकप्रिय हो गई। यह 1972 में लांच की गई थी। इसके नाम पर ही अन्य कंपनियों के मोपेड को भी लूना कहा जाने लगा। जिस प्रकार पहली बार वनस्पति घी का नाम 'डालडा' था उसी के नाम सभी वनस्पति घी को यहां के लोग अभी तक डालडा ही कहते हैं। मोपेड में हीरो मेजेस्टिक , डार्ट, हिटोडी आंदि कपंनिया बाजार में आई, लेकिन इन सबको टीवीएस मोपेड ने मात दे दिया। टीवीएस की यह मोपेड आज भी काफी लोकप्रिय है। बाइक में बुलेट काफी पंसद की जाती थी। पुलिस और दबंगों की पहली पसंद बुलेट ही थी। इसे चलाना पतले-दुबले लोगों के वश की नहीं थी। इसकी दमदार आवाज अन्य बाइक से इसे अलग करती थी। इसे शान की सवारी कहा जाता था। जमाना बदला विदेशी कंपनिया जब बाजार में आयी तो जापानी खिलौनों जैसी सुंदर बाइक पूरी तरह छा गई। हमारा शहर भी इससे अछूता नहीं रहा है। आज रेड़मा-बारालोटा का इलाका बाइक जोन के रूप में उभर रहा है। यहां लगभग सभी बाइक के शो रूम मौजूद हैं। रांची रोड रेड़मा में हीरो, होरिजोन होंडा, ओला ,केटीएम, याम्हा बुलेट,टीवीएस सहित कई चार पहिया वाहनों के भी शो रूम हैं। धनतेरस और शादी-विवाह के मौसम में इन शो रूमों से करोड़ों की बिक्री होती है। जो बुलेट और जावा बाइक धीरे-धीरे बाजार से लुप्त हो गई थी। उसने भी बाजार में फिर से आकर अपनी धाक बाजार में जमा दी है। बुलेट में अब सेल्फ स्टार्ट होने के कारण यह इसको चलाना सभी के लिए आसान हो गया है।

**स्कूटी ने बनाया लिया दिलों में स्थान :** यहां स्कूटी की चर्चा आवश्यक है। बिना गेयर की बाजार में आयी स्कूटी ने बाजार में अपनी जगह काफी बखूबी बना लिया है। इसे लेडिज और जेन्टस दोनों ही चलाते हैं। यह खासकर लड़कियों मे काफी भी लोकप्रिय है। आज कई कंपनियों ने अपनी स्कूटी बाजार में उतार दी है। कई कपंनिया इलकेट्रानिक बाइक व स्कूटी बना रही है।

## हमीदगंज निवासी बाबू भाई चंद्रवंशी की हार्ट अटैक से मौत

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज निवासी बाबू भाई चंद्रवंशी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि सोमवार की सुबह बाबू भाई मंदिर में पूजा करने गए थे। पूजा करके घर लौटने के क्रम में अचानक उनके सीने में दर्द हुआ। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। रांची पारस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान सोमवार की शाम उनकी मौत हो गई। उनकी मौत के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## एक सितंबर को होगा दौड़ प्रतियोगिता

**गढ़वा।** प्रखंड के महंत श्री रामचंद्र पूरी प्लस टू उच्च विद्यालय गरदाहा के खेल मैदान में एक सितंबर को दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह जानकारी आयोजन कमिटि के प्रमुख अख्तर व मोहित ने दी। मुख्य अतिथि रजनीश रंजन दुबे होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 24 मिनट में 5 किलोमीटर दौड़ पूरी करनी है। उसके लिए निबंधन शुल्क 100 रुपया रखा गया है।

## पेज एक का शेष

**माताओं-बहनों के...**

अबुआ आवास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, हरा राशन कार्ड योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, साइकिल वितरण योजना आदि ऐसी कई योजनाओं को आपके इस भाई और झारखंड सरकार द्वारा राज्य की आधी आबादी तथा अन्य लोगों के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, आपके मान, स्वाभिमान और सम्मान के लिए झारखंड सरकार द्वारा यह छोटा-सा प्रयास आने वाले समय में और वृहद रूप लेकर अनवरत चलता जाएगा। आज रक्षा बंधन के पावन अवसर पर पुनः सभी माताओं, बहनों और बेटियों को ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

**चंपाई सोरेन मंजे...**

उससे उन्होंने काफी अपमानित महसूस किया। चंपाई सोरेन ने पोस्ट में कहा है कि तीन जुलाई को पार्टी विधायकों की बैठक में उनसे इस्तीफा देने को कहा गया। उन्होंने कहा कि वह इस निर्देश से आहत थे। क्योंकि, उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंची थी। पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार, उन्होंने बैठक में घोषणा की थी कि आज से उनके जीवन का एक नया अध्याय शुरू होगा। भाजपा द्वारा विधायकों की खरीद-फरोख्त करने संबंधी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आरोपों पर मरांडी ने कहा कि इसका मतलब यह है कि वह (हेमंत) कह रहे हैं कि उनके विधायक ह्यबिकाऊह्ल हैं। यदि आप (हेमंत) सभी विधायकों को ह्यबिकाऊह्ल कहेंगे, तो कौन आपके साथ रहना चाहेगा।

**तमिलनाडु में फर्जी...**

पुलिस ने कहा कि लड़कियों को उस सभागार से बहला फुसला कर ले जाया गया, जहां वे रह रही थीं और उनका यौन शोषण किया गया। लड़कियों को सभागार की पहली मंजिल पर ठहराया गया था, जबकि लड़कों को ग्राउंड फ्लोर पर रखा गया था और बच्चों की निगरानी के लिए कोई शिक्षक सभागार में नहीं था। आरोपियों पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं। कृष्णागिरि जिला बाल कल्याण समिति के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विभाग ने स्कूल अधिकारियों और शिविर के आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या फर्जी एनसीसी शिविर के पीछे के समूह ने अन्य स्कूलों में भी इसी तरह के शिविर आयोजित किए थे।

# शिव मंदिर में भक्तों ने रुद्राभिषेक कर मांगा आशीर्वाद

नवीन मेल संवाददाता



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** सावन माह की अंतिम सोमवारी को प्रखंड क्षेत्र के पथरही शिव मंदिर में जय महाकाल कमिटी द्वारा भगवान शिव का रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिव मंदिर परिसर हर-हर महादेव की गूंज से भक्तिमय हो गया। घंटे बजे तो शंखनाद भी हुआ। शिव के जयकारों से श्रद्धा व भक्ति उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद मांगा। तड़के शुरू हुई पूजा-अर्चना का कार्यक्रम पंडित बच्चन पाठक एवं मुख्य यजमान अंजनी कांत दुबे के द्वारा संपन्न किया गया। इसके बाद शुरू हुआ पूजन का क्रम देर तक चलता रहा। भक्तों ने शिवलिंग पर धतूरा व बेल पत्र चढाया। साथ ही शिवलिंग पर 21किलो दूध से रुद्राभिषेक किया गया। पूरे दिन शिव पूजन को मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही। रुद्राभिषेक समाप्ति के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया । साथ ही भजन संध्या का कार्यक्रम कलाकार ब्यास अंकु राय, शशि श्रीवास्तव, श्याम सावरीया,अभय सिंह, धनंजय , चंदन , आदित्य के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गाना गाकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को लेकर कमिटी के अध्यक्ष प्रभात दुबे , सचिव विपुल दुबे, मिंटू दुबे, कुणाल दुबे, पंकज दुबे, कोषाध्यक्ष मंटू दुबे, जितेंद्र दुबे, व्यवस्थापन साकेत दुबे, अनिकेत दुबे,संतोष दुबे, ध्रुव कुमार दुबे ,विवेक दुबे आदि आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## शिव मंदिर निर्माण को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड के बांसों पिरोजी में सोमवार को शिव मंदिर निर्माण को लेकर ओम महाकाल संघ समिति के तत्वाधान में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ जयकारे से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा पिरोजी पहाड़ी स्थल से होते हुए कटैया बटाने नदी घाट से कलश में पवित्र जल भरकर पुनः मंदिर निर्माण स्थल के प्रांगण पहुंचा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से कटैया पंसस शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ शीलू सिंह, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, सरोज प्रसाद कुशवाहा, उदय सिंह, रामप्रसाद भुइयां, रौशन कुमार, सोनू कुमार, गुड्डु कुमार, आलोक, पंकज, राकेश, दिनेश, अक्षय, अमित, मोनू, अरुण, अजीत, सुरेंद्र, सुनील सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**हुसैनाबाद।** सावन की अंतिम सोमवारी को हुसैनाबाद के सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं व शिव भक्तों ने शिवालयों में जाकर भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक व जयकारे के साथ पूजा अर्चना की। इस पावन अवसर पर शहर के रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम, महावीर जी मंदिर, सिंचाई कॉलोनी स्थित शिव मंदिर,पुरानी ठाकुरबाड़ी, शिवशक्ति नगर में शिव मंदिर,प्रखंड के उपरिकला पंचायत के उपरिकला स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर, लंगरकोट के मुरली पहाड़ी स्थित महाकालेश्वर धाम व कुम्हार टोली शिव मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। साथ ही श्रद्धालुओं ने कई मंदिरों में रूद्राभिषेक भी किया । जपला महावीर मंदिर में श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान पुजारी गोपाल पाठक ने बताया कि सावन मास पवित्र माह होता है। आध्यात्मिक मायने में यह पवित्र माह बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसमें भगवान की साधना का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि इस मानव में भगवान शंकर की पूजा पाठ करना काफी फलदायी होता है। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



# भारत के 12% मसाले गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों में फेल

- हांगकांग में एमडीएच व एवरेस्ट ब्रांडों के कुछ मसालों की बिक्री पर प्रतिबंध
- भारत में 10.44 बिलियन डॉलर का मसाला बिका
- भारत विश्व का सबसे बड़ा मसाला निर्यातक देश

बीते वर्ष 4.46 बिलियन डॉलर के मसाला उत्पाद निर्यात हुए

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय मसालों की मई व जुलाई की शुरुआत के बीच परीक्षण किए गए। कुल 4,054 नमूनों में से 474 गुणवत्ता व सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरे। इसके बाद मसालों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की जांच की गई। परीक्षण किए गए मसालों के लगभग 12% नमूने गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को पूरा करने में विफल रहे। अप्रैल में हांगकांग द्वारा एमडीएच व एवरेस्ट ब्रांडों के कुछ मसालों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने मिक्स मसालों का परीक्षण किया।हांगकांग की कार्रवाई के बाद ब्रिटेन ने भारत से सभी मसालों के आयात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया, जबकि न्यूजीलैंड, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि वे ब्रांडों से संबंधित मुद्दों पर विचार कर रहे हैं। इस बारे में एमडीएच व एवरेस्ट ने अपने उत्पाद को सुरक्षित बताते हुए गोल मोल जवाब दिया है। कहा कि उनके मसाले भारत में सबसे लोकप्रिय हैं। मालूम हो कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसालों का निर्यातक, उत्पादक और उपभोक्ता है। भारत से यूरोप, एशिया व उत्तरी अमेरिका में भी मसाले निर्यात होते हैं। इस बीच जांच एजेंसी ने एक बयान में रॉयटर्स को बताया कि उसके द्वारा परीक्षण किए गए मसालों के ब्रांडों के पास कोई खराबी नहीं है, लेकिन इसमें शामिल कंपनियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। ज़िओन मार्केट रिसर्च के अनुसार 2022 में भारत के घरेलू मसाला बाजार का मूल्य 10.44 बिलियन डॉलर था। मार्च में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में मसालों और मसाला उत्पादों का निर्यात रिकॉर्ड 4.46 बिलियन डॉलर था।ऐसे में यदि मसालों में मिलावट होगी तो विश्व के बाजार में मसाला निर्यात पर बहुत खराब असर पड़ेगा। और इसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा।

## जूना अखाड़ा के प्रमुख स्वामी अद्वैतानंद गिरि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे

# न्यूयॉर्क के इंडिया डे परेड में 'राम मंदिर' की झांकी

### परेड मार्ग के कई स्थानों पर इजरायलियों ने राम मंदिर की झांकी का किया समर्थन

### एक मुस्लिम संगठन के नेतृत्व वाले समूह ने परेड को बाधित करने का किया प्रयास

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में रह रहे भारतीय प्रवासियों ने देश की स्वतंत्रता के सम्मान में 42वें इंडिया डे परेड में अपनी मातृभूमि की सांस्कृतिक समृद्धि और धार्मिक विविधता का धूमधाम से जश्न मनाया। अमेरिका में रविवार को हुई परेड में अयोध्या के राम मंदिर की एक झांकी शामिल की गई। इसके साथ ही इस परेड में मुस्लिम, ईसाई और सिखों की झांकियां भी शामिल थीं, जबकि भारतीय यहूदी और बौद्ध समूह के लोग भी इसमें शामिल हुए।

महिलाओं और पुरुषों ने महाराष्ट्र के पारंपरिक ढोल बजाते हुए राम मंदिर की झांकी का स्वागत किया। हजारों लोगों ने इस परेड में भाग लिया। लेकिन, एक मुस्लिम संगठन के नेतृत्व वाले एक समूह ने इस परेड को बाधित करने का प्रयास किया, जिसे असफल कर दिया गया। भारतीय अमेरिकी मुस्लिम काउंसिल ने अन्य समूहों के साथ मिलकर एक अभियान चलाया, जिसमें कहा गया कि वे राम मंदिर के चित्र के खिलाफ सिखों, ईसाइयों और हिंदुओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने इसे मुस्लिम घृणा वाली कट्टर कार्रवाई बताया और सार्वजनिक अधिकारियों से इस पर प्रतिबंध लगाने की अपील की। राम मंदिर की झांकी के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों में बांग्लादेशी अमेरिकी सिटी काउंसिल की सदस्य शाहना हनीफ भी शामिल थीं। संन्यासियों के सबसे पुराने और सबसे बड़े संगठन जूना अखाड़ा के प्रमुख स्वामी अद्वैतानंद गिरि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे।

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और अभिनेता जहीर इकबाल भी इस परेड का हिस्सा रहे। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने परेड में मार्च करने के लिए अधिकारियों और उनके बैंड की एक टुकड़ी भेजी। पुलिस विभाग ने अपने स्वयं के बैनर के साथ मार्च किया। भारतीय तिरंगा थामे एक समूह के दोनों ओर दो घुड़सवार पुलिस बल थे। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे हमले को लेकर भी एक झांकी रखी गई। इसकी थीम थी 'बांग्लादेश में हिंदू नरसंहार को रोकें। इजरायली झंडा लिए एक व्यक्ति झांकी के नरसंहार विरोधी बैनर को थामे समूह में शामिल हो गया। परेड मार्ग के कई स्थानों पर यहूदी और इजरायलियों ने राम मंदिर की झांकी का समर्थन किया। भारत के यहूदियों का प्रतिनिधित्व करने वाला इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ बेने इजरायल मार्च करने वालों के समूहों में से एक था। इसमें गुरु तेग बहादुर को समर्पित एक झांकी थी। एक अन्य झांकी में भारत के संविधान निमार्ता बीआर अंबेडकर को दिखाया गया। लोगों ने जातिवाद को खत्म करने वाले उनके विचारों के पर्चे बांटे।



### पंकज त्रिपाठी 'इंडिया डे परेड' में विशिष्ट अतिथि के तौर पर हुए शामिल

**मुंबई।** इस वर्ष पंकज त्रिपाठी न्यूयॉर्क में इंडिया डे परेड में 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के तौर पर शामिल हुए। यह कार्यक्रम न्यूयॉर्क के मैडिसन एवेन्यू में आयोजित किया गया था और इसका आयोजन फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (एफआईए) द्वारा किया गया था। इंडिया डे परेड एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमें हर साल हजारों लोग झांकियों, पारंपरिक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों के साथ जश्न मनाने के लिए शामिल होते हैं।विशिष्ट अतिथि के रूप में चुने जाने पर आभार व्यक्त करते हुए पंकज त्रिपाठी ने कहा, मैं ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम का हिस्सा बनकर बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जो भारत की स्वतंत्रता और दुनिया भर में भारतीयों के बीच एकता की भावना का जश्न मनाता है। उन्होंने आगे कहा, न्यूयॉर्क में भारत दिवस परेड भारतीय समुदाय की ताकत और जीवंतता का प्रमाण है। यह पहली बार होगा, जब मैं किसी विदेशी धरती पर भारत का स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा हूं। मैं इस खास दिन को सभी के साथ मनाने के लिए उत्सुक हूं।

## चीन ने फिलीपींस को संप्रभुता उल्लंघन पर चेताया

एजेंसी

**बीजिंग।** चीनी तटरक्षक बल ने फिलीपींस को कड़ी चेतावनी जारी की है, जिसमें उससे दक्षिण चीन सागर में चीनी संप्रभुता का उल्लंघन करने वाली कार्रवाइयों को बंद करने का आग्रह किया गया है। यह तब हुआ जब फिलीपींस के तटरक्षक जहाज, नंबर-4410 ने चीनी अधिकारियों की बार-बार चेतावनी के बावजूद सोमवार को रनआईचाओ के पास के पानी में प्रवेश करने का प्रयास किया। चीनी तटरक्षक बल के प्रवक्ता के अनुसार, यह घटना तब हुई जब फिलीपींस का जहाज नानशा द्वीप समूह में श्येनपिनचाओ के पास के पानी में प्रवेश करने में विफल रहा। चीनी तटरक्षक बल ने कानून के अनुसार फिलीपींस के जहाज के खिलाफ नियंत्रण कार्रवाई करके जवाब दिया गया। प्रवक्ता ने फिलीपींस की कार्रवाइयों की निंदा करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल चीन की संप्रभुता का उल्लंघन किया है, बल्कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को भी खतरे में डाला है।

## म्यांमार में 29,500 किलोग्राम ड्रग्स जब्त

एजेंसी

**यांगून।** सेंट्रल कमेटी फॉर ड्रग एब्यूज कंट्रोल (सीसीडीएसी) के एक बयान में सोमवार को कहा गया कि म्यांमार के अधिकारियों ने पूर्वी शान राज्य में 29,500 किलोग्राम केमिकल अमोनियम नाइट्रेट जब्त किया है। सीसीडीएसी के हवाले से बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए मादक द्रव्य विरोधी पुलिस ने 17 अगस्त को शान राज्य के लोइलेम शहर में एक वाहन की तलाशी ली और 29,500 किलोग्राम ड्रग्स जब्त किए। जब्त किए गए ड्रग्स की कीमत 590 मिलियन क्याट (लगभग 280,000 डॉलर) थी और एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया। संदिग्ध पर दक्षिण पूर्व एशियाई देश के नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ कानून के तहत मादक पदार्थों की तस्करी का आरोप लगाया गया और आगे की जांच चल रही है।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस एक 3 साल से 4 साल का अंडरग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम है जो पूरी तरह से छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए है जिसके जरिए वे वैश्विक कंपनियों के साथ काम कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ग्लोबल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की सभी बारीकियों, दुनिया भर में उत्पादों को खरीदने, मार्केटिंग करने के साथ-साथ सेलिंग की मूल अवधारणाओं से अवगत कराना है। यह स्पष्ट रूप से इंटरनेशनल बिजनेस कार्यक्रमों के कॉन्सेप्ट्स और सांस्कृतिक विविधता के साथ व्यापार के अंतर्संबंध पर केंद्रित है।

# बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस में बना सकते है अपना करियर

- इंटरनेशनल बिजनेस में वे सभी व्यावसायिक गतिविधियाँ शामिल हैं, जो राष्ट्रीय भौगोलिक सीमाओं के पार माल, सेवाओं, संसाधनों, विचारों और टेक्नोलॉजी के ट्रांसफर को बढ़ावा देने के लिए होती हैं।
- इस कोर्स में छात्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विभिन्न पहलुओं जैसे ग्लोबल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, इंटरनेशनल बिजनेस प्रोग्राम, खरीदने और बेचने की अवधारणा आदि के बारे में जानेंगे।
- छात्रों को व्यापार और व्यवसाय दोनों का सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा।
- बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस में शामिल अध्ययन के मुख्य विषय इंटरनेशनल मार्केटिंग, क्रॉस कल्चरल मुद्दों का प्रबंधन, ग्लोबल सप्लाई चेन मैनेजमेंट आदि हैं।



## बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस का अध्ययन क्यों करें...

*हालांकि इस कोर्स को करने के लिए कई उम्मीदवारों की अलग-अलग महत्वाकांक्षाएं होती हैं, लेकिन कुछ लोकप्रिय कारण हैं कि कई लोग इस कोर्स को चुनते हैं-*

**अवसर:** ग्रेजुएट होने के बाद उम्मीदवारों के पास आमतौर पर उच्च-भुगतान वाली नौकरियों के अवसर हैं।

**करियर के अवसर:** बढ़ती वैश्वीकरण दर के कारण, उम्मीदवारों के लिए मैनेजमेंट से लेकर सरकारी संगठनों सहित कई क्षेत्रों में नौकरी के उच्च अवसर हैं।

**अच्छा वेतन:** इन नौकरियों की जटिलता और आवश्यक कौशल के कारण ग्रेजुएट्स कई भारी वेतन पैकेज प्राप्त करते हैं।

**रिसर्च संभावनाएं:** उम्मीदवार इंटरनेशनल बिजनेस के रिसर्च जारी रखते हुए अकादमिक क्षेत्र में अपना करियर भी बना सकते हैं।

## बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस के लिए भारत के टॉप विश्वविद्यालय

*जो छात्र भारत में इस कोर्स को करने के इच्छुक हैं, उनके लिए यहां टॉप कॉलेज दिए गए हैं*

- एलायंस यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- एलपीयू, जालंधर
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- जेएसएस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, मैसूर
- बीवीडीयू, पुणे
- मैनेजमेंट स्कूल, डॉ डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, नवी मुंबई
- डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, मुंबई
- अजिंक्य डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, पुणे
- मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, फरीदाबाद
- पारुल विश्वविद्यालय, वडोदरा
- जीडी गोयनका विश्वविद्यालय, गुड़गांव
- निम्स विश्वविद्यालय, जयपुर

## बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस के बाद करियर और वेतन

*बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में एक बहु-विषयक कोर्स होने के नाते, बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस आकर्षक करियर के अवसर प्रदान कर रहा है। आइए समझते हैं कि यदि आपके पास बीबीए इंटरनेशनल व्यवसाय है तो आप कौन से अत्याधुनिक जॉब प्रोफाइल का लाभ उठा सकते हैं-*

- इंटरनेशनल ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर
- इंटरनेशनल ट्रेनिंग मैनेजर
- इंटरनेशनल ऑपरेशन मैनेजर
- ग्लोबल डिस्ट्रिब्यूशन मैनेजर
- अकाउंटेंट एक्सक्यूटिव
- असिस्टेंट इंटरनेशनल मार्केटिंग मैनेजर
- इंटरनेशनल बिजनेस मैनेजर
- इंटरनेशनल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव
- इंपोर्ट/एक्सपोर्ट एजेंट
- इंटरनेशनल बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर।
- इंटरनेशनल फाइनेंस मैनेजर
- इंटरनेशनल लॉजिस्टिक मैनेजर
- इंटरनेशनल बिजनेस एडवाइजर

## टॉप एम्प्लॉयमेंट सेक्टर

- रसद कंपनियां
- निर्यात घर
- कस्टम क्लियरिंग हाउस
- व्यापारी
- विशेष आर्थिक क्षेत्र
- राज्य व्यापार निगम
- परिवहन निगम
- नौवहन कंपनियाँ
- आईटी कंपनियां

## एंट्रेंस एग्जाम

- यूजीएटी
- एनपीएटी
- एयूएमएटी
- आईएमएटी
- एफईएफटी

